केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- नक्सलियों के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे - 12

भेदिया कारोबार नियमों के अनुपालन के लिए बैंकों का आंतरिक नियंत्रण जरूरी: पांडेय- 12

भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश, खुद कर रहा जीरो टैरिफ की मांग - 13

टेस्ट क्रिकेट में किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति मिलनी चाहिए : कुक- 14

आज का मौसम

33.0⁰ अधिकतम तापमान

25.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.42

सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

अयोध्या

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी 04:08 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 4 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 23, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

ब्रीफ न्यूज

कविता ने पार्टी और एमएलसी पद छोड़ा

हैदराबाद। तेलंगाना में एक नाटकीय राजनीतिक घटनाक्रम में बुधवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता ने पार्टी और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सुश्री कविता ने यहां तेलंगाना जागृति कार्यालय में कहा कि उन्होंने बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव द्वारा पार्टी से निलंबन के बाद अपने आत्मसम्मान की रक्षा और अपनी ईमानदारी साबित करने के लिए यह फैसला लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर दो 'गिरोह' उनके खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं और इसमें वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सिंचाई मंत्री टी हरीश राव तथा पूर्व सांसद संतोष राव का हाथ है, जो बीआरएस पर नियंत्रण करने की साजिश रच रहे हैं।

केरल में देश का पहला वरिष्ठ नागरिक आयोग

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार ने बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा और उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों के समाधान के लिए देश का पहला वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है। राज्य की उच्च शिक्षा एवं सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु ने बुधवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि के. सोमप्रसाद को तिरुवनंतपुरम स्थित केरल राज्य वरिष्ठ नागरिक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अमरविला रामकृष्णन, ई एम राधा, के एन के नंबूथिरी और लोप्स मैथ्यू को आयोग का सदस्य बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आयोग बुजुर्गों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों, उपेक्षा, शोषण आदि के बारे में बढ़ती चिंताओं का समाधान करेगा।

वैष्णोदेवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन

जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर बुधवार को भूस्खलन हुआ जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भारी वर्षा और भूस्खलन के खतरे के मद्देनजर एहतियाती उपाय के तौर पर अधिकारियों के आवास भी खाली करा दिए गए हैं। भूस्खलन मार्ग के सम्मार पॉइंट पर हुआ, जिससे मंदिर जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, क्योंकि वहां कोई तीर्थयात्री नहीं था। मलबा हटाने के प्रयास जारी हैं। बुधवार को नौवें दिन भी तीर्थयात्रा स्थगित रही।

पॉलिटेक्निक: 7वें चरण की काउंसिलिंग आज से

लखनऊ। पॉलिटेक्निक-2025 के अभ्यर्थियों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद सातवें चरण की विशेष काउन्सिलिंग आयोजित करने की जा रही है। यह अवसर उन अभ्यर्थियों को दिया जा रहा है जो 27 जून से 2 सितम्बर तक आयोजित मुख्य एवं विशेष काउन्सिलिंग में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। अथवा जिन्हें पूर्व के छह चरणों में सीट आवंटित नहीं हो सकी थी।

इसके अतिरिक्त, छठवें चरण की विशेष काउन्सिलिंग में निर्धारित तिथियों पर अभिलेख सत्यापन न करा पाने वाले अभ्यर्थी भी इस चरण में सम्मिलित हो सकेंगे। सातवें चरण की विशेष काउन्सिलिंग का कार्यक्रम 4 सितम्बर से 14 सितम्बर तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में अभ्यर्थी रिक्त सीटों व अल्पसंख्यक संस्थानों में विशेष कोटा सीटों हेतु ऑनलाइन विकल्प भर सकेंगे। सीट आवंटन की प्रक्रिया 9 सितम्बर को पूरी की जाएगी।

विजन डॉक्यूमेंट : हर परिवार से फीडबैक लेगी राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सार्वजनिक स्थल, स्कूल-कॉलेजों में लगेंगे क्यूआर कोड
- लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी ने जारी किया क्यूआर कोड

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047' अभियान के तहत अब आम नागरिक सीधे अपनी राय सरकार तक पहुंचा सकेंगे। उपयोगी और सार्थक सुझावों का विषय विशेषज्ञ और नीति आयोग द्वारा चयन किया जाएगा।

चयनित सुझावों को जिलों और प्रदेश स्तर पर सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जनता के सुझावों को नीति निर्माण में शामिल कर वास्तविक विकास को सुनिश्चित करना है। एक माह तक चलने वाले इस महाभियान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन में विशेष क्यूआर कोड और ऑनलाइन समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल का उद्घाटन किया। इनके जरिए सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने जनता से बढ़ चढ़कर अपने सुझाव देने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुझाव देने की प्रक्रिया को आसान और सुलभ बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। नागरिक इन क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने सुझाव सीधे पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रबुद्धजन शामिल हुए, जिन्होंने अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल प्रशासनिक प्रयास नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी से प्रदेश को समृद्ध और विकसित बनाने का एक बड़ा कदम है।

12 सेक्टर विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा

समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल (https://samarthuttarpradesh.up.gov.in) पर प्रदेशवासी अपने सुझाव दे सकते हैं। जो 12 प्रमुख सेक्टरों- कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी-टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर व ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन- पर केंद्रित विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। विजन डॉक्यूमेंट अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति थीम पर आधारित है।

योगी ने साझा की अभियान की रूपरेखा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभियान का पहला चरण प्रबुद्धजनों के साथ अकादमिक संस्थानों में गोष्ठियों से शुरू होगा। इसके बाद इसमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक व केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। हर ग्राम पंचायत और नगर निकाय के वार्ड में संकल्प लिया जाएगा। सुझाव क्यूआर कोड के माध्यम से लिए जाएंगे, जो शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग पर आधारित होंगे।

डीप टेक का प्रमुख केंद्र बनेगा यूपी

समन्वय से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

- योगी बोले-डीप टेक भारत 2025 के लिए उठाएंगे ठोस कदम
- आईआईटी कानपुर बनेगा इनोवेशन और नवाचार का अगुवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : आईआईटी कानपुर में बुधवार को समन्वय से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को 'भारत डीप टेक 2025' का केंद्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। प्रदेश को डीपटेक के क्षेत्र में अगुवा बनाने का संकल्प जताते हुए डीप टेक पर एक प्रभावशाली समिट आयोजित करने पर जोर दिया जिससे रिसर्च और नवाचार को नई दिशा मिल सके। कहा कि आईआईटी कानपुर में डीप टेक इनोवेशन का केंद्र बनना चाहिए।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तकनीक पर संस्थानों को अधिक जोर देने की बात कही। कहा कि आईआईटी कानपुर को डीप टेक इनोवेशन का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और युवाओं को वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने पर जोर दिया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में तकनीकी क्रांति का अग्रदूत बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग भारत का पहला 'डीप टेक भारत 2025' बनने की ओर आगे बढ़ें, इसके लिए एक अच्छा शिखर सम्मेलन (समिट) होना चाहिए, जहां डीप टेक भारत को लेकर ठोस कार्य किया जा सके। आईआईटी कानपुर को इसका केंद्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से भूमि भी आवंटित की गई है। मैं चाहूंगा कि आईआईटी कानपुर इसका नेतृत्व करे, ताकि यह पूरे देश को आज की चुनौतियों की दिशा में नई लीडरशिप देने में सक्षम हो। आईआईटी कानपुर में यह क्षमता है। इसके लिए डीआरडीओ, इसरो और अन्य संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शोध पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। उद्योग जगत से जुड़े लोगों को तत्काल मुनाफा हासिल करने पर अब सोचना चाहिए। अब समय आ गया है कि जब उद्योग जगत तुरंत मुनाफा कमाने की बजाय शोध पर विशेष ध्यान दे। इससे आत्मनिर्भर भारत की योजना को बल मिलेगा।



मुख्यमंत्री को हस्त शिल्प उत्पाद भेंट करते आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणिंद्र अग्रवाल। साथ में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान व अन्य गणमान्य।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सभी क्षेत्र के लिए जरूरी

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणिंद्र अग्रवाल ने कहा कि इस समन्वय कार्यक्रम का मकसद है कि उद्योगों और अकादमी के बीच समन्वय स्थापित हो सके। इससे प्रदेश के उद्यमी जान सकेंगे कि आईआईटी में रिसर्च पर क्या हो रहा है। उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम किया जा सकेगा। टीसीएस के चीफ टेक्निकल अफसर डॉ. हैरिक विन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सभी क्षेत्र में बहुत जरूरी हो गया है। इस तकनीक से नौकरियां जाएंगी नहीं अपितु शिफ्ट होंगी। कर्मचारियों के काम करने का तरीका बदल जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे।

द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाएंगे भारत-जर्मनी : जयशंकर

विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत सहयोग को दोनों देशों में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते को जर्मनी ने दिया समर्थन

दुनिया में आर्थिक अस्थिरता तथा राजनीतिक अनिश्चितता की चुनौती के बीच भारत और जर्मनी ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ बनाने, द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने और हिन्द प्रशांत क्षेत्र सहित विश्व में नियम आधारित व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है। जर्मनी ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते का भी पुरजोर समर्थन करने के साथ-साथ आतंकवाद पर भी भारत के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा है कि आत्मरक्षा के अधिकार के मामले में वह भारत के साथ खड़ा है।

जर्मनी ने भारत को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा है कि भारत का दुनिया में विशेष और रणनीतिक महत्व है। दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने तथा इसके विस्तार पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने यूक्रेन-रूस संघर्ष के बातचीत से समाधान की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल के साथ वार्ता के बाद बुधवार को यहां कहा कि भारत दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए जर्मनी के विदेश मंत्री के अत्यंत खुले, रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अस्थिरता और राजनीतिक अनिश्चितता की दोहरी चुनौतियों के बीच परामर्श और परस्पर सहयोग पर आधारित रणनीतिक स्वायत्तता वाला बहुध्रुवीय विश्व समय की जरूरत है।

जर्मन समकक्ष वेडफुल के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

आतंकवाद के मुद्दे पर हम भारत के साथ : वाडेफुल

जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने कहा कि जहां तक आतंकवाद का मुद्दा है तो आत्मरक्षा से जुड़े इस मामले में जर्मनी दृढ़ता से भारत के पक्ष में खड़ा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों पर आधारित व्यवस्था के मामले में भी जर्मनी, भारत और कई अन्य देशों से सहमत है।

बीएसएफ ने शुरू किया ड्रोन युद्ध कौशल स्कूल

नई दिल्ली, एजेंसी

- जवानों को दिया जाएगा आधुनिक युद्ध का प्रशिक्षण
- तैयार किए जाएंगे ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धा

पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती भारत की सीमाओं की रक्षा का दायित्व संभाल रहा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आधुनिक युद्ध कौशल के लिए अपनी विशेष यूनिट ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धाओं को रिमोट संचालित एरियल प्लेटफार्म सहित विभिन्न प्रशिक्षण दे रहा है ताकि उन्हें ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों में तैनात किया जा सके।

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के टेकनपुर में बल की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में ड्रोन युद्ध स्कूल का उद्घाटन किया। करीब 2.65 लाख कर्मियों वाला बीएसएफ ऑपरेशन सिंदूर से सीख लेकर अपना पहला ड्रोन स्क्वाड्रन स्थापित कर रहा है। बल के एक प्रवक्ता ने कहा कि ड्रोन युद्ध स्कूल, बल के सीमा प्रहरियों को आधुनिक सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह संस्थान पांच विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धाओं को तैयार करेगा, जिनमें मानव रहित यान (यूएवी) संचालन, ड्रोन-विरोधी युद्ध और निगरानी एवं खुफिया जानकारी एकत्र करना शामिल है। इस स्कूल में सिमुलेटर और लाइव ड्रोन फ्लाइंग ज़ोन, यूएवी और पेलोड एकीकरण की सुविधाएं, रात्रि संचालन की सुविधाएं, रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) जैमर और काइनेटिक इंटरसेप्टर के लिए उपकरण, लिंक्ड हार्डवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण होंगे।

ऑपरेशन सिंदूर से ली रणनीतिक सीख

बीएसएफ महानिदेशक ने तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में बात की, जिसमें ड्रोन ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर से रणनीतिक सीख ली है। यह बल पाकिस्तानी ड्रोनों से भी निपटता है जिनसे सीमा पार से भारत में मादक पदार्थों, हथियार और गोला-बारूद की तस्करी की जाती है।

नायब तहसीलदार ने गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- अपने सरकारी आवास में लाइसेंसी पिस्टल से मार ली गोली

अमृत विचार। नायब तहसीलदार ने सरकारी आवास में लाइसेंसी पिस्टल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

बागपत जिले के बड़ौत के गांव कुरड़ी नांगल निवासी राजकुमार चौधरी (42) बिजनौर सदर तहसील में नायब तहसीलदार थे। वह आफिसर कालोनी में पत्नी, दो बेटियों और मां-पिता के साथ रह रहे थे। वह मंगलवार को आधिकारिक कार्य से इलाहाबाद हाईकोर्ट गए थे और बुधवार सुबह लौटे थे। सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह कमरे में थे। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। 15 से 20 मिनट तक कोई जवाब नहीं मिला तो अधिकारियों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। खून से लथपथ राजकुमार को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही डीएम जसजीत कौर, एसपी समेत कई अधिकारी पहुंचे। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने रिवाल्वर सील कर दिया है।

जीएसटी सहायक आयुक्त रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/रामपुर

- स्क्रैप कारोबारी से जीएसटी पंजीकरण को मांगे थे 25 हजार
- बरेली विजिलेंस की टीम ने रामपुर के राज्यकर कार्यालय से दबोचा

अमृत विचार : स्क्रैप कारोबारी की शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) बरेली की टीम ने बुधवार को रामपुर के सिविल लाइंस स्थित राज्य कर विभाग के कार्यालय से जीएसटी सहायक आयुक्त सतीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

रिपोर्ट दर्ज कर विजिलेंस आरोपी को बरेली लाकर पूछताछ कर रही है। रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र निवासी व्यापारी आले नवी ने पत्नी नाजिमा के नाम से स्क्रैप का काम करने के लिए फर्म बनाई थी। उसने जीएसटी के लिए आवेदन किया था। उसने सिविल लाइंस स्थित राज्य कर विभाग में तैनात सहायक आयुक्त सतीश कुमार से संपर्क किया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के साथ ही सहायक आयुक्त लगातार 25 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे थे। कई दिन बाद पीड़ित ने 25 हजार रुपये देने पर सहमति जता दी। उसने बरेली में विजिलेंस टीम से शिकायत भी कर दी। जिसके बाद विजिलेंस टीम रणनीति बनाकर बुधवार दोपहर रामपुर पहुंची। व्यापारी ने जैसे ही सहायक आयुक्त को पहली किस्त के 15 हजार रुपये दिए। टीम ने उसे दबोच लिया।

गैंगस्टर मैनपाल ढिल्ला कंबोडिया से प्रत्यर्पित

दिल्ली/गुरुग्राम। हरियाणा के कुख्यात वांछित अपराधी मैनपाल ढिल्ला को राज्य पुलिस, केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सहयोग से सीबीआई द्वारा समन्वित एक अभियान में कंबोडिया से प्रत्यर्पित किया गया।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मैनपाल बादली और सोनू कुमार के नाम से भी पहचाने जाने वाले ढिल्ला पर हत्या समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं और वह उम्रकैद की सजा काट रहा था। उस पर जेल में रहते हुए एक हत्या करने का भी आरोप है। उसे 17 जुलाई 2018 को पैरोल पर रिहा किया गया था, जिसके बाद वह फर्जी पहचान पत्र के साथ विदेश भाग गया था।

राष्ट्रपति संदर्भ | सुप्रीम कोर्ट में राज्यों की ओर से पेश की गई दलील- संप्रभुता की इच्छा पर सवाल नहीं उठा सकते गवर्नर

विधेयकों पर राज्यपालों की मनमर्जी नहीं चल सकती

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि विधेयक के रूप में जनता की आकांक्षाओं को राज्यपालों और राष्ट्रपति की मनमर्जी और इच्छाओं के अधीन नहीं किया जा सकता, क्योंकि कार्यपालिका को विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से रोका गया है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित राज्य सरकार ने प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ से कहा कि राज्यपाल संप्रभु की इच्छा पर सवाल नहीं उठा सकते हैं और विधानसभा द्वारा पारित विधेयक की विधायी क्षमता की जांच करने के लिए आगे नहीं बढ़ सकते हैं, जो न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस बारे में राष्ट्रपति संदर्भ पर सातवें दिन सुनवाई हुई कि क्या न्यायालय राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के विचार करने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जनता की आकांक्षा कार्यपालिका (राज्यपाल और राष्ट्रपति) की मनमर्जी और इच्छाओं के अधीन नहीं हो सकती। कार्यपालिका को कानून बनाने की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से प्रतिबंधित किया गया है। संप्रभु की इच्छा सर्वोच्च है। पीठ ने पूछा कि क्या आपका यह कहना है कि विधेयकों को मंजूरी देनी होगी, भले ही वे विधायी क्षेत्राधिकार के अनुरूप न हों और उनकी वैधता का परीक्षण अदालतों में किया जा सकता है? सिब्बल ने कहा कि कार्यपालिका संप्रभु की इच्छा में बाधा नहीं बन सकती और किसी कानून की संवैधानिकता का परीक्षण न्यायालय द्वारा किया जाना चाहिए, न कि कार्यपालिका द्वारा। उन्होंने कहा कि राज्यपालों को विधेयकों पर तत्काल निर्णय लेना होगा, न कि तीन या छह महीने की अवधि में। सिब्बल ने कहा कि किसी कानून को नागरिकों या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अदालत में चुनौती दी जा सकती है। यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामला है कि राज्यपाल यह कहें कि मैं विधेयकों को मंजूरी नहीं दे सकता और इसे रोक सकता हूं।

अनुच्छेद 200 कानूनों को अवरुद्ध करने का विवेकाधिकार नहीं देता

सिब्बल ने अनुच्छेद 200 में जितनी जल्दी हो सके वाक्यांश पर जोर देते हुए कहा कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। कहा कि अनुच्छेद 200 राज्यपालों को कानूनों को अवरुद्ध करने का कोई व्यक्तिगत विवेकाधिकार नहीं देता है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यन ने भी कांग्रेस शासित कर्नाटक की ओर से इस संदर्भ के खिलाफ दलील दी। हिमाचल प्रदेश की ओर से अधिवक्ता आनंद शर्मा पेश हुए और उन्होंने 'प्रेसीडेंशियल रेफरेंस' का विरोध किया। सुनवाई नौ सितंबर को फिर से शुरू होगी।

यमुना उफान पर, जिलों में बिगड़ रहे हालात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोगों को सुरक्षित निकलने की दी गई चेतावनी

अमृत विचार : यमुना नदी उफान पर है, ऐसे में आसपास के जिलों के हालात बिगड़ रहे हैं। बाढ़ क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित निकलने की चेतावनी जारी की गई है। यमुना समेत अन्य नदियों की बाढ़ से प्रदेश के तमाम जिलों के सैकड़ों गांव जलमग्न हैं। इस बीच राज्य में बीते तीन दिनों से मानसूनी बारिश का दायरा सिमटने के बाद अगले चार-पांच दिनों के लिए उमस भरी गर्मी का दौर फिर शुरू होना संभव है।

दरअसल, बीते दिनों भारी बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। यमुना नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण आसपास के इलाकों के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। ऐसे इलाकों में एनडीआरएफ की टीम तैनात है। निचले इलाकों के घरों से लोगों को निकाल लिया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि गुरुवार को उप्र. के दक्षिणी जिलों में हल्की बारिश की स्थितियां बन सकती हैं। गुरुवार के लिए प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश की चेतावनी नहीं है।

किसानों को समय से मिले बीमा का लाभ

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार ने बाढ़ प्रभावित किसानों को समय से बीमा का लाभ देने और 25 अक्टूबर तक रबी फसलों के बीज उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि निदेशालय में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की। यहां कृषि मंत्री ने कहा कि रबी फसलों (गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, सरसों, अलसी आदि) के सभी बीज 25 अक्तूबर तक सभी राजकीय बीज भंडारों पर उपलब्ध करा दिये जाएं। सभी अनुदानित बीजों का वितरण बुआई से पूर्व 25 नवंबर तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए।

माननीयों की 'रुचि' में फंसीं मोटराइज्ड साइकिलें

2 अक्टूबर को दिव्यांगों में वितरण की तैयारी, बिना सहयोग के 27 जिलों में नहीं पड़ी बिड

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : माननीयों के सहयोग से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग 2 अक्टूबर को सभी जिलों में भव्य कार्यक्रम करके दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिलें बांटने की तैयारी में लगा है। लेकिन, ज्यादातर सांसदों और विधायकों ने अपनी निधि से 20 हजार रुपये देने में रुचि नहीं दिखाई है। इन्हीं कारणों से 2 सितंबर तक 27 जिलों में खरीद करने के लिए बिड नहीं पड़ पाई और सम्बंधित अधिकारी माननीयों के चक्कर लगा रहे हैं।

दरअसल, एक मोटराइज्ड साइकिल की कीमत 45 हजार रुपये है। नई व्यवस्था के तहत खरीद में सांसद या विधायक अपनी निधि से 20 हजार रुपये देकर सहयोग करेंगे। शेष 25 हजार रुपये विभाग खर्च करके साइकिलें खरीदेगा। हर जिले में 10-10 मोटराइज्ड साइकिलें बांटने का लक्ष्य है। लेकिन, माननीयों में रुचि नहीं है। इनके अलावा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से भी सहयोग लिया जा सकता है, पर यह भी आसान नहीं है। इसके अलावा 20 हजार रुपये लाभार्थी स्वयं भी मिला सकते हैं, पर वे सक्षम नहीं हैं।

अयोध्या, जालौन, कानपुर नगर समेत 33 जिले तैयार

कई सांसद और विधायक मदद के लिए आगे बढ़े हैं। इनकी स्वीकृति से जालौन, अयोध्या, कुशीनगर, कानपुर नगर व बागपत ने बिड पूर्ण कर ली है। इसके अलावा माननीयों की स्वीकृति पर बरेली, बाराबंकी, भदोही, एटा, आगरा, अंबेडकरनगर, अमरोहा, बलरामपुर, मैनपुरी, मेरठ, प्रयागराज, सहारनपुर, शामली, श्रवास्ती, इटावा, गाजीपुर, हापुड़, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, सीतापुर, सोनभद्र, उन्नाव, रामपुर, संभल, गाजियाबाद ने बिड डाल दी।

15 जिलों ने निधि लेने के बाद नहीं डाली बिड

2 सितंबर को निदेशालय ने समीक्षा की तो पता चला लखनऊ, वाराणसी, मऊ, रायबरेली, ललितपुर, आजमगढ़, बलिया, बिजनौर, चंदौली, देवरिया, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हाथरस, शाजहांपुर, सिद्धार्थनगर में माननीय से निधि (अतिरिक्त धनराशि) लेने के बाद 2 सितंबर तक मोटराइज्ड साइकिलें खरीदने के लिए बिड नहीं डाली गई।

> मोटराइज्ड साइकिलें मार्च तक वितरण करनी हैं। लेकिन, 2 अक्टूबर को बांटने की तैयारी कर रहे हैं। ज्यादातर जिलों ने बिड की प्रक्रिया कर ली है। किसी तरह की समस्या नहीं है। अभी एक माह का समय बाकी है।
>
> -अमित राय, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण निदेशालय, लखनऊ

न्यूज ब्रीफ

रामपुर में मुक्त कराई 6 करोड़ की जमीन

अमृत विचार, लखनऊ : आवास विकास ने रामपुर में 6 करोड़ मूल्य की लगभग 1390 वर्गमीटर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई है। इस भूमि पर 40 वर्षों से लोगों ने कब्जा किया था। यह भूमि खसरा संख्या-71 शादीनगर हरदोपट्टी, तहसील सदर रामपुर की आवास विकास परिषद की है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह के निर्देश पर आवास विकास के अधिशासी अभियंता मुरादाबाद रजनीश कुशवाहा ने जिलाधिकारी रामपुर से सम्पर्क करते हुए भूमि खाली कराने का अनुरोध किया था। गुरुवार को आवास विकास के अभियंता व अधिकारियों के साथ राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से भूमि पर किये गए अवैध निर्माण ध्वस्त करके जमीन खाली करा परिषद ने अपने कब्जे में ले लिया।

पंचायत चुनाव को लेकर रालोद ने बनाई रणनीति

अमृत विचार, लखनऊ : पंचायत चुनाव ही विधान सभा चुनाव का आधार होता है। इसलिए रालोद गांव-गांव, बूथ-बूथ तक संगठन को सक्रिय करेगा। यह बात बुधवार को रालोद के प्रदेश कार्यालय में पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में पंचायत चुनाव संचालन समिति के संयोजक एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ.कुलदीप उज्जवल ने कही। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर जिले में पांच सदस्यीय कमेटी गठित होंगी। समितियों के गठन की जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को दी गई है। प्रदेश स्तर पर गठित पंचायत चुनाव संचालन समिति इन कमेटियों की मॉनिटरिंग करेगी। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि विभिन्न राज्यों में आई बाढ़ को देखते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने रालोद के सभी सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य से अपना एक माह का वेतन बाढ़ राहत के लिए देने के निर्देश दिए हैं।

रिक्त होने वाले पदों के लिए मांगा अधियाचन

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार के विभागों में अगले एक साल में (30 जून 2026 तक) रिक्त होने वाले पदों पर भर्ती के लिए 15 सितंबर तक उप्र. लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को अधियाचन भेजे जाएंगे। यह निर्देश बुधवार को प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने, सभी विभाग अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिवों को दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि समयान्तर्गत अनुपालन न होने की दशा में संबन्धित जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध, उनके नियंत्रक अधिकारी स्तर पर कार्रवाई की जाए।

देश व प्रदेश का भविष्य हमें तय करना है : योगी

मुख्यमंत्री ने समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान की शुरुआत की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी, मंच पर उपस्थित अन्य कैबिनेट मंत्री।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और यूपी का भविष्य कैसा हो, यह हमें तय करना है। हमें अपने युवाओं को तैयार करना है, क्योंकि हम जिस मनोदशा में जिएंगे, उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें कैसा भारत और उत्तर प्रदेश चाहिए, यह हमारे विजन में होना चाहिए। योगी लोकभवन सभागार में बुधवार को समर्थ उत्तर प्रदेश—विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के शुरुआत के अवसर पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने यहां बजुर्गों को उत्साहित करते हुए कहा कि रिटायर्ड होने का मतलब टायर्ड होना नहीं है। आपका अनुभव इस अभियान को गति देगा। यह अभियान शताब्दी संकल्प अभियान के क्रम में है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है और इसमें 25 करोड़ जनता को भागीदार बनाना है। आप सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा।

इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव आलोक कुमार, संजय प्रसाद समेत अधिक संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

यूपी बना आठवीं अर्थव्यवस्था

उत्तर प्रदेश के संदर्भ में योगी ने कहा कि 1947 और 1960 तक यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 14 प्रतिशत था, लेकिन 2016-17 तक यह 8 प्रतिशत हो गया और यूपी आठवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बीते आठ वर्षों में हमने निराशा को उत्साह में बदला। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, यूपी के पास सब कुछ है, बस संकल्प की जरूरत है।

धिक्कारा तो मुरझा गया

मुख्यमंत्री ने प्रख्यात वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का जिक्र करते हुए कहा कि जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा। बसु ने दो पौधों पर प्रयोग किया, एक को प्रेरित किया तो वह बड़ा वृक्ष बना, जबकि दूसरे को धिक्कारा, तो वह मुरझा गया। उन्होंने कहा कि यह जीव मात्र पर लागू होता है। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। यूपी और भारत की स्थिति भी यही थी। नकारात्मकता से निराशा बढ़ी, लेकिन अब उत्साह का माहौल है।

वो खाली डिब्बा

एक भावुक किस्सा साझा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान एक गरीब व्यक्ति ने खाली डिब्बा दिखाकर उन्हें धन्यवाद दिया, जो कोविड के समय में यूपी में मिले भोजन का था। उन्होंने कहा कि यह सेवा का भाव है, जो लोगों के मन में विश्वास जगाता है।

200 से ज्यादा कंपनियों से यूपी में बड़े निवेश कराने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- चीन 1 स्ट्रैटेजी के तहत विदेशी निवेशकों से की जा रही बात
- दूतावास समेत अन्य संस्थाओं से मिलकर सरकार कर रही प्रयास

अमृत विचार : राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की है। सरकार का फोकस विदेश से पूंजी लाना और राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए योगी सरकार चीन 1 स्ट्रैटेजी पर काम कर रही है और अब तक करीब 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से बातचीत की जा चुकी है। चीन 1 लीड्स को वास्तविक निवेश में बदलने के लिए राज्य सरकार विदेशों में भारत की एंबेसीज और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर प्रयास कर रही है।

चीन 1 लीड्स के तहत जिन देशों पर सबसे ज्यादा फोकस है, उनमें अमेरिका, जापान, चीन, फ्रांस, डेनमार्क की कंपनियां शामिल हैं। इनमें अमेरिका से 30 से ज्यादा, जर्मनी से 30 के करीब, जापान से 20, चीन से 14, स्विट्जरलैंड और फ्रांस से 7-7, डेनमार्क से 6 और स्पेन से 5 कंपनियां शामिल हैं। इन देशों की कंपनियां भी उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छुक हैं। उनकी इच्छा को धरातल पर उतारने के लिए यूपी सरकार विशेष टीम और कंट्री-स्पेसिफिक डेस्क बनाने पर भी विचार कर रही है। इस कवायद के तहत संबधित देशों में इंडियन एंबेसी की भी मदद ली जा रही है।

70 कंपनियां पहले से ही उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं। इसके अलावा 11 कंपनियों के पास नए प्रोजेक्ट्स हैं। 20 कंपनियों ने सीधे यूपी सरकार के साथ एमओयू किया है। वहीं, 473 कंपनियों के साथ सरकार लगातार एक्टिव फॉलो-अप कर रही है। विदेशी निवेशकों को बेहतर सुविधा देने के लिए यूपी सरकार ने एक अभिनव कदम उठाया है। 814 कंपनियों (फॉर्च्यून 500 और इंडिया नेक्स्ट 500 से जुड़ी) के लिए अकाउंट मैनेजर्स नियुक्त किए गए हैं। इन कंपनियों में शिपिंग, शिप बिल्डिंग, टेलीकॉम, रिटेल, पेट्रोकेमिकल्स, इंश्योरेंस और पब्लिक सेक्टर बैंक शामिल हैं। साथ ही गुजरात स्टेट पेट्रोनेट और टीएन न्यूजप्रिंट जैसी स्टेट पीएसयू कंपनियां भी इस मिशन में शामिल हैं। इस पहल के माध्यम से अब तक 50 नए एमओयू साइन किए जा चुके हैं, जबकि 16 नई लीड्स और 282 कंपनियों के साथ चर्चा अभी भी चल रही है।

एक ग्लोबल बिजनेस स्ट्रैटेजी है चीन 1

चीन 1 स्ट्रैटेजी एक ग्लोबल बिज़नेस स्ट्रैटेजी है, जिसे दुनिया भर की मल्टीनेशनल कंपनियां अपनाती हैं और अब प्रदेश सरकार भी इस पर आगे बढ़ रही है। इसका उद्देश्य यह है कि कंपनियां अपना मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन सिर्फ चीन पर निर्भर न रखकर, एक या अधिक अतिरिक्त देशों में भी सेटअप करती हैं। उत्तर प्रदेश को इससे सबसे बड़ा फायदा मिल सकता है, क्योंकि यहां बड़ी जनसंख्या और सस्ता और स्किल्ड वर्कफोर्स उपलब्ध है।

छात्रों को पिटवाकर मरहम लगाने का नाटक कर रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बराबंकी में रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी से एलएलबी कोर्स की मान्यता रद्द होने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज से सियासत तेज हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आपसी झगड़ों में पिटवाया जा रहा है और फिर दिखावटी माफी मांगकर मरहम लगाने का नाटक किया जा रहा है।

सपा प्रमुख ने बुधवार को आरोप लगाया कि यह सत्ताधारियों की अंदरूनी लड़ाई है, जिसमें 'परिषद' और 'वाहिनी' के बीच टकराव में छात्र पिस रहे हैं। सपा प्रमुख ने मांग की कि सरकार घायलों का समुचित इलाज करवाए और हर घायल को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा दे।

वहीं सपा प्रमुख ने पार्टी मुख्यालय में बुधवार को जिलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झूठे सपने दिखाकर लोगों को विनाश के कगार पर पहुंचा दिया।

प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद ही मिलेगी 1288 स्टाफ नर्सेस को तैनाती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- एमबीबीएस दाखिले में फर्जी प्रमाणपत्रों के खुलासे के बाद विभाग हुआ सतर्क
- लोकसेवा आयोग परीक्षा में चयनित 1307 में मात्र 19 स्टाफ नर्स को ही तुरंत मिलेगी तैनाती

अमृत विचार : एमबीबीएस दाखिले में प्रमाणपत्रों में फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। जालसाजों से बचने के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक (डीजीएमई) ने लोकसेवा आयोग द्वारा नवचयनित 1307 में 1288 स्टाफ नर्सेस के प्रमाण-पत्रों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद ही नियुक्त पत्र (तैनाती) दिया जाएगा।

डीजीएमई किंजल सिंह ने बुधवार को विभागीय वेबसाइट पर दी गई सूचना के संबन्ध में बताया कि उप्र. लोक सेवा अयोग, प्रयागराज द्वारा 1162 महिला स्टाफ नर्स और 145 पुरुष स्टाफ नर्स यानी कुल 1307 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। इनमें 18 महिला स्टाफ नर्स और एक पुरुष स्टाफ नर्स यानी कुल 19 अभ्यर्थियों के चयन की संस्तुति आयोग ने दी है। इन्हें तैनाती मिल जाएगी, जबकि अन्य के लिए आयोग ने लिखा है कि अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन, संबन्धित संस्थाओं से नहीं कराया गया है, इसलिए प्रमाण पत्रों का सत्यापन संबन्धित संस्थाओं से कराने के बाद ही नियुक्ति संबन्धी कार्रवाई की जाए। किंजल सिंह ने बताया कि नवचयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि का सत्यापन, निर्गतकर्ता संस्थाओं से कराया जाएगा, सत्यापन के बाद ही नियुक्ति पत्र निर्गत किए जाएंगे।

अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री सौपेंगे नियुक्ति पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में नवचयनित एक्स-रे टेक्नीशियन एवं कनिष्ठ लिपिकों को नियुक्तिपत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 6 सितंबर 2025 शनिवार को सौपेंगे। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि लोकभवन में 6 सितंबर सुबह 11 बजे, मुख्यमंत्री द्वारा नवचयनित स्थानीय अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा, शेष अभ्यर्थियों को संबन्धित जिले में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

अयोध्या में 1,000 से अधिक ड्रोन दीपोत्सव की भव्यता को बनाएंगे आकर्षक

अमृत विचार, लखनऊ : इस वर्ष भी अयोध्या में दीपावली के अवसर पर 'दीपोत्सव 2025' का आयोजन होगा। इस बार दीपोत्सव में एरियल ड्रोन शो शामिल किया गया है, एक हजार से अधिक रंग-बिरंगे ड्रोन एक साथ उड़ान भरकर भक्ति, अध्यात्म और आधुनिकता का मनोरम झलक सरयू घाट पर प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ड्रोन शो दीपोत्सव की आध्यात्मिक भव्यता को और भी आकर्षक बनाएगा।

पर्यटन मंत्री ने बुधवार को बताया कि अयोध्या में 19 अक्टूबर 2025 को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूरी अयोध्या को रोशनी से सजाया जाएगा और सरयू नदी के घाटों पर लाखों दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 15 मिनट तक चलने वाले एरियल ड्रोन शो में 1,000 से अधिक मेड इन इंडिया ड्रोन आध्यात्मिक गाथा को प्रस्तुत करेंगे। ड्रोन शो में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान की धनुर्धारी मुद्राओं का सजीव चित्रण होगा। ड्रोन शो को और आकर्षक बनाने के लिए लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर और संगीतमय नैरेशन का संयोजन किया जाएगा। मालूम हो कि पर्यटन भवन में दीपोत्सव अयोध्या तथा देव दीपावली काशी को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक पर्यटन मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हो चुकी है।

आयोजन | मुख्यमंत्री योगी ने सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

देश का पैसा बाहर जाएगा तो आतंकवाद में होगा प्रयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने एक तरफ पार्टी कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई की, तो उनका मार्गदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा अभियान (17 सितंबर से दो अक्टूबर) के तहत होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए अपील की कि दो अक्टूबर को विजयादशमी भी है। यह सभी कार्यक्रम भी अच्छे से हों और पर्व-त्योहार भी आसानी से मनाए जाएं।

योगी ने सेवा पखवाड़े के आयोजन और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को हस्तशिल्पियों का सम्मान बताया। कहा कि इसने यूपी के एक्सपोर्ट को कई गुना बढ़ाया है। यह आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने सभी से इसे बढ़ावा देने की अपील की और कहा कि देश का पैसा यहां के कारीगरों को ही मिले, बाहर जाएगा तो भारत के खिलाफ आतंकवाद में प्रयोग होगा।

मुख्यमंत्री ने स्वच्छता कार्यक्रम का जिक्र करते हुए इसे जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर की टीम मलिन बस्तियों में होने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा बने।

मेहनत करेंगे तो बीमारियों से लड़ने का रखेंगे सामर्थ्य

मुख्यमंत्री योगी ने भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या से मुखातिब होते हुए कहा कि यूपी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। हर अभियान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जीजान से लगे रहते हैं। योगी ने रक्तदान शिविर को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया कि जितनी मेहनत करेंगे, बीमारियों से उतना ही लड़ने का सामर्थ्य रखेंगे। योगी ने कोविड के दौरान भारत के बेहतरीन प्रबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि देश में जितनी मौतें हुईं, उसकी तुलना में सुपर पॉवर अमेरिका में चार गुना अधिक मौतें हुईं।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रदेश में ही बनने से सस्ते होंगे मोबाइल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई बड़ी कंपनियां प्रदेश में लगाएंगी यूनिट, 5 वर्षों का लक्ष्य तय

अमृत विचार: राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की यूनिट लगाने के साथ भविष्य में मोबाइल और लैपटॉप सस्ते होने के भी संकेत दिए हैं। उम्मीद जताईजा रही है कि तमाम इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का आयात न करने के कारण उत्पाद की लागत में कमी आएगी। निकट भविष्य में आई-फोन को भी होम-मेड करने की है योजना है।

दरअसल, पॉलिसी के तहत 11 प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व उसके कंपोनेंट राज्य में ही तैयार किए जाएंगे। इसमें डिस्प्ले माड्यूल सब-असेंबली, कैमरा माड्यूल सब-असेंबली, मल्टी-लेयर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, हाई-डेंसिटी इंटरकनेक्ट, फ्लेक्सिबल पीसीबी और लिथियम-आयन सेल्स जैसे नान-सरफेस माउंट डिवाइस (नान-एसएमडी), पैसिव कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पार्ट्स और आईटी हार्डवेयर उत्पादों के एनक्लोजर शामिल हैं।

कोशिश है कि प्रदेश में कैपिटल गुड्स और सप्लाई चेन सिस्टम को भी बढ़ावा दिया जाए, ताकि जरूरी सब कंपोनेंट आदि बन सकें। इसीलिए यूपी को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए राज्य सरकार अब इसके कंपोनेंट के निर्माण पर भी फोकस बढ़ा रही है। निवेशकों को बेहतर सुविधा व प्रोत्साहन के लिए सरकार प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की यूनिट लगाने पर केंद्र के बराबर ही अतिरिक्त प्रोत्साहन देगी। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति से मिलने वाले इंसेंटिव के चलते लैपटॉप, मोबाइल जैसे अन्य गैजेट्स के कंपोनेंट यूपी में ही बनेंगे, अभी इनका आयात करना पड़ता है।

> यूपी में कंपोनेंट तैयार होने से निवेश व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा ही उत्पाद भी सस्ते होंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि देश में अगले 5 वर्षों में इस सेक्टर में 500 मिलियन डॉलर के निवेश का लक्ष्य रखा गया है, हमारी कोशिश यह है कि इसमें 50 प्रतिशत हिस्सेदारी उप्र. की हो।
>
> - अनुराग यादव, प्रमुख सचिव, आईटी

न्यूज ब्रीफ

आज पांच शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

अयोध्या, अमृत विचार। गुलाबबाड़ी स्थित सपा कार्यालय पर गुरुवार को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर पांच शिक्षकों को स्व. मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, विशिष्ट अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल व महासचिव डॉ. कमलेश यादव मौजूद रहेंगे।

संविदा कर्मियों ने भरी हुंकार

अयोध्या, अमृत विचार : विद्युत मजदूर पंचायत अयोध्या के तत्वावधान में बुधवार को मुख्य अभियंता कार्यालय पर निष्कासित निविदा, संविदा कर्मचारियों ने मुख्य अभियंता से हुए समझौते का पालन किए जाने को लेकर हुंकार भरी। जोनल अध्यक्ष केएन सिंह ने संविदा कर्मी जिस उपकेंद्र से हटाया गया है उसे वहीं कार्य पर तैनात कराते हुए न्याय दिलाने की मांग की। कहा कि जब तक संघर्षरत कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र नहीं मिल जाता आंदोलन चलता रहेगा। विरोध सभा में बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित रहे।

स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

बीकापुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने दशरथपुर तिराहे के पास से एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार करके एनटीपीएस एक्ट में चालान किया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दशरथपुर तिराहा पेट्रोल पंप के बगल में एक गुमटी के सामने से सूल्हेपुर का युवक राम केवल वर्मा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी पर उसके पास से से 15 ग्राम स्मैक और सात सौ रुपये बरामद हुए हैं।

राजा साहब का योगदान हमेशा रहेगा अविस्मरणीय : योगी

बोले मुख्यमंत्री, अयोध्या राज परिवार के मुखिया को दी श्रद्धांजलि

राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के त्रयोदशी संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

संत-महंत और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ श्रद्धांजलि समारोह

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या राजसदन पहुंचे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य एवं अयोध्या राज परिवार के मुखिया राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के त्रयोदशी संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन केवल अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जीवन भर रामलला और राम मंदिर आंदोलन के लिए अपना योगदान दिया। राजा साहब का व्यक्तित्व धर्म, संस्कृति और परंपरा का अद्वितीय संगम था।

त्रयोदशी संस्कार में बड़ी संख्या में संत-महंत, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत राजा साहब के आदर्शों और उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र लंबे समय से बीमार चल रहे थे और गत दिनों उनका निधन हो गया था।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य रहे राजा अयोध्या के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री साथ में राजा के परिवारीजन।

राजा के परिवारजनों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

योगी ने हनुमानगढ़ी में लगाई हाजिरी, रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया, आरती उतारी और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद श्रीरामलला के दर्शन किए। उन्होंने श्रीरामलला की आरती उतारी, शीश झुकाया। मंदिर की परिक्रमा की। उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी भी ली। राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया। दर्शन-पूजन के बाद निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उन्हें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

हनुमानगढ़ी में बजरंगबली की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

श्री राम मंदिर निर्माण से जुड़े विकास कार्यों की ली जानकारी

रामलला के दरबार में मत्था टेकते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

छापे में करोड़ों की पैंगुलिन स्केल के साथ दो लोग गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

वन विभाग सहित अन्य के संयुक्त छापे में बरामद पैंगुलिन के साथ आरोपी।

अमृत विचार: एसटीएफ, वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के नाका स्थित दुर्गापुरी कालोनी में छापामारकर फर्स्ट च्वाइस गेस्ट हाउस से करोड़ों की पैंगुलिन स्केल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 110 में ठहरे दो व्यक्तियों से 1.335 किग्रा पैंगुलिन स्केल बरामद की गई। पैंगुलिन स्केल वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित जानवर है। पकड़े गए लोगों में शक्ति कुमार शाह, निवासी रतनपुरा, थाना भगवानपुर जिला वैशाली बिहार और राकेश कुमार निवासी नजीरपुर थाना पूराकलंदर अयोध्या शामिल हैं। इनके खिलाफ वन्य संरक्षण अधिनियम सहित अन्य धाराओं के साथ भारतीय वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक बरामद किए गए पैंगुलिन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत सात से आठ करोड़ तक हो सकती है। इसकी तस्करी की जाती है।

- एसटीएफ, वन्य जीव अपराध नियंत्रण और वन विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

दीमक व चींटियों के घर के पास मिलता है पैंगुलिन

भारत में इसे चींटीखोर के नाम से भी जाना जाता है। यह चींटियों को खा जाता है। इसकी शल्क कठोर होती है। इससे यह अपनी रक्षा करता है। पैंगोलिन स्केल दवाईयां बनाने का काम आता है। इसकी औषधी का उपयोग कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियों में किए जाने की बात बताई जाती है।

बात करने के लिए मांगा मोबाइल, लेकर भागा

बीकापुर, अमृत विचार : कस्बे में एक नशेड़ी किस्म के युवक ने बुधवार दोपहर कस्बा निवासी मो. फरीद से मोबाइल फोन पर बात करने के लिए अनुरोध किया। उसके बाद मोबाइल फोन लेकर युवक बाइक पर बैठकर भाग गया। उप निरीक्षक गोविंद सिंह ने जांच पड़ताल की। बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान में 72 चालान

सिविल लाइन स्थित एक पेट्रोल पंप पर जांच करते एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह।

अयोध्या, अमृत विचार। नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तीसरे दिन बुधवार को परिवहन विभाग ने बिना हेलमेट लगाकर वाहन चला रहे 72 लोगों का चालान किया। एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि जिन पेट्रोल पंप पर इस आशय का बैनर आदि नहीं लगा है, या वह बिना हेलमेट धारक को पेट्रोल दे रहे हैं तो अभी उन्हें चेतावनी दी जा रही है। भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान में उनके साथ यात्री कर अधिकारी राजेश कुमार समेत प्रवर्तनकर्मी मौजूद रहे।

घूस मांगने के आरोप में उछला प्रोफेसर का नाम

अयोध्या कार्यालय।

- मेडिकल कॉलेज के डीएमएलटी विद्यार्थी ने सीएम को भेजा शिकायती पत्र
- जांच में 30 हजार घूस मांगने के साक्ष्य प्रस्तुत करने का किया दावा

अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में अब एक नया मामला सामने आया है। यहां घूस मांगने के आरोप में एक प्रोफेसर का नाम उछला है। यह आरोप एक डीएमएलटी के विद्यार्थी ने लगाया है। आरोप है कि उसे टर्म परीक्षा में अनुपस्थित किए जाने के कारण उसका परीक्षा फल अनुत्तीर्ण कर दिया गया। मामले में 30 हजार रुपये की मांग की गई थी। उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आईजीआरएस पर शिकायत कर प्रोफेसर के खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

मेडिकल कॉलेज में अभी एमबीबीएस 2024 बैच के विद्यार्थी सागर पटेल आत्महत्या प्रकरण शांत भी नहीं हुआ था कि बुधवार को डीएमएलटी विद्यार्थी ने आरोप लगाकर कॉलेज प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शारदा पुरम कॉलोनी निवासी अवनीश कुमार सिंह पुत्र रणधीर सिंह (बैच 2023-24) ने प्राचार्य को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि आठ छात्रों को बिना टर्म परीक्षा दिए ही अंक दे दिये। उसे अंक इसलिए नहीं दिये क्योंकि प्रोफेसर ने अपने अधीन एक कर्मचारी विवेक सिंह द्वारा उससे 30 हजार रुपये मंगवाए गए थे, जो उसने नहीं दिये, जिस कारण उसे अनुत्तीर्ण कर दिया गया। उसने प्राचार्य को दी शिकायत में आठों विद्यार्थियों के नाम का जिक्र किया है। साथ ही यह भी कहा है कि आठों की परीक्षा पुस्तिका अपनी अभिरक्षा में लेकर जांच करा लें तो सिद्ध हो जाएगा कि बिना परीक्षा दिये उन्हें अंक दे दिये गये। यही नहीं जांच में घूस में मांगी की रकम के साक्ष्य प्रस्तुत करने का दावा किया है।

> उक्त विद्यार्थी की अटेंडेंस शून्य थी। हमने तीन बार नोटिस भेजी, लेकिन ये नहीं माने। अटेंडेंस इंप्रूव करने की वार्निंग भी दी गई। फिर भी कॉलेज नहीं आते थे। किस आधार पर उन्हें पास कर दिया जाए। अब हमारे ऊपर पैसे मांगने के आरोप लगा रहे हैं। -डॉ. पारस खरबंदा, प्रोफेसर, मेडिकल कॉलेज।

> मामला मेरे संज्ञान में भी आया है। शिकायती पत्र मिला है। प्रोफेसर डॉ. पारस खरबंदा से आख्या मांगी गई है। उसी के बाद कुछ बता सकता हूं। -डॉ. सत्यजीत वर्मा, प्राचार्य।

श्रीराम की स्तुति करतीं कर्नाटक की महिला टोली। ● अमृत विचार

कर्नाटक की महिला टोली ने की रामस्तुति

अयोध्या, अमृत विचार : कर्नाटक से आई 170 महिला श्रद्धालुओं की टोली ने बुधवार को राम मंदिर की यज्ञशाला में सामूहिक रूप से प्रभु श्रीराम की स्तुति की। नव्य भव्य मंदिर में श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया। ट्रस्ट के आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल के अनुसार ये टोली निवेदिता गजेन्द्र के नेतृत्व में आई है। प्रारम्भ में केंद्रीय पदाधिकारी गोपाल जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित भी किया।

पूजन के लिए केरल ले गए श्रीरामज्योति और पादुका

अयोध्या, अमृत विचार: केरल में संन्यासियों के शीर्ष संगठन केरल मार्गदर्शक मंडल के प्रतिनिधि उन्नी विगत वर्षों की भांति श्रीराम जी की दिव्य ज्योति और बहुविधि पूजित चरण पादुका लेकर बुधवार को केरल के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान कर गए। उनके साथ स्वामी पूर्णानंद तीर्थपाद भी अयोध्या आए थे। उन्नी ने बताया कि केरल राज्य में उनसे जुड़े अनुयायियों के 400 से अधिक आश्रम हैं। चौदह जनपदों के गांव-गांव तक राम ज्योति और पादुका पूजन के लिए पहुंचाई जाएगी। अभिषेक के लिए कैलाश मानसरोवर, प्रयाग समेत विभिन्न तीर्थों का पवित्र जल भी मंगाया गया है।

35 साल से बंद साधन सहकारी समिति का हुआ उद्घाटन

हैरिंग्टनगंज, अयोध्या

बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति का फीता काटकर उद्घाटन करते सहकारी समिति के अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरयू दूबे।

अमृत विचार: ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर ग्रंट में स्थित बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति का उद्घाटन बुधवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष व समिति के अध्यक्ष सरजू प्रसाद दुबे ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम अपर जिला सहकारी अधिकारी जयशंकर सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ।

अध्यक्ष ने बताया कि 35 साल के बाद समिति के संचालित होने से लक्ष्मणपुर ग्रंट के साथ-साथ कनावां, गंगापुर, भुलईपर, निधियांवा, शंकरपुर और साल्हीपुर के किसानों को अब खाद की सुविधा उनके घर के पास ही प्राप्त होगी। सचिव राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि यूरिया की पहली खेप पहुंच चुकी है। खाद वितरण की प्रक्रिया उद्घाटन के साथ ही शुरू कर दी गई है। इच्छुक किसान समिति से यूरिया खाद खरीद सकते हैं। इस अवसर पर डोगरा रेजीमेंट से आए नन्द किशोर पाण्डेय, अरविन्द कुमार, वीरेंद्र कुमार पाठक, राकेश कुमार मिश्र सहित आठ ग्राम सभा के प्रधान व दर्जनों किसान मौजूद रहे।

150 घरों में मिली लार्वा ब्रीडिंग, 79 को नोटिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डेंगू-मलेरिया नियंत्रण के लिए जिले में व्यापक स्तर पर अभियान चल रहा है। एक जनवरी से 2 सितंबर तक चले अभियान के दौरान 5,03,356 घरों की जांच की गई। इस दौरान 150 घरों में लार्वा ब्रीडिंग पाई गई।

वहीं देखे गए घरों में जांच 10,16,162 कंटेनरों की जांच हुई। जिनमें 173 कंटेनरों में डेंगू लार्वा ब्रीडिंग पाई गई। जिसके बाद 79 लोगों को चेतावनी नोटिस जारी की गई है। जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद ने बताया कि दोबारा लार्वा मिलने पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इस नौ माह की अवधि में 7,473 स्रोतों को नष्ट भी किया गया, जिसमें खुले टायर, पशुओं की नांद आदि शामिल हैं। यह अभियान डेंगू और मच्छरजनित बीमारियों को रोकने के लिए चलाया गया।

यह मच्छर साफ, रुके हुए पानी में प्रजनन करता है। जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू, मलेरिया बीमारी से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी कर रखी है। सीएमओ ऑफिस में बने कंट्रोल रूम से न सिर्फ जिले भर में नजर रखी जा रही है बल्कि फॉगिंग कराने के लिए भी लोग फोन कर सकते हैं।

लार्वा नष्ट कराती मलेरिया विभाग की टीम व मौजूद आशा।

बचाव के उपाय

- डेंगू से बचाव के लिए घरों और आसपास पानी जमा न होने दें।
- कूलर, गमले, टायर, और पानी की टंकियों को नियमित साफ करें और ढककर रखें।
- मच्छरदानी का उपयोग करें और पूरी बांह के कपड़े पहनें।
- डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते, और आंखों के पीछे दर्द शामिल हैं।
- गंभीर मामलों में रक्तस्राव, पेट दर्द, और उल्टी हो सकती है।
- यदि बुखार 2-7 दिनों तक रहे या हालत बिगड़े, तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

जनसुनवाई पेयजल, सीवर और कर संबंधी शिकायतों का किया गया समाधान, 14 में से 10 शिकायतें मौके पर निस्तारित

किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं : महापौर

अयोध्या कार्यालय



शिविर में लोगों की शिकायत सुनते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व मौजूद मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह।

अमृत विचार : अयोध्या धाम में जनसुनवाई के दौरान कुल 14 प्रार्थना पत्र आए। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने 10 का मौके पर निस्तारण कराया, बाकी चार प्रार्थनापत्र का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है। किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने सरजू पुरम कॉलोनी के राम अनुज की शिकायत पर सीवेज सुधार एवं सफाई के लिए टीम को रवाना किया। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि गृह कर की विसंगतियां दूर करने, नामांतरण करने, सफाई कराने आदि समस्याओं का समाधान कराया। उन्होंने मीरपुर वार्ड में पेयजल के लिए पंप लगवाने के लिए जमीन की तलाश करने की जिम्मेदारी पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडेय को सौंपी। राजस्व निरीक्षक गोविंद पांडेय, पूर्व पार्षद बिंदु सिंह, पूर्व सभासद कौशल पांडेय, रमेश राना, भाजपा नेता सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्रह्म बाबा पर लगे शिविर में 25 शिकायतों का निस्तारण

पुरुषोत्तम नगर वार्ड के बह्म बाबा स्थान पर शिविर में कर संबंधी विसंगतियों का निस्तारण किया गया। गृह एवं जलकर जमा किया गया। इस दौरान कुल 25 शिकायतें आईं, जिनका मौके पर निस्तारण हुआ। इसके अलावा 35 लोगों ने टैक्स जमा किए। अन्य शिकायतों में जांच के आदेश दिए गए। शिविर का निरीक्षण महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने पार्षद प्रतिनिधि औरौनी पासवान के साथ किया। शिविर में ज्यादातर मामले नाम सही कराने, मकान नंबर दर्ज करने, टैक्स सुधार करने से जुड़े थे। जिनका निस्तारण मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह, कर निर्धारण अधिकारी विनय सिंह, कर निरीक्षक जयप्रकाश, राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र पटेल की अगुवाई में नगर निगम कर्मियों ने किया। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि आज गुरुवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड का शिविर गुलाब नगर तिराहा पर आयोजित होगा।

चतुर्थ श्रेणी कर्मी और ड्राइवर चढ़ा रहे मरीजों को प्लास्टर

मिल्कीपुर, अयोध्या

- संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के ऑर्थो विभाग का हाल

अमृत विचार: सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के प्लास्टर कक्ष में अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी और ऑर्थो चिकित्सक के ड्राइवर द्वारा मरीजों का प्लास्टर चढ़ाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत सीएमएस से की गई। सीएमएस ने कार्रवाई का आश्वान दिया।

संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के ऑर्थो चिकित्सा के रूप में डॉ. प्रवीण बरनवाल की तैनाती है। चतुर्थ श्रेणी कर्मी ओपीडी में मरीज का पर्चा जमा कर चिकित्सक से दिखाने का काम करता है। ओपीडी कक्ष में ही ऑर्थो चिकित्सक का ड्राइवर रहता है। आरोप है कि डॉ. प्रवीण हड्डी फ्रैक्चर मरीज के प्लास्टर के लिए सलाह देते हैं।

धनंजय और उनका ड्राइवर छोटू संबंधित मरीज को प्लास्टर कक्ष में ले जाते हैं। उनसे बिना सरकारी शुल्क की रसीद कटाए पांच सौ से एक हजार रुपये तक ऐंठ लेते हैं। यह काम दो बजे के बाद भी देर शाम तक चलता है। बुधवार को ऐसे ही एक मामले में चतुर्थ श्रेणी और ड्राइवर ने सुल्तानपुर जिले के बिसावां गांव से आए विष्णु गौतम के हाथ के फ्रैक्चर का प्लास्टर बांधकर बिना रसीद कटवाए तीन सौ रुपये की वसूली कर ली। कई अन्य को प्लास्टर लगाया। अस्पताल पहुंचे लोगों ने विरोध और हंगामा किया। सीएमएस से खुलेआम की जा रही अवैध वसूली की शिकायत की। शिकायत मिलने पर सीएमएस डॉ. रवि पांडे ने मामले में जांच करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। उनका पटल बदलने की बात कही है।

न्यूज ब्रीफ

अनिल प्रदेश उपाध्यक्ष व राजकुमार बने जिलाध्यक्ष

अयोध्या। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम भवन शुक्ला ने उत्तर प्रदेश किसान प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल तिवारी को उपाध्यक्ष और राजकुमार पांडे को अयोध्या किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने दोनों नेताओं के मनोनयन पर जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, गौरव तिवारी वीरू सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की है।

सड़क किनारे गड्ढों से लोग परेशान

मवई, अमृत विचार : रुदौली विधानसभा क्षेत्र में रसूलपुर-मवई संपर्क मार्ग पर सड़क के किनारे 12से अधिक गड्ढे बन गए हैं। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों डॉ. उज्जवल विश्वास, विनोद कुमार, महेश यादव और कुलदीप मौर्य ने बताया कि रसूलपुर चौराहे के पास मवई जाने वाले मार्ग की स्थिति खराब है। सड़क की पटरी कई जगहों से टूट गई है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या से क्षेत्रीय विधायक को अवगत कराया। सड़क मरम्मत की मांग की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

गोसाईगंज, अमृत विचार : मया बाजार ब्लॉक के पंचायत सहायकों ने एग्री स्टैक डिजिटल सर्वे में समस्याओं को लेकर बुधवार को खंड विकास अधिकारी और उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि संयुक्त कृषि निदेशक से सर्वे का कार्य प्राइवेट सर्वेयर से कराने के आदेश के बावजूद, कार्य पंचायत सहायकों से कराया जा रहा है। सहायकों का कहना है कि सर्वे के लिए न तो पर्याप्त स्मार्टफोन हैं और न ही इंटरनेट की सुविधा। भुगतान समय पर नहीं हो रहा। अधिकांश पंचायत सहायक महिलाएं हैं। मांग की कि उन्हें आवश्यक संसाधन, समय पर भुगतान और सुरक्षा की गारंटी के साथ ही स्पष्ट आदेश दिए जाएं ताकि वे इस कार्य को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। ज्ञापन पर कई पंचायत सहायकों के हस्ताक्षर हैं।

नम आँखों से दी गणेश की प्रतिमा को विदाई

हैरिंग्टनगंज, अमृत विचार : क्षेत्र में 27 अगस्त को स्थापित भगवान गणेश प्रतिमाओं का बुधवार को आठवें दिन विसर्जन किया गया। पलिया चौराहे पर श्री सिद्धिविनायक गणेश पूजा समिति से स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ किया गया। समिति के अध्यक्ष दुर्गा अग्रहरि के नेतृत्व में एक शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, अनुराग सिंह, प्रिंस कसौधन, अभिषेक भद्र सिंह, सुरजीत कसौधन आदि मौजूद रहे।

दीपोत्सव : दीपक से प्राकृतिक रोशनी बिखेरने वाला पहला शहर अयोध्या

पिछला कीर्तिमान तोड़ने के लिए आठवीं बार बनेगा नया रिकॉर्ड

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: वर्ष 2025 के दीपोत्सव में आठवीं बार पिछला कीर्तिमान तोड़ने के लिए नया रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। एक ही स्थान पर सबसे ज्यादा बार सबसे ज्यादा दिए जलाने का रिकॉर्ड अब तक श्री राम की नगरी अयोध्या के पास है। जो देशी दिये से प्राकृतिक रोशनी बिखेरने वाला शहर बन गया है।

अयोध्या में जो कुछ भी हो रहा है। उसमें त्रेता की बानगी पिरोने की कोशिश हो रही है। दीपोत्सव भी उसी का प्रतिरूप है। त्रेता में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की अयोध्या वापसी पर दिए जलाए गए थे। रोशनी की गई थी। हरिद्वार के संत राम मनोरथ दास, पं. जीपी त्रिपाठी के साथ कई अन्य बताते हैं कि देशी दियों के जलने से उस स्थान पर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। आज भी दीपावली पर घरों में घी और तेल से दीपों को प्रज्जवलित करने के पीछे मकसद घर में सकारात्मक ऊर्जा सृजन ही है। शक्ति का प्राकृतिक स्वरूप भगवती पारंबा को माना जाता है। इसीलिए दीपोत्सव और दीपावली के पूरे पर्व का संबंध गहरे से भगवती लक्ष्मी से माना जाता है। अयोध्या में बार-बार दीपोत्सव और रिकॉर्ड तोड़ने और बनाने के पीछे यह बड़ा आध्यात्मिक कारण अध्यात्म के जानकार मानते हैं।

इसके साथ आध्यात्मिक दृष्टि से सकारात्मक ऊर्जा सृजन का प्रयास भी है। सृजित इस सकारात्मक ऊर्जा का लाभ आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा। लगातार रिकॉर्ड बनने और टूटने के पीछे का मूल अंदरखाने में यह है। इसलिए अयोध्या आठवीं बार सकारात्मक ऊर्जा के लिए अपने ही कीर्तिमान को तोड़ने की तैयारी में हैं। साल 2017 में मात्र 1.71 लाख दिये के साथ शुरू हुए दीपोत्सव में दियों की संख्या 26 लाख तक पहुंच गई है। इस बार साल 2024 के 25,12,585 के रिकॉर्ड को तोड़े जाने तैयारी है।

दीपोत्सव में जलाए गए दीपकों पर एक नजर

साल	दीपों की संख्या (लाख में)
2017	1.71
2018	3.01
2019	4.04
2020	6.06
2021	9.41
2022	15.76
2023	22.23
2024	25.12
2025	26.11 (प्रस्तावित)

दीपोत्सव में नए इवेंट जोड़ने को लेकर प्रशासन में मंथन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: अयोध्या के दीपोत्सव को इस बार और भव्य बनाने के लिए नया इवेंट जोड़े जाने की उम्मीद है। इसको लेकर प्रशासन में मंथन तेज है। दीपों की संख्या का लक्ष्य इस बार बढ़ गया है। समय ज्यादा चाहिए। इसलिए दीप जलाए जाने वाले स्थलों के चयन की कार्रवाई एक दो दिन में शुरू कर दी जाएगी।

जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कहा कि दीपोत्सव में कौन से नए इवेंट जोड़े जा सकते हैं। इस पर विचार किया जा रहा है। साल 2024 में दीपोत्सव में दो नए विश्व कीर्तिमान बने थे। इनमें पहला 25,12,585 दीपों को जलाए जाने का और दूसरा 1121 वेदाचार्यों से मां सरयू की आरती का। इसके अलावा कई अन्य कार्यक्रम शामिल थे। इस बार 26,11,101 दीप जलाने का रिकॉर्ड बनाए जाने की तैयारी है। यह पिछले साल से 98,516 दीप ज्यादा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कम से कम 28 लाख से ज्यादा दीप सजाए जाने की व्यवस्था होगी। इसके लिए स्थलों की संख्या भी बढ़ने की उम्मीद है। स्थल चयन अवध विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी फुंडे ने बताया कि एक-दो दिन में स्थल चयन का काम शुरू हो जाएगा। साल 2024 में राम की पैड़ी सहित आसपास के 32 स्थालों पर दीपों की मल्लिका सजाई गई थी।

- दीपों की संख्या का लक्ष्य बढ़ा, जल्द किया जाएगा स्थल चयन

नहीं मिला मुआवजा, सीएम पोर्टल पर की शिकायत

बीकापुर, अमृत विचार: अयोध्या धाम की चौरासी कोसी परिक्रमा में अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा न मिलने की शिकायत पीड़ित नगर पंचायत क्षेत्र के तेंदुआमाफी की रीना वर्मा ने जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से की है। मुआवजा दिलाया जाने की मांग की है। बताया है कि चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाली उसकी भूमि गाटा सं 954 रकबा .922 हे. में अपने अंश का .0559 हे. जमीन सरकार के पक्ष में उन्होंने 14 मार्च 2025 को बैनामा कर दिया था। भी तक उसके बैंक खाते में सरकार की ओर से मुआवजे की धनराशि नहीं भेजी गई। बार-बार भूमि अध्याप्ति अधिकारी अयोध्या व हल्का लेखपाल से संपर्क किया गया, समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे वह परेशान है।

बैंक अधिकारी फोन पर नहीं मांगता बैंक डिटेल्स

गोसाईगंज, अयोध्या

- साइबर ठगी से बचाव को पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

अमृत विचार: गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर पुलिस ने लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह अभियान चलाया। आमजन को सतर्क और ठगों के नए-नए हथकंडों से बचने की अपील की है।

कहा कि कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी आपकी बैंक डिटेल्स, एटीएम नंबर या पासवर्ड नहीं मांगता। अनजान नंबरों से आई कॉल्स पर जानकारी देने या कोड स्कैन न करने की सलाह दी। कहा इससे खाते से पैसा कट सकता है। सोशल मीडिया पर मजबूत पासवर्ड रखें। अज्ञात व्यक्तियों से दोस्ती करने से बचें। बैंकिंग सहायता के लिए केवल संबंधित संस्थानों के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबरों का ही प्रयोग करें, न कि गूगल पर सर्च कर के मिले नंबरों का। साइबर ठगी की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या शिकायत दर्ज करें। इस अभियान में एएसआई गोपाल मौर्य, राजेश कुमार राजभर, यशवंत कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर सिपाही विपिन यादव आदि शामिल रहे।

उप्र सरकार लिखी कार से 34 किलो गांजा बरामद

अयोध्या कार्यालय

- लखनऊ एसटीएफ व एसएनबी गोरखपुर की टीम ने की कार्रवाई, कौशलपुरी कॉलोनी गेट के पास से पकड़े दो तस्कर

एसटीएफ की हिरासत में आरोपियों के पास से बरामद कार एवं सामान।

अमृत विचार : लखनऊ एसटीएफ व एसएनबी गोरखपुर टीम ने मंगलवार की शाम अयोध्या के कौशलपुरी कॉलोनी के पास उत्तर प्रदेश सरकार लिखी कार से 34 किलो अवैध गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जो पिता-पुत्र हैं। बरामद गांजे की कीमत करीब नौ लाख रुपये हैं।

एसटीएफ लखनऊ को कुछ दिनों से प्रदेश में उडीसा, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। एसटीएफ के उपाधीक्षक प्रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा की टीम अयोध्या आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। टीम को मंगलवार को सूचना मिली कि कोरियर सर्विस के माध्यम से अयोध्या में भारी मात्रा में गांजे की डिलीवरी होने वाली है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने एनसीबी गोरखपुर टीम को बुलाया व मंगलवार की शाम करीब सात बजे कौशलपुरी कॉलोनी, प्रवेश गेट के निकट, लखनऊ-अयोध्या बाइपास (निकट पैथ काइण्ड लैब के पास) उत्तर प्रदेश सरकार लिखी हुई एक कार को रोककर तलाशी ली।कार में 34 किलो गांजा बरामद हुआ। टीम ने कार सवार राजेश अग्रहरि व उसके पुत्र आशीष अग्रहरि निवासी लक्ष्मनपुरी कॉलोनी, गद्दोपुर थाना कैंट को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। जो बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करता है। इस गिरोह का सरगना राजेश अग्रहरि है। राजेश ने बताया कि उक्त कार्य वह कोरियर कंपनी के कर्मचारियों की मिली भगत से कंपोस्ट फर्टिलाइजर व चाय पत्ती के नाम पर उड़ीसा व बंगाल से गांजा मंगवाता है। जिसे वह थोक एवं फुटकर में बेचता था। थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि एसटीएफ व एसएनबी की टीम आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने पर लाई थी। इसके बाद दोनों आरोपियों को एसएनबी की टीम अपने साथ गोरखपुर ले गई। दोनों के खिलाफ मुकदमा भी वहीं दर्ज किया गया है।

मैं बार-बार गलती कर रही हूं, न अच्छी बेटी बन पाई न बहन

अयोध्या कार्यालय

- ट्रेन के आगे कूदकर युवती ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला
- शव के पास मिले आईफोन पर आ रही वसूली की कॉल से हुई मृतका की पहचान

सौम्या शुक्ला (फाइल फोटो)

- कोतवाली नगर के देवकाली की रहने वाली है मृतका, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : मैं बार-बार गलती कर रही हूं। न अच्छी बेटी बन पाई न अच्छी बहन। बुरे कर्मों का फल बुरा ही होता है। मेरे परिवार ने मेरा बहुत साथ दिया लेकिन मैं परिवार के लिए कुछ नहीं कर पाई...लिखकर युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके शरीर के दो टुकड़े हो गए। ट्रेन के लोको पायलट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पास मिले महंगे आईफोन पर आ रही कॉल से उसकी पहचान सौम्या शुक्ला(25) निवासी चेला छावनी बड़ी देवकाली अयोध्या के रूप में हुई।

घटना मंगलवार देर शाम थाना रौनाही अंतर्गत सोहावल रेलवे स्टेशन से करीब आधा किमी. दूरी पर स्थित रेलवे ट्रैक की है। मृतका नीली जींस, रेड-ब्लैक टीशर्ट पहने थी। उसके पास मिले आईफोन पर बार-बार किसी फाइनेंस कंपनी की लोन वसूली की कॉल आ रही थी। घटनास्थल मृतका के घर से करीब 30 किमी. दूर है। पुलिस यह पता करने का प्रयास कर रही है कि वह यहां कैसे व किस साधन से पहुंची।

सौम्या अविवाहित थी। फैजाबाद जीआईसी के सेवानिवृत्त अध्यापक रामजन्म शुक्ला की बड़ी बेटी थी। रामजन्म की वर्ष 2023 में मृत्यु हो गई थी। छोटा बेटा सर्वेश शुक्ला इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहा है। सौम्या ने दिल्ली से परास्नातक की परीक्षा पास की थी। इसके बाद वहीं पर नौकरी करती थी। कोरोना के समय नौकरी छूट गई थी तो वह घर चली आई थी।

सुबह 11 बजे मां को घर छोड़कर कहीं गई थी मृतका

मृतका के परिवार के लोगों ने बताया कि सौम्या मंगलवार सुबह 11 बजे अपनी मां को घर पर छोड़कर कहीं चली गई थी। दोपहर तीन बजे से उसे फोन करना शुरू किया गया तो फोन नहीं मिला। शाम करीब सात बजे उन्हें पुलिस से आत्महत्या करने की सूचना मिली। उसके भाई ने बताया कि उसने कितना व कहां से लोन लिया था, इसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। कहा कि मंगलवार को मामा की एक दुकान के उद्घाटन में शामिल हुई थी। उसके बाद मां को घर छोड़कर चली गई। वह सोहावल कैसे पहुंची इसकी भी कोई जानकारी नहीं है।

> शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रेन के लोको पायलट ने आत्महत्या की पुष्टि की है। युवती अयोध्या से यहां कैसे व किस साधन से आई व इतने सुनसान स्थान पर कैसे पहुंची, इसकी जांच की जा रही है। -योगेंद्र कुमार, सीओ सदर

सीएमओ ने रात में किया सीएचसी का निरीक्षण

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार: सीएमओ डॉ. सुशील बनियान ने मंगलवार रात लगभग साढ़े नौ बजे सीएचसी का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में बने अधीक्षक आवास पर ताला लटक रहा था। बताया गया कि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अंशुमान गुप्ता अपने शहर स्थित आवास पर हैं। इनसे मोबाइल फोन पर वार्ता करने का बार-बार प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं उठा। रात में अस्पताल में डॉ. एसएस यादव, फार्मासिस्ट आरके वर्मा और प्रसव कक्ष में ड्यूटी पर स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी रही। सीएमओ ने बताया कि निरीक्षण में सभी उपस्थिति मिलें। अधीक्षक के बारे में पूछने पर गोल-मोल बात करने लगे।

खण्ड विकास अधिकारी विकास कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए पंचायत सहायक।

एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे से अलग करने को पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

पूराबाजार, अमृत विचार : मयाबाजार ब्लॉक में पंचायत सहायक यूनियन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पंचायत सहायकों ने एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य से अलग किए जाने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन बीडीओ विकास कुमार मिश्रा को सौंपा। पूर्णिमा यादव, लव कुश वर्मा, साक्षी तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य में पंचायत सहायकों को शामिल किए जाने की संभावनाओं पर कड़ा विरोध जताया। पंचायत सहायकों ने सर्वे कार्य करने में असमर्थता जताई। प्रतिनिधि मंडल में पंचायत सहायक आभा तिवारी, राजकरण, अंशिका, कंचन यादव, आरती राजभरआदि थे।

पति पर चाकू से किया हमला

अयोध्या कार्यालय

- दंपति के विवाद से पुलिस परेशान, पहले भी सड़क पर किया था बवाल

अमृत विचार : कोतवाली नगर इलाके के एक मोहल्ले में रहने वाले पति-पत्नी के आपसी विवाद से अब पुलिस भी आजिज आ गई है। दोनों में मंगलवार रात फिर विवाद हुआ, जिसके बाद पत्नी ने पति पर किचन में इस्तेमाल होने वाले चाकू से वार कर दिया। घायल पति को जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने पत्नी को पकड़कर रात भर महिला थाने में बिठा रखा, यहां भी उसने हंगामा किया। बताया जाता है कि पति दिनभर नशे में रहता है। पत्नी मानसिक रूप से कुछ बीमार है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि पति ने केस दर्ज कराने से इनकार कर दिया, इसलिए कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई। बताया कि पत्नी को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग विशेषज्ञ के पास भेजा गया है।

करीब 15 दिन पहले पति-पत्नी का विवाद सड़कों पर आ गया था। पति नाराज होकर घर से भाग गया था। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने उसे खोजने में कड़ी मशक्कत की। तीन दिन बाद वह लखनऊ में मिला। इसके एक सप्ताह बाद दोनों का विवाद सड़क पर आ गया। दोनों ने पहले रिकाबगंज स्थित जिला अस्पताल के सामने फिर उदया चौराहे के पास खूब हंगामा किया, पुलिस भी पहुंची लेकिन आपसी विवाद के चलते बेबस नजर आई। इनके आपसी विवाद से परेशान होकर इनके पिता रिटायर्ड चिकित्सक लखनऊ में रह रहे हैं। दोनों सोमवार को लखनऊ पहुंच गए व पिता से भी विवाद किया। गंभीर बीमारी से जूझ रहे पिता ने आजिज आकर इसकी शिकायत चिनहट थाना पुलिस से भी की।

जिला अस्पताल में रामभक्त को मिला नया जीवन

अयोध्या कार्यालय

- गुजरात से परिजनों के साथ देशव्यापी तीर्थयात्रा पर निकली थी वृद्धा

अमृत विचार : परिजनों के साथ एक माह के लिए देशव्यापी तीर्थयात्रा पर निकली गुजरात के कच्छ के बदरगढ़ की निवासी वृद्धा की रामनगरी में तबियत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इमरजेंसी ओपीडी में परीक्षण के दौरान वृद्धा में हृदयाघात की पुष्टि हुई। इमरजेंसी में तैनात टीम ने स्टेमी केयर यूनिट उपचार कर वृद्धा की जान बचा ली।

बरवड़िया बुधीबेन (61) को परिजनों ने बुधवार सुबह पौने आठ बजे के करीब भर्ती कराया। वृद्धा को सीने में दर्द व सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने उनका ईसीजी व अन्य जांचें की तो पता चला कि पीड़िता को मधुमेह तो था ही हृदयाघात से भी ग्रसित थी। इसके बाद डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ की स्टेमी केयर यूनिट की संस्तुति पर प्रतिष्ठित टेनेक्टेप्लेस व इनाक्सापैरिन इंजेक्शन देकर वृद्धा की जान बचा ली। सीएमएस डॉ. अजय सिंह गौतम ने बताया कि महिला रामभक्त को नया जीवन मिलने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि चिकित्सक ने भी श्रीराम के आशीर्वाद की अनुभूति की।

वृद्धा का उपचार करते डॉ. वीरेंद्र वर्मा।

जनरल स्टोर की दुकान में चोरों ने लगाई सेंध, गल्ले से उड़ाए 10 हजार

अयोध्या अयोध्या।

- कोतवाली नगर अंतर्गत आचार्य नरेंद्र देव रेलवे स्टेशन के पास की घटना, केस दर्ज

अमृत विचार : कोतवाली नगर के देवकाली पुलिस चौकी अंतर्गत आचार्य नरेंद्र देव रेलवे स्टेशन के बगल एक कॉलोनी में स्थित जनरल स्टोर की दुकान में चोरों ने छत से सेंध लगाई व अंदर घुसकर गल्ले में रखा 10 हजार रुपये चुरा ले गए। इस इलाके में इसी तरह के एक वारदात देवकाली मंदिर के पास स्थित एक बेकरी की दुकान में भी हो चुकी है।

पीड़ित व्यापारी नयन झुनझुनवाला ने बताया कि चोर ने 31 अगस्त की रात उनकी दुकान की छत पर रखे टीन शेड में सेंध लगाई। वहां थोड़ी सी टीन उखाड़ कर घुसे। चोर ने सिर्फ उनके गल्ले में रखा 10 हजार रुपये ही चुरा ले गए जबकि दुकान में रखे किसी भी सामान को हाथ नहीं लगाया। चोरी के बाद चोर ने दुकान में रखी चार टंकी को एक-दूसरे के ऊपर रखा व उसपर चढ़कर भाग गए। बताया कि उनके दुकान में लगे सीसीटीवी के तार को चूहों ने कुतर डाला, जिससे वह काम नहीं कर रहा। बगल में लगे एक सीसीटीवी में रात करीब एक बजे एक लड़का संदिग्ध हालात में बैग लेकर जाता दिख रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है व जांच कर रही है। कुछ दिनों पूर्व इसी तराह की एक चोरी देवकाली मंदिर के पास स्थित एक बेकरी की दुकान से हुई थी। यहां भी चोर गल्ले में रखा रुपया चुरा ले गए थे, साथ ही किसी तरह के सामान को हाथ नहीं लगाया था। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि टीम बनाकर इस तरह की वारदातों की जांच कराई जाएगी।

एचडीएफसी रिकाबगंज की नई शाख का उद्घाटन करते व्यापार संघ अध्यक्ष सुशील व मेडिकल मार्केट एसो. अध्यक्ष अवि आनन्द।

रिकाबगंज में एचडीएफसी बैंक की नई शाखा शुरू

अयोध्या। रिकाबगंज में एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का बुधवार को जिला व्यापार संघ अध्यक्ष सुशील जायसवाल, मेडिकल मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवि आनंद व सीए सृजन अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बैंक के क्लस्टर हेड शैलेन्द्र सोनी ने कहा कि इससे रिकाबगंज व आस-पास के क्षेत्रों के लोगों तक विश्वस्तरीय बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी। शाखा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि हम अपने सभी ग्राहकों व सहयोगियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, नवाचार व विश्वास प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। इस मौके पर अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

सरकार की दमनकारी व जन विरोधी नीति को जन-जन तक पहुंचाएं : डॉ. निर्मल

अयोध्या कार्यालय

कांग्रेस कार्यालय में बैठक को सम्बोधित करते पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री।

अमृत विचार: कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह भाजपा सरकार की दमनकारी और जन विरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। वह बुधवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर संगठन सृजन अभियान में अब तक गठित ब्लॉक व मंडल कमेटियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा केंद्र एवं राज्य सरकारें जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन है। उन्हें अपने चहेते उद्योगपतियों की ही फिक्र है। उन्होंने नवनियुक्त 11 ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपा। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा भाजपा सरकार जनहित के मुद्दे पर पूरी तरह से फेल हो चुकी है। बैठक में कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, पीसीसी उग्रसेन मिश्रा, राम अवध पासी, शिव पूजन पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

शहर में ई-रिक्शा चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय

अयोध्या कार्यालय।

- एक सप्ताह में तीन ई-रिक्शा हुए हैं चोरी, पलक झपकते ही शातिर चुरा रहे ई रिक्शा

अमृत विचार : ये तीन केस तो बानगी भर हैं। रामनगरी में बाइक चोरी के बाद अब वाहन चोरों ने ई-रिक्शा को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। जिले भर की बात की जाए तो अगस्त माह से अब तक करीब 18 ई-रिक्शा चोरी हो चुके हैं। पुलिस केस दर्ज कर ई-रिक्शा व आरोपियों की तलाश कर रही है लेकिन अभी सफलता नहीं मिली है।

ई-रिक्शा चोरी करने के बाद चोर उसकी बैटरी ही निकालते हैं, शेष हिस्से को कबाड़ के भाव में बेचते हैं। पूर्व में भी वाहन चोरों ने कांशीराम कॉलोनी को निशाना बनाया था। यहां से कई ई-रिक्शा चोरी होने की घटनाएं सामने आई थी। इसके बाद पुलिस ने सभी ई-रिक्शा के मालिकों को निर्देश दिए थे कि वह अपने वाहन को जंजीर से बांधकर ही खड़ा करें। साथ ही इस इलाके में रात्रि गश्त भी बढ़ाई गई, इसके बाद यहां कोई ई-रिक्शा नहीं चोरी हुआ। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि वाहन चोर की धरपकड़ के लिए टीम लगाई गई है। कुछ मामलों में कुछ संदिग्धों की पहचान भी हुई है। जल्द आरोपी पकड़े जाएंगे।

बरवारी टोला में घर के सामने से हुआ चोरी

केस-1 थाना रामजन्मभूमि क्षेत्र के बरवारी टोला निवासी रामबाबू सिंह करीब तीन साल से ई-रिक्शा चलाते हैं। वह रोजाना अपने घर के सामने खड़ा कर उसे चार्ज करते हैं। 25 अगस्त की देर रात उनके घर के सामने से ही ई-रिक्शा चोरी हो गया।

सरयू पुल बाईपास से हुआ गायब

केस-2 मनीष शुक्ला निवासी मतगजेंद्र चौराहा अयोध्या 15 अगस्त की रात आठ बजे कोतवाली अयोध्या अंतर्गत स्थित सरयू पुल बाईपास पर ई- रिक्शा खड़ा कर बाथरूम गया था, जब तक लौटकर आया ई-रिक्शा चोरी हो गया था।

सालिकराम शिला के पास से हुआ चोरी

केस-3 अमेठी निवासी राजेश सिंह ने एक सितंबर की रात करीब 1:30 बजे अपना ई-रिक्शा कोतवाली अयोध्या अंतर्गत स्थित सालिकराम शिला के पास खड़ा कर बाथरूम गया था। मात्र पांच मिनट में वापस आया तो ई रिक्शा चोरी हो गया था।

जिला स्कूली बालिका खो-खो में बापू बालिका को दोहरा खिताब

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: बापू बालिका इंटर कॉलेज के संयोजन में डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम मकबरा में बुधवार को जनपदीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्रीड़ा संस्थान के प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी बसंत कुमार, स्टेडियम प्रभारी नरेंद्र पाल, प्रदेश खो-खो संघ के सचिव विनोद कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया।

प्रतियोगिता में बापू बालिका टीम ने अंडर-17 व अंडर-14 वर्ग में जीत दर्ज कर दोहरा खिताब हासिल किया। वहीं जीजीआईसी अंडर-19 वर्ग की विजेता रही। अंडर-14 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में जीजीआईसी ने निर्भय सिंह इंटर कॉलेज को 5-1 अंक से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में बापू बालिका गर्ल्स इंटर कॉलेज ने जूनियर हाई स्कूल चौरे बाजार टीम को 7-1 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बापू बालिका टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए जीजीआइसी पर एक पाली तीन अंकों से खिताबी जीत दर्ज की। अंडर-19 वर्ग के फाइनल में जीजीआईसी टीम ने बापू बालिका टीम को दो अंकों से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। अंडर-17 वर्ग के फाइनल मुकाबले में बापू बालिका इंटर कॉलेज टीम ने प्रतिद्वंदी जीजीआईसी टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। पुष्पा यादव, आकांक्षा यादव, अनुज विश्वकर्मा, गुंजन, सेजल यादव हरिकृष्ण, योगेश्वर सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर संयोजिका पुष्पा खरे, मंडलीय स्कूली क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला सचिव अभिषेक सिंह, माला यादव, वंदना चौरसिया आदि मौजूद रहीं।

जिला खो-खो बालिका अंडर-17 की विजेता बापू बालिका टीम। अमृत विचार

प्रदेशीय सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस ट्रायल में चयनित खिलाड़ी। अमृत विचार

प्रदेशीय लॉन टेनिस सिविल सर्विसेज ट्रायल में चयनित हुए खिलाड़ी

अयोध्या, अमृत विचार : डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में बुधवार को प्रदेशीय सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस का चयन ट्रायल हुआ। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 63 बटालियन के कमाण्डेन्ट सतीश कुमार दुबे व आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। ट्रायल में विभिन्न मंडलों के 13 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। ट्रायल में सीआरपीएफ के अन्सार अहमद व बादल निर्णायक रहे। उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रतिनिधि आशीष कुमार ने खिलाड़ियों खेल प्रदर्शन के आधार पर चयन किया। ट्रायल के बाद पुरुष वर्ग में प्रदीप कुमार, अतुल सिंह, बृजेश कुमार, भूपेन्द्र एस चौधरी, अमित राज, राकेश तिवारी व महेश चयनित हुए हैं। महिला वर्ग में मीता अरोरा, सीमा सिन्हा व गीता शर्मा चयनित की गई हैं।

मोबाइल लूटने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबेडकरनगर। जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र में पुलिस और स्वाट सर्विलांस की टीम ने मोबाइल लूट के मामले में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने बताया कि बीते 29 अगस्त की रात अहिरौली थाना क्षेत्र में तीन जगहों पर छिनैती की घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने मामले में आंशिक सिंह और बीरू को गिरफ्तार किया है। आंशिक सिंह धनेपुर गांव का रहने वाला है, जबकि बीरू शहजादपुर का निवासी है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों का एक गिरोह है। जिसमें शिवम, धुरिया, गोविंद, कट्टर उर्फ अवधेश और अभिषेक भी शामिल हैं। 29 अगस्त को निमंत्रण से लौटते समय गिरोह ने टिकुलीगंज पुल के पास दो लोगों से मोबाइल और रुपये छीने। हरीपुर में एक व्यक्ति से भी लूटपाट की। 26 अगस्त को अकबरपुर क्षेत्र के कुड़वा चितौना गांव के पास आंशिक, शिवम और गोविंद ने एक व्यक्ति का मोबाइल छीना था। आरोपी बीरू लूटे गए मोबाइल को अपने परिचित दुकानों पर बेच देता था। पुलिस ने आरोपियों से दो मोबाइल फोन और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

जिले में आठ करोड़ रुपये से बनेगा अत्याधुनिक स्टेडियम

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: जनपद के विकासखंड भियांव की ग्राम पंचायत किशुनदासपुर स्थित राजस्व गांव समैसा में युवाओं के लिए आठ करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। लगभग पांच बीघे भूमि पर बनने वाले इस स्टेडियम की जिम्मेदारी युवा कल्याण विभाग को सौंपी गई है।

जिला युवा कल्याण अधिकारी सुभाषिनी ने बताया कि इस स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए अनेक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां एक बहुद्देशीय हॉल का निर्माण होगा जिसमें विभिन्न प्रकार के इंडोर खेल आयोजित किए जा सकेंगे। इसके अलावा ओपन जिम, दौड़ ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट और अन्य खेल संरचनाएं भी तैयार की जाएंगी ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेल की दिशा में आगे बढ़ सकें। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुनील यादव ने बताया कि यह केवल एक स्टेडियम ही नहीं बल्कि एक संपूर्ण खेल परिसर होगा। यहां भविष्य में विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा सकेगा। उनका कहना है कि इस परियोजना से स्थानीय प्रतिभाओं को नई पहचान मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल में करियर बनाने का अवसर प्राप्त होगा।

परिसर के विभिन्न विभागों का कुलपति ने किया निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय आवासीय परिसर के विभिन्न विभागों का बुधवार को लपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। लैब एवं कक्षाओं सहित छात्रों की उपस्थिति पंजिका एवं टाइम टेबल देखा। विभिन्न विभागों में पेयजल सुविधाओं के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं की वस्तु स्थिति को लेकर शिक्षकों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्र, कला संकाय अध्यक्ष आशुतोष सिन्हा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

अवध विवि में निरीक्षण करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

तनाव कम करने के लिए करें नियमित व्यायाम: डॉ. आलोक

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा बुधवार को एक दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. एसएस मिश्र ने छात्र-छात्रों को बताया गया कि संयम और योग के माध्यम से कैसे अपने जीवन शैली को स्वस्थ और सहज बनाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि जिला अस्पताल के मनोवैज्ञानिक डॉ. आलोक मनदर्शन ने कहा कि तनाव और चिंता को कम करने के लिए नियमित व्यायाम करें। पर्याप्त नींद लें। स्वस्थ और संतुलित आहार का सेवन करें और प्रकृति में समय बिताएं। विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. दीप शिखा चौधरी ने बताया तनाव एवं चिंता को किस प्रकार नियंत्रित किया जाए। इस मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, विभागाध्यक्ष प्रो. तुहिना वर्मा, प्रो. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. रंजन सिंह, डॉ. सोनी तिवारी, डॉ. आजाद पटेल समेत एमएससी के छात्र मौजूद रहे।

जीजा के बुलाने पर अयोध्या से आईं दो बहनें हमीरपुर में भटकीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार: जिले की चाइल्ड लाइन यूनिट ने अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र के सौहावल गांव से भटक कर हमीरपुर पहुंचीं दो नाबालिग बहनों को बस स्टैंड के पास स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक से बरामद किया है। बच्चियों के मुताबिक दोनों अपने जीजा के कहने पर हमीरपुर आईं हैं। जीजा का मोबाइल बंद होने पर बैंक के बाहर रो रहीं थीं।

अयोध्या जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र के सौहावल गांव निवासी जगजीवन की पुत्री खुशी (15) और बहन खुशबू (5) मंगलवार की दोपहर ट्रेन के जरिए कानपुर पहुंचीं। वहां से बस पकड़कर हमीरपुर आईं। यहां उन्होंने अपने जीजा को फोन लगवाया, लेकिन फोन न लगने पर दोनों बहनें बस स्टैंड के समीप पंजाब एंड सिंध बैंक के बाहर बैठकर रोने-बिलखने लगीं। बैंक के गार्ड ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोगी पीआरडी जवान सुरेश चंद्र को सूचना दी। पीआरडी जवान सुरेश चंद्र फौरन ट्रैफिक पुलिस के सिपाही धर्मेंद्र कुमार के पास लेकर पहुंचे, जहां पुलिस ने दोनों को पहले खिलाया-पिलाया और फिर घर पहुंचाने का भरोसा दिया। सिपाही धर्मेंद्र ने चाइल्ड लाइन यूनिट को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

20 छात्रों को बांटी गई साइकिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: सामाजिक संस्था अल इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से ताजपुर स्थित मुख्यालय पर ईद-ए-जहरा के अवसर पर नौ रबीउल अव्वल को 20 जरूरतमंद शिक्षार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। नंदनी, जामिन हैदर, मोहम्मद असगर, रहबर हुसैन, जमन अब्बास तथा हसन फराज, मोहम्मद मिन्हाल, उरुज अब्बास, मोहम्मद मशहूद आदि को संस्था के अध्यक्ष ख्वाजा शफाअत हुसैन एडवोकेट के हाथों से उपहार स्वरूप साइकिल मिली तो उनके चेहरे खिल उठे। छात्रा नंदनी ने कहा कि अभी वह पैदल विद्यालय जाती थी लेकिन अब साइकिल से पढ़ने के लिए जाना सुगम होगा।

अल इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन ख्वाजा शफाअत हुसैन ने बताया कि संस्था की ओर से विशेष अवसरों पर छात्र-छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की जाती हैं ताकि उनकी शिक्षा जारी रह सके और आवागमन में सुविधा हो। यह योजना मुख्य रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को केंद्र बिंदु में रखकर चलाई जाती हैं। उक्त अवसर पर गुलाम अली लाडले, अबरार हुसैन, आरजू, इर्शाद, जफर अब्बास, नजमुल हसन समेत कई लोग मौजूद थे।

छात्रों को साइकिल वितरित करते ख्वाजा शफाअत हुसैन। अमृत विचार

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की गयी जान

रफ्तार की मार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जिले के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर-टांडा मार्ग पर बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। अरिया पुलिस चौकी के पास हुए इस हादसे ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय धर्मपाल पुत्र लल्लू निवासी ततारपुर सम्भल और 22 वर्षीय दीपक पुत्र सतरेश निवासी हयातनगर सम्भल के रूप में हुई है। दोनों अकबरपुर में रहकर फेरी का काम करते थे और घटना के वक्त फेरी लगाकर लौट रहे थे। हादसे की खबर सुनते ही स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। वाहन की तलाश की जा रही है।

संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

आजमगढ़, अमृत विचार: दीदारगंज थाना क्षेत्र के करुईं गांव में बुधवार को संदिग्ध हालात में एक विवाहिता का शव जामुन के पेड़ से लटका मिला। वह मायके में रह रही थी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। करुईं निवासी रोशनी यादव (24) की शादी पवई थाना क्षेत्र के खैरूद्दीनपुर निवासी अवनीश यादव से हुई थी। बीते मार्च से वह मायके में रह रही थी। मंगलवार देर शाम वह घर से निकलने के बाद नहीं लौटी। रात तक परिवार ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। बुधवार सुबह अशोक के घर के पीछे खेत में चारा काटने गई एक महिला ने उसका शव पेड़ से लटकता देखा। सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। सीओ फूलपुर, नायब तहसीलदार मार्टीनगंज, फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम ने भी जांच की। घटना की जानकारी होते ही ससुराल पक्ष के लोग भी पति के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ फूलपुर किरनपाल सिंह और नायब तहसीलदार अरुण कौल ने निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच सभी पहलुओं पर की जा रही है। रोशनी चार बहनों और एक भाई में दूसरे नंबर पर थी। पिता अशोक रोजी-रोटी के सिलसिले में लुधियाना रहते हैं।

अंबेडकरनगर डायरी

उमर बान गांव में ननिहाल आए बालक की करंट लगने से मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर : मालीपुर थाना क्षेत्र के उमर बान गांव में ननिहाल आया सात वर्षीय बच्चा करंट की चपेट में आने से झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने उसे सीएचसी नगपुर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी युवक ने अपनी गली में बिजली का तार फैला कर उसमें करंट दौड़ाया था। कोतवाली जलालपुर के फरीदपुर निवासी इरशाद पुत्र मो. सईद बुधवार को अपनी मां आसमा खातून के साथ मालीपुर क्षेत्र के उमरबान गांव में अपने ननिहाल गया था। घर के करीब विक्रम सिंह की आटा चक्की है। जिन्होंने घर व चक्की के बीच रास्ते में बिजली का तार लगाकर उसमें करंट दौड़ाया था।

बिजली का बिल जमा करने को लेकर हुआ विवाद, मुकदमा दर्ज

टांडा, अंबेडकरनगर : बिजली का बिल जमा करने को लेकर हुए विवाद में पुत्र व पुत्रवधू ने अपने पिता की जमकर पिटाई कर दी जिससे वृद्ध पिता का सिर भी फट गया। कोतवाली पुलिस ने पति पत्नी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है। मामला टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया का है। उक्त ग्राम में बीते 2 सितम्बर की शाम बिजली के बिल जमा करने की बात को लेकर पिता घुरपत्ती व पुत्र रामचंद्र के बीच कहा सुनी हो रही थी। मामला बढ़ने पर पुत्र रामचंद्र तथा पुत्र वधु अनीता ने मिलकर घुरपत्ति को जमकर मारा पीटा और जान से मारने की भी धमकी दी। पिता की तहरीर पर पुत्र व पुत्रवधू के विरुद्ध मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

संवाददाता जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता को दहेज के नाम पर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने पति, सास व ससुर समेत अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। जलालपुर थाना क्षेत्र के नगपुर करीमपुर निवासी रूपेश कुमार ने बताया कि उसकी पुत्री निधि की शादी विजय पुत्र राम निवासी परसा थाना धनघटा संतकबीरनगर से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। पिता ने बताया कि पुत्री के पति विजय कुमार, ससुर राम निवास, सास रामादेवी, ननद नीलम और देवर बृजेश पांच लाख रुपये नकद, एक स्विफ्ट डिजायर कार और एसी की मांग कर रहे थे। पीड़िता के मुताबिक यहां तक कि उसे कई बार जान से मारने की धमकी भी दी गयी। मांग पूरी न करने पर पुत्री को आए दिन मारपीट व धमकियों का सामना करना पड़ा। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

विद्यालय गई छात्रा दस हजार रुपये और जेवरात लेकर हुई फरार

संवाददाता जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : विद्यालय गई छात्रा अपने साथ दस हजार रुपये नगद तथा जेवरात लेकर फरार हो गई। उसके इस कृत्य से परिजन काफी मर्माहत हैं। इस मामले में परिजनों ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 अगस्त 2025 को मेरी पुत्री घर से विद्यालय के लिए निकली थी तभी से वह अब तक वापस घर पर नहीं आई। बताया कि परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। काफी तलाश करने बाद परिजन थक हारकर बैठ गये। इसके बाद सुराग लगा कि कोतवाली क्षेत्र के प्रसून राय उर्फ सुशील के साथ गई है। जब प्रसून राय से फोन पर बात करना चाहा तो गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

बरावफात की तैयारियां पूरी, ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जिले में बरावफात पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गयी है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि जुलूसों की निगरानी के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। जिले में कुल 173 जुलूस निकाले जाएंगे। सभी जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। जुलूस मार्गों का थानों द्वारा निरीक्षण कर लिया गया है। सुरक्षा को देखते हुए पीआरपी और रात्रि पेट्रोलिंग की टीमों को गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठकें कर ली गई हैं। बैठकों में सीओ, एसडीएम व एसएचओ के साथ ही केंद्रीय पीस कमेटी की बैठक भी हुई जिसमें विभिन्न धर्मों के लोगों ने प्रतिभाग किया। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया है।

किशोरियों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की दी गयी जानकारी

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : किशोरी बालिकाओं को सशक्त बनाने व उन्हें विकास की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत जनपद के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जिलास्तरीय भ्रमण किया गया। कार्यकर्ताओं ने किशोरियों के विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जन विकास केन्द्र भितरीडीह द्वारा आयोजित इन्टरफेस कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए समाजसेवी मनोज कुमार ने बताया कि सरकार और समाज के साझे में सरकारी विभागों से समन्वयन बनाकर योजनाओं से लोगों को जोड़ना ही हमारा उद्देश्य है। केन्द्र सचिव गायत्री के निर्देशन में छह सदस्यीय शिष्टमंडल द्वारा पुलिस विभाग, विकास विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहित बाल कल्याण समिति, वन स्टाप सेण्टर समेत विभिन्न विभागों का भ्रमण कर महत्वपूर्ण ज्ञान जानकारी व सीख हासिल की गई। इन्टरफेस कार्यक्रम को सफल बनाने में निरकला, छोटेलाल, गुलशन, विजेन्द्र, अनुपम, धीरेन्द्र आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ईद मिलादुन्नबी पर आज और कल होंगे विविध कार्यक्रम

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: जलालपुर कस्बा और आस-पास के इलाकों में पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां शुरू हो गई है। इस बार का पर्व इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह रसूले अकरम के जन्मदिवस का 1500वां साल है। पर्व को लेकर अकीदतमंदों में बेहद उत्साह है। सडक़ों, गलियों और बाजारों में आकर्षक सजावट की गई है। लोग परम्पराओं को जीवित रखने और भाईचारे का संदेश फैलाने के लिए अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। नगर के दलालटोला में मरकजी तहफ्फुजे नामूसे रिसालत कमेटी के तत्वावधान में 04 सितम्बर को रात्रि में आयोजित होने वाले जुलूस मुहम्मदी कार्यक्रम में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ेगा। गंजे शहीदां से शुरू होने वाले कार्यक्रम में अंजुमन आशिकाने रसूल, अंजुमन निदा, इस्लाम, अंजुमन मंजरे इस्लाम, अंजुमन फारुकिया नगपुर, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन समेत डेढ़ दर्जन अंजुमनें नातख्वानी करेंगी। कार्यक्रम का आगाज अंजुमन मुहिब्बाने वतन दलालटोला की नातख्वानी से होगा। पांच को रात्रि में काजीपुरा में जश्ने ईदमिलादुन्नबी में उल्माओं और अंजुमनों की नातख्वानी के दौरान हजरत मुहम्मद साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

आपसी सुलह से कराएं वादों का हल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीता कौशिक के निर्देशन में पेट्टी ऑफेंस विशेष लोक अदालत 10 से 12 सितंबर तक व राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को जिला न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, समस्त तहसीलों और कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होगा। इस संबंध में बुधवार को एडीआर भवन जनपद न्यायालय में मोहन कुमार विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता एवं भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में बैठक हुई। निर्देशित किया गया कि अधिकतम वादों को लोक अदालत में नियत कर निस्तारित कराया जाए। सुलह योग्य वादों में पक्षकारों और अधिवक्ताओं को प्री-ट्रायल बैठकों के माध्यम से समझौते को प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया। अपर जिला जज ने बताया लोक अदालत में फौजदारी वाद, भरण-पोषण, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, बैंक ऋण सहित अन्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की ओर से पारित निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक करते भारतेंदु प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

अनदेखी | करीब पांच साल पहले लाखों रुपये की लागत से बना था, देख-रेख के अभाव में जंगली जानवरों का बन चुका है अड्डा

एएनएम सेंटर बदहाल, इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण

सम्मनपुर अंबेडकरनगर

अमृत विचार: गोलपुर ग्राम सभा में स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह बेपटरी हैं। करीब पांच साल पहले यहां लाखों की लागत से बना एएनएम सेंटर दम तोड़ चुका है। इलाज के लिए ग्रामीण इधर-उधर भटक रहे हैं। जिम्मेदार पूरी तरह से बेपरवाह बने हुए हैं।

जलालपुर तहसील के ग्राम सभा गोलपुर में निर्मित एएनएम सेंटर सांप, बिच्छू और तमाम विषैले जंगली जीव-जंतुओं का अड्डा बना हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी बदहाली व एएनएम की नियुक्ति के लिए कई बार शिकायत की लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सुनवाई नहीं हुई। भवन अंदर और बाहर जंगल और झाड़ियों से घिरा हुआ है। खिड़कियां गायब हो चकी हैं। हालत यह कि यहां आदमी दिन में भी जाने से कतराता है। ग्रामीण छोटी-मोटी समस्याओं के लिए भारी भरकम फीस देकर बाहरी डॉक्टरों से स्वास्थ्य सुविधाएं लेने को मजबूर हैं। महिलाएं और बच्चे दूरदराज के निजी नर्सिंग होम और झोलाछाप के चक्कर में पड़कर अपनी कमाई का हिस्सा इन तथा कथित डॉक्टरों को देने पर मजबूर हैं। गोलपुर के लोगों ने संबंधित अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

ग्राम सभा गोलपुर का बदहाल एएनएम सेंटर। अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय में बैठकर करती हैं काम

केंद्र पर एएनएम नीलम यादव की तैनाती तीन वर्ष पूर्व की गई थी। उन्होंने बताया भवन चारों तरफ से जंगल झाड़ियों से घिरा है। इसलिए वह गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बैठकर अपना कार्य निपटाती है। सीएचओ राखी सिंह की तैनाती एक साल पूर्व हुई है। अभी तक उनको हेल्थ वैलनेस सेंटर भी नसीब नहीं हो सका है। जिससे उन्हें गांव में ही किसी के घर पर अथवा प्राथमिक विद्यालय में बैठकर मरीजों को देखना पड़ रहा है। ग्रामीण प्रदीप पांडे, शिवांश पांडे, अवधेश पांडे, मनमोहन मिश्रा, लालमन वर्मा, कपिल देव वर्मा, महेंद्र वर्मा, राम प्यारे आदि लोगों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी से अविलंब एएनएम सेंटर को अस्तित्व में लाने की है।

जिलाधिकारी को दी है लिखित सूचना

स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जलालपुर डॉ. अनिल त्रिपाठी ने बताया कि बदहाल सेंटर के बारे में जिलाधिकारी को लिखित सूचना दी गई है। डीएम द्वारा सक्षम अधिकारी से भौतिक सत्यापन कराकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अमृत विचार

अयोध्या, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

साक्षी का जेएनयू में पीएचडी में चयन

साक्षी

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय ब्लॉक के खंडौली गांव की साक्षी द्विवेदी ने जेएनयू, दिल्ली में पीएचडी (कोरियन स्टडी) में प्रथम रैंक हासिल की। किसान अनिल दूबे की पुत्री साक्षी ने श्री सिंहाराय शिक्षण संस्थान, हलियापुर और राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज, पिठला से शिक्षा पूरी की। मध्यमवर्गीय परिवार से निकलकर मेहनत और लगन से साक्षी ने यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अपात्र राशनकार्ड धारकों की सूची जारी

सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर तहसील में अपात्र राशनकार्ड धारकों की सूची जारी कर सत्यापन शुरू कर दिया गया है। चार पहिया वाहन मालिक, आयकरदाता, बड़ी संपत्ति वाले व लंबे समय से राशन न लेने वाले लोग सूची में शामिल हैं। पूर्ति निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि अपात्र पाए जाने वालों के कार्ड निरस्त किए जाएंगे। प्रशासन ने कहा कि वास्तविक पात्र लाभार्थियों का कार्ड सुरक्षित रहेगा।

बाइक चोरी, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बेथरा गांव निवासी अखिलेश कुमार बीते 28 अगस्त को सूरापुर बाजार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम देखने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक वर्मा इलेक्ट्रॉनिक मार्केट के पास खड़ी की थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वे लौटे तो उनकी बाइक गायब मिली। पीड़ित ने मंगलवार को कोतवाली में चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

एसडीएम ने रद किया तहसीलदार का फैसला

पैतृक संपत्ति विवाद से जुड़े मामले में एसडीएम सदर ने तहसीलदार बल्दीराय के आदेश को किया निरस्त

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः एसडीएम सदर ने एक महत्वपूर्ण आदेश देते हुए मृतक रामसागर की पुत्री होने का दावा करने वाली अपीलकर्ता रूबी गुप्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है। उपजिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी ने 2 सितंबर को पारित आदेश में तहसीलदार बल्दीराय द्वारा दिए गए 18 दिसंबर 2023 के आदेश को निरस्त कर दिया। अपीलकर्ता रूबी गुप्ता के वकील राजेश शुक्ल के मुताबिक परसपुर बरासिन निवासी रूबी ने स्वयं को मृतक रामसागर की एकमात्र पुत्री बताते हुए पैतृक संपत्ति पर उत्तराधिकार का दावा किया था। वहीं, विपक्षी लक्ष्मीनारायण उर्फ गूंगा ने स्वयं को मृतक रामसागर का सगा भाई बताकर संपत्ति पर हक जताया। न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों और अभिलेखों के अवलोकन के बाद यह स्पष्ट किया कि अपीलकर्ता वास्तव में मृतक रामसागर की पुत्री है। आदेशानुसार, ग्राम बरासिन, गोविंदपुर मखदूमपुर की खतौनी से लक्ष्मीनारायण उर्फ गूंगा का नाम निरस्त कर रूबी गुप्ता का नाम उत्तराधिकारी के रूप में दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

संविदा चिकित्सक हत्याकांड में पूर्व नगर कोतवाल तलब

संवाददाता, सुलतानपुर : शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते साल हुए संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड की सुनवाई बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत में हुई। अभियोजन गवाह एफआईआर लेखक कांस्टेबल स्नेह कुमार की गवाही दर्ज की गई। कोर्ट ने अभियोजन गवाह विवेचक रहे पूर्व नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय को पुनरु तलब कर सुनवाई के लिए 10 सितंबर की तारीख नियत की है। एडीजीसी वेद प्रकाश के मुताबिक मामले में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर हत्या, षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोप तय किए जा चुके हैं। वहीं, आरोपी विजय नारायण सिंह की हत्या हो चुकी है और जगदीश नारायण की भी मृत्यु हो गई, जिससे उनके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया है।

दहेज हत्या के आरोपी ससुर की जमानत अर्जी खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर : प्रभारी सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत ने कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के पांचोपीरन निवासी दहेज हत्या के आरोपी मुख्तार अहमद की द्वितीय जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। आरोपी पर अपनी बहू शाहिदा बानो को दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप है। वादिनी सबीन अहमद की ओर से दर्ज मुकदमे के अनुसार, शादी के बाद लगातार बुलेट व कार की मांग की जाती रही। इसी प्रताड़ना के चलते शाहिदा की असामान्य परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। बचाव पक्ष ने स्वास्थ्य व निर्दोष होने का तर्क दिया, जबकि अभियोजन ने अपराध की गंभीरता व पूर्व में उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत निरस्त किये जाने का हवाला देते हुए विरोध किया। न्यायालय ने नवीन आधार न होने के चलते आरोपी की जमानत अर्जी अस्वीकार कर दी। सबीन ने अपनी बहन शाहिदा बानो की शादी 7 फरवरी 2022 को गांव के ही मोहम्मद शमी खान के साथ किया था। आरोप है कि कम दान-दहेज को लेकर 22 जनवरी 2024 को कार की मांग पूरी न होने पर हत्या कर थी। पति मो शमी खान, ससुर मुख्तार अहमद, सास तारा बानो समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

सन्तोष सिं ह हत्याकांड में अभियोजन की बहस पूरी

प्रधानी चुनाव की रंजिश में दुर्घटना कर सन्तोष सिंह की हत्या करने के मामले में न्यायाधीश राकेश पांडेय की कोर्ट में बुधवार को अभियोजन ने अपनी बहस पूरी की। एडीजीसी संजय सिंह ने बताया बचाव पक्ष की बहस के लिए कोर्ट ने 5 सितंबर की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक आयुष्मान अस्पताल एचएएल के निकले मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पश्चिम दुआरा निवासी संतोष सिंह का दीनापुर पुल के पास 17 अक्टूबर 2021 को रोड एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी मधुलिका सिंह ने विजय प्रताप सिंह उर्फ गल्लन, उदय प्रताप सिंह और चालक पर गैरइरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

हत्या के आरोपी को कोर्ट से जमानत

विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट संध्या चौधरी की अदालत ने जौनपुर के सरपतहा थानाक्षेत्र निवासी टेंट संचालक आरोपी राजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को हत्या के मामले में जमानत दी। आरोप था कि उसने अनुसूचित जाति के युवक छोटू को बीती 8 मई को घर से जबरन ले जाकर पिटाई करते हुए करौंदीकला थानाक्षेत्र के बलमऊ गांव में छोड़ा। बाद में पुलिस व एम्बुलेंस की मदद से कादीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया व इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बचाव पक्ष ने चोटों को सड़क हादसे से जोड़ते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट के निशान न होने का हवाला दिया। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को जमानत प्रदान की।

इच्छानाथ यादव मर्डर केस में वादी की गवाही दर्ज

प्रधान प्रतिनिधि हत्याकांड में बुधवार को न्यायाधीश राकेश की अदालत में वादी मुकदमा शिवपूजन की गवाही दर्ज की गई। जिनसे बचाव पक्ष ने जिरह की। कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 10 सितंबर की तारीख नियत की है। एडीजीसी संजय सिंह के मुताबिक घटना बल्दीराय थाने के अशरफपुर गांव में हुई थी जिसकी एफआईआर मृतक के चचेरे भाई शिवपूजन यादव ने लिखाई थी। जिसके अनुसार इच्छानाथ यादव नौ अक्टूबर 24 की सुबह साढ़े चार बजे शौच के लिए गया था। रास्ते में घात लगाकर बैठे महमूदपुर के दरोगा यादव, अमरजीत, व अनिल तथा अशरफपुर के अर्जुन यादव और राम अचल ने घेर कर तमंचे से गोली मारी और बाइक से भाग गए। जिससे इच्छानाथ की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। घटना में सचिन यादव, अनिकेत, लकी यादव और कई अन्य आरोपियों के नाम प्रकाश में आए। इसी मामले में फरार आरोपी अभिषेक गोस्वामी के खिलाफ पुलिस कुर्की की कार्रवाई कर चुकी है।

पूर्व विधायक संडा के केस में गवाही टली

संवाददाता, सुलतानपुर : एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में बुधवार को पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ दर्ज केस में कोई साक्षी उपस्थित नहीं हुआ। अदालत ने 18 सितंबर के लिए साक्षी को तलब किया है। कोतवाली नगर के तत्कालीन उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने 20 फरवरी 2022 की घटना बताते हुए तत्कालीन सपा प्रत्याशी अनूप संडा के खिलाफ केएनआईटी कस्बे में मंदिर के पास गलत तरीके से सभा आयोजित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पूर्व विधायक के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रायल चल रहा है।

अपहरण और दुष्कर्म में सीएमओ की गवाही दर्ज

किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में बुधवार को न्यायाधीश राकेश की अदालत में जौनपुर की सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह की गवाही दर्ज की गई। उनसे बचाव पक्ष ने जिरह की। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 27 अक्टूबर की तारीख नियत की है। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी का 25 अक्टूबर 2017 को आरोपी ने अपहरण कर लिया था। अज्ञात में केस दर्ज केस में पुलिस ने गांव के ही आरोपी राजू के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट मे दाखिल की। इसी मामले में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करने वाली सीएससी अमेठी में तैनात रही गायनोलॉजिस्ट डॉक्टर लक्ष्मी सिंह की गवाही दर्ज की गई।

सैदपुर चीनी मिल में लगा ड्रिप इरीगेशन संयंत्र

सैदपुर चीनी मिल में लगा संयंत्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

● कम पानी में अधिक उपज की तकनीक से किसान होंगे प्रेरित

अमृत विचारः गन्ना किसानों की उपज और संसाधन बचत के लिए जिले में एक नई पहल की गई है। उद्यान विभाग की 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप-माइक्रो इरीगेशन' योजना के तहत किसान सहकारी चीनी मिल, सैदपुर के फार्म पर ड्रिप इरीगेशन संयंत्र स्थापित किया गया है।

इसके लिए यूपीएमआईपी पोर्टल पर पंजीकृत कंपनी टू वैल्यू इरीगेशन, गुजरात का चयन किया गया। कंपनी ने गन्ने की 3 हेक्टेयर फसल में आधुनिक तकनीकी उपकरण सैंड फिल्टर, डिस्क फिल्टर, प्रेशर गेज, हाइड्रोसाइक्लोन और हाई-क्वालिटी एयर रिलीज वाल्व का उपयोग कर यह संयंत्र तैयार किया। कंपनी के स्टेट हेड सुरेश कुमार यादव और प्रतिनिधि मनीष कुमार पाठक ने बताया कि इस तकनीक से गन्ने की पैदावार में वृद्धि होगी और पानी की खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी।

संयंत्र स्थापना के बाद जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह व वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पवन कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर थर्ड पार्टी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इसे किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इस पहल से प्रेरणा लेकर जिले के अन्य गन्ना उत्पादक भी अपने खेतों में ड्रिप इरीगेशन तकनीक अपनाएंगे।

मवेशियों में बीमारी रोकने को वैक्सीनेशन अभियान करें तेज: विधायक

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में मवेशियों में खुरपका-मुंहपका और लंपी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने पशुपालकों और पशु चिकित्सा विभाग से टीकाकरण अभियान को तेज करने की अपील की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि जो परिवार दूध बेचकर जीविकोपार्जन करते हैं, उनके पशु यदि इस बीमारी की चपेट में आ गए तो उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने गौपालकों से अपील की कि वे अपने मवेशियों का टीकाकरण अवश्य कराएं और विभागीय टीमों को पूरा सहयोग दें। दियरा पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर बॉर्डर के गांवों से वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की गई है। काछा भिटौरा और नानेमऊ गांव में पिछले तीन दिनों से टीकाकरण चल रहा है। विधायक ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

मौलेश्वरनाथ मंदिर की संपत्ति में हेराफेरी का आरोप, जांच शुरू

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः बल्दीराय क्षेत्र स्थित प्राचीन बाबा मौलेश्वरनाथ महादेव मंदिर की संपत्ति को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

शिकायतकर्ता उमाशंकर तिवारी ने बताया कि वर्ष 1963 में स्व. गिरजा प्रसाद पांडेय (पूर्व आईएएस) ने श्री महादेव मंदिर ट्रस्ट, मिझूटी बल्दीराय की स्थापना की थी। तब से ट्रस्ट मंदिर की लगभग 52 बीघा जमीन और संपत्ति की देखरेख करता आ रहा है। उनके अनुसार, ट्रस्ट की बैठकों में समय-समय पर कार्यवाही और विकास संबंधी एजेंडे पारित होते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अनधिकृत लोग व्यक्तिगत लालच में आकर एक नई कमेटी का गठन कर मंदिर की संपत्ति पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि इस नई कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार यादव और अन्य सदस्य अनाधिकार रूप से गठित किए गए हैं, जिन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उमाशंकर तिवारी ने संबंधित दस्तावेज उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, मामले की जांच कराई जा रही है।

जेपी चौबे की पुण्यतिथि पर किया रक्तदान

● ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के पूर्व महामंत्री स्व. जेपी चौबे की 17वीं पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पूर्व महामंत्री स्व. जेपी चौबे की 17वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को यूनियन कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सहायक मंडल मंत्री अशोक चौबे मुख्य अतिथि रहे।

सभा में पूर्व शाखा मंत्री टीएन शुक्ला, महावीर प्रसाद यादव, अनिल श्रीवास्तव, एससी द्विवेदी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ फार्मासिस्ट केशव गुप्ता ने बताया कि सभा के बाद सभी साथी जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया। रक्तदाता में राकेश मणि यादव, शीतला प्रसाद दुबे, कमलेश कुमार, राहुल अवस्थी, अरुणजय कुमार, इंद्रजीत दुबे, कैलाश चंद्र मीना और हरिमोहन चौबे शामिल थे। शाखा मंत्री आसिम सज्जाद ने स्व. जेपी चौबे के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। नियमित रक्तदान के लिए एनआरएमयू सुलतानपुर को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सम्मानित भी किया गया।

ब्लड बैंक में रक्तदान करते रेलकर्मी। ● अमृत विचार

बेटा-बहू ने बुजुर्ग मां-बाप को पीटा

सुलतानपुर, अमृत विचारः बल्दीराय तहसील के मानापुर रोड नंदौली निवासी कल्पनाथ व उनकी पत्नी प्रेमा देवी ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई। बुजुर्ग दंपति ने बताया कि उनके तीन बेटे दिनेश रमेश व सुरेश हैं। बड़ा बेटा दिनेश व उसकी पत्नी गीता उन्हें व उनकी पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के साथ मारते पीटते भी हैं। दिनेश व उसकी पत्नी गीता का चाल चलन भी ठीक नहीं है। जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी गिर रही है। दंपति ने बताया कि मेरे व मेरी पत्नी द्वारा दोनों को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया गया है।

बरवारीपुर ने जीआईसी को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः जिले के कादीपुर स्थित रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज, बरवारीपुर मैदान में जनपद स्तरीय सब जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रधानाचार्य सुभाष चंद यादव की अगुआई में चौदह वर्षीय बालक वर्ग की इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया।

सेमीफाइनल में सर्वोदय लंभुआ और जीआईसी बरवारीपुर तथा बरवारीपुर और बेसिक की टीमें पहुंची। पहले सेमीफाइनल में जीआईसी ने सर्वोदय को 74 रन पर रोककर 61 रन ही बनाने दिए। दूसरे सेमीफाइनल में बरवारीपुर ने बेसिक को 65 रन पर आउट किया, जवाब में बेसिक की टीम 55 रन पर ऑल आउट हुई।

फाइनल मुकाबले में बरवारीपुर ने जीआईसी के 57 रन के जवाब में 6 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच आदर्श रहे, जिन्होंने टीम के लिए 3 विकेट लिए और 11 रन बनाए। हर्षित, आदित्य और देवांश ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन के अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन व्यायाम शिक्षक सुरेंद्र वर्मा ने किया।

4 पेट्रोल पंप संचालकों को नोटिस जारी

संवाददाता, सुलतानपुर

● डीएसओ व एआरटीओ ने जिले के पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

अमृत विचारः जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जाना पाया गया, उन पेट्रोल पंप संचालकों को कठोर चेतावनी देते हुए शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए में बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने व रिटेल आउटलेट पर नो हेलमेट, नो पेट्रोल, आपका जीवन है अनमोल के बैनर न पाये जाने वाले पेट्रोल पम्प मेसर्स सेठ ब्रदर्स, निकट बस स्टेशन, मेसर्स ए.एस. फिलिंग स्टेशन, लक्ष्मनपुर, मेसर्स बजरंग फिलिंग स्टेशन पयागीपुर व मेसर्स अवध फिलिंग स्टेशन गोराबारिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये है।

बीस रुपए में हेलमेट दे रहा था पेट्रोल पंप कर्मी

रोडवेज बस स्टेशन के नजदीक स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत एक कर्मी 20 रुपए में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों हेलमेट उपलब्ध करा रहा था। जिसका वीडियो पेट्रोल ले रहे एक युवक ने बना लिया। वीडियो की जानकारी पर पंप के मैनेजर ने कर्मी की शिकायत पेट्रोल पंप मालिक से की जिस पर पंप मालिक ने उसे पंप से हटा दिया।

बल्दीराय में भी पेट्रोल पंपों पर चला अभियान

बल्दीराय : बल्दीराय तहसील क्षेत्र में नो हेलमेट-नो पेट्रोल विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सप्लाई इंस्पेक्टर निर्भय सिंह बल्दीराय ने क्षेत्र के सुन्दरा देवी पेट्रोल पंप का आकस्मिक निरीक्षण किया। नो हेलमेट नो पेट्रोल,आपका जीवन है। के बारे में सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में नियमों का पालन न करने पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

रोवर्स रेंजर्स को किया गया सम्मानित

सुलतानपुर, अमृत विचारः भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बुधवार को कमला नेहरू संस्थान के आठ रोवर्स रेंजर्स को प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने सम्मानित किया। रोवर्स वर्ग में धर्मवीर ने प्रथम, सुभाष द्वितीय व रोशन एवं प्रिंस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेंजर वर्ग में महिमा प्रथम, दीपिका व अनन्या द्वितीय तथा रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। संस्था की संयोजिका प्रो. सुनीता राय ने बताया कि रोवर्स एवं रेंजर्स की इकाई छात्रों में सामाजिक व राष्ट्रीय जिम्मेदारी की भावना बढ़ाने में सक्रिय है। इस मौके पर उपप्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह व बर्सर अनिल सिंह ने भी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

गायत्री की मौत के मामले में पति सहित 4 पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा (झगाड़िया) गांव में मंगलवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान गायत्री विश्वकर्मा पुत्री लालजी विश्वकर्मा, निवासी रोहियावा जलालपुर थाना दोस्तपुर के रूप में हुई। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी शादी अवधेश विश्वकर्मा पुत्र पुद्दन, निवासी मलिकपुर नोनरा से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में बाइक की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे गायत्री का शव कमरे के अंदर बेड पर पड़ा मिला। परिजनों का कहना है कि उसी सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि ससुरालीजन दहेज को लेकर मारपीट कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने बेटी को मृत पाया। मृतका के पिता लालजी विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने पति अवधेश, ससुर पुद्दन, सास और जेठानी रोली के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I declare that my son Arun Singh UID 8299426 and Index No.1245782/033 has passed ICSE(Class 10) in 2024 and he is pursuing ISC(Class 12) 2026 from Jesus & Mary School and College, Balrampur and my correct name is AWDESH KUMAR SINGH. Awdesh Kumar Singh S/O Balmik Singh R/O Gurwalia PS Colonelganj District Gonda (UP) Mob. 8467836723

NOTICE

This is to inform that my original 10th Standard ICSE marksheet, Roll No. 6700329 issued by City Montessori school for the academic year 2018, has been misplaced .Despite thorough efforts, it could not be traced.Anyone finding the document is kindly requested to contact (7992199661) .Mohd.Usman,228/29,Subhash Marg,Raja Bazar, Lucknow.

सूचना

मैं रामेन्द्र सिंह पुत्र रूप सिंह नि0-ई-93 बर्रा-8 कानपुर नगर। मेरे पुत्र HIMANSHU SINGH की हाईस्कूल (वर्ष-2023, रोल नं0-23203880) व इण्टरमीडिएट वर्ष-2025, रोल नं0-23701580) में मेरा नाम RAMENDRA ROOP SINGH व मेरी पत्नी का नाम ANJU RAMENDRA SINGH दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम RAMENDRA SINGH व मेरी पत्नी के आधार कार्ड में पत्नी का नाम ANJU SINGH दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। अतः मेरे पुत्र की हाईस्कूल व इण्टर की मार्कशीट में मेरा नाम संशोधन कर RAMENDRA SINGH व मेरी पत्नी का नाम ANJU SINGH दर्ज किया जाय।

नाम परिवर्तन

मैं MOHD ILYAS KHAN पुत्र Maqbool Ahmad khan निवासी: 10A /46, वृन्दावन योजना, सौभाग्यम, वृन्दावन कालोनी, पो. वृन्दावन कालोनी, लखनऊ का स्थायी निवासी हूँ, मैंने अपना नाम MOHD ILYAS से बदलकर MOHD ILYAS KHAN रख लिया हैं। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

नाम परिवर्तन

मैं अंजली मिश्रा पुत्री हनुमान प्रसाद मिश्रा, निवासी बन्धु मिश्र का पुरवा, दियरा, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश 228132 ने अपना पुराना नाम मोनिया मिश्रा बदलकर ''अंजली मिश्रा'' कर लिया है और अब मुझे अंजली मिश्रा के नाम से जाना जाएगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अपने सभी प्रमाणपत्र (हाई स्कूल और इंटरमीडिएट) और अन्य सभी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।

सूचना

मैं, सृष्टि सोनी, सूचित करना चाहती हूँ कि आवश्यक कार्य से बाराबंकी स्थित अपने कालेज जा रही थी। यात्रा के दौरान मेरी इंटरमीडियट की टीसी (Transfer Certificate) कहीं गिरकर खो गई है। यह मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज है, जिसकी आवश्यकता भविष्य में प्रवेश एवं अन्य शैक्षिक कार्यों हेतु होगी। मैंने काफी खोजबीन की परंतु अब तक यह दस्तावेज़ नहीं मिल सका है। अतः यदि किसी भी व्यक्ति को यह दस्तावेज़ मिले तो कृपया मानवता एवं सहयोग की भावना से इसे मुझे लौटा दें। सृष्टि सोनी पुत्री राजकपुर सोनी पतारू विवेक नगर,नियर कल्लू घोसी सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश पिन कोड 228001

सूचना

सूचित करना है कि मेरे पिताजी श्री राम प्रकाश गुलाटी पुत्र स्व. लाला राम नारायण गुलाटी निवासी हर्ष नगर जिनकी उम्र लगभग 87 वर्ष हो गई है सोचने समझने की शक्ति नही रही है। अगर कोई व्यक्ति उनसे कुछ भी लेनदेन करता है या कुछ लिखवा लेता है तो वह गलत माना जायेगा और हम लोगो की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
ए गुलाटी आदि
हर्ष नगर कानपुर
पुत्र रामप्रकाश गुलाटी

फूटा गुस्सा

तहसील मुख्यालय में लोक निर्माण मंत्री को संबोधित पत्र तहसीलदार को सौंपा

जलभराव वाली सड़क पर धान लगाकर आप ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः खस्ताहाल सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी ने अनोखा प्रदर्शन किया। जयसिंहपुर विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चांदपुर-मुईली मार्ग के मुईली चौराहे पर जलभराव वाली सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध जताया।

प्रदर्शन के बाद आप कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पहुंचे, जहां तहसीलदार मयंक मिश्र को लोक निर्माण विभाग मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेताओं ने कहा कि लंबे समय से सड़क जर्जर और जलभराव की स्थिति में है, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम, बृजेश सिंह, जिला संगठन मंत्री पुष्पेंद्र सिंह, रमाशंकर गौतम, संगम अग्रहरि, आस मोहम्मद और राहुल गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जलभराव वाली सड़क पर धान रोपकर विरोध जताते आप कार्यकर्ता।

राष्ट्रवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर : जिले की समस्याओं को लेकर बुधवार को राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दर्जनों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा।

पार्टी के कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष अमरेज सिंह ने बताया कि जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाते हुए किसानों को सरकारी दर पर खाद उपलब्ध कराई जाए। टूटी हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि आए दिन हो रहे सड़क हादसे थम सकें। उन्होंने कहा कि छुट्टा मवेशियों के कारण फसलें बर्बाद हो रही हैं और सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। इन मवेशियों को गोशालाओं में भेजा जाए। साथ ही बिजली कटौती को रोकते हुए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बरसात से क्षतिग्रस्त फसलों व ढहे मकानों का मुआवजा भी किसानों व पीड़ित परिवारों को दिया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में दान बहादुर सिंह, सतीराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रवादी पार्टी के कार्यकर्ता।

न्यूज ब्रीफ

ग्राम चौपाल कल

रुपईडीह, अमृत विचार : ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत लाल नगर में पंचायत भवन पर आगामी पांच सितंबर को चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पंचायत सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि इस चौपाल में जिला कृषि अधिकारी द्वारा ग्रामीणों के समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।

शैक्षिक गुणवत्ता जांची

रुपईडीह : ब्लॉक के विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र ने कंपोजिट विद्यालय छितौनी व दलपतपुर तथा प्राथमिक विद्यालय भुड़कुड़ा का भ्रमण कर दिव्यांग बच्चों से फ्लैश कार्ड व लार्ज प्रिंट बुक के माध्यम से बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय छितौनी में एक दिव्यांग बच्चे का नामांकन कराया गया।

छात्रों ने किया पौधरोपण

रुपईडीह, अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत गंगा प्रसाद मिश्री लाल इंटर कॉलेज कौड़िया बाजार में 147 छात्र छात्राओं ने अपने माँ के नाम पौधारोपण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत विभाग द्वारा उन्हें 70 पौधे रोपित कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष 147 बच्चों ने अपनी माँ के नाम एक-एक पौधा रोपित किया।

एससी-एसटी एक्ट के तहत 5 पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज (गोंडा) : तुरकौली गांव में दलित महिला दोखना पत्नी राधेश्याम ने कहा पुल कुट्टी ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गांव बहादुर यादव के परिवार के सदस्य राधा, खुशबू, रिंकू, आंचल और शिवा कई दिनों से उनके परिवार से विवाद कर रहे थे। बुधवार शाम करीब 6 बजे आरोपियों ने जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडे, हसिया और कुल्हाड़ी से हमला किया। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

गौरक्षक दल के जिला अध्यक्ष की हादसे में मौत

गोंडा : साहबगंज के रहने वाले राष्ट्रीय गौरक्षक दल के जिलाध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ आलोक तिवारी (40) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। आलोक तिवारी बाइक से सर्कुलर रोड पर जा रहे थे, पेट्रोल पंप के समीप पहुंचने पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह ट्रक के नीचे आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकाला। मृतक की पत्नी बबिता तिवारी ने शव की शिनाख्त की। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि जांच की जा रही है।

छात्रों ने दिया धरना

गोंडा : भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने शैक्षणिक समस्याओं व संघ चुनाव बहाली को लेकर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय छात्रों के साथ आये दिन शोषण करता रहता है। साल के 12 महीना हमेशा परीक्षा ही चला करती है। क्लास चलने में काफी दिक्कत होती है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ने में समस्या हो रही है। बीएड विभाग में छात्रों से अधिक धन वसूली की जा रही है। जिसमें छात्रों को परेशान किया जा रहा है। वाचनालय में सीटों की संख्या कम होने के कारण बहुत से छात्र बाहर घूमते फिरते नजर आ रहे हैं। लाइब्रेरी में सीटों की संख्या बढ़ाई जाए, परीक्षा के समय छात्रों को छूट दी जाए। इस मौके पर धीरेंद्र प्रताप मिश्रा, अभिनव सिंह, रोहित वर्मा, गौरव मौर्या, अजय भारती, शुभम उपाध्याय, नाजिम हुसैन आदि लोग शामिल रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

गोंडा, अमृत विचार : माह के दूसरे शनिवार 13 सितंबर को तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों व सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक करके लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों को चिन्हित कराकर उनके निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के साथ साथ जिले की चारों तहसीलों में भी लोक अदालत का आयोजन होगा।

पौने चार लाख पहुंचा डिस्चार्ज, खतरे के निशान से 37 सेमी ऊपर बह रही घाघरा

गोंडा और बाराबंकी के सरहदी 30 गांव बाढ़ की चपेट में, प्रशासन ने बढ़ाई चौकसी

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : घाघरा नदी का डिस्चार्ज पौने चार लाख पहुंच गया है, नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 37 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। लगातार घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने का क्रम जारी है।

गोंडा और सीमावर्ती जिले बाराबंकी के कुल 30 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हालांकि गोंडा जिले के दस गांवों में अभी पानी भर रहा है जो बृहस्पतिवार तक पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे। बाढ़ की चपेट में आने वाले गांवों में गोंडा जिले के ग्राम नकहरा के 10, चंदापुर किटौली के 6, पसका गांव के 2 गांव बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं। जिसमें नकहरा, तीरथराम पुरवा, शंभर पुरवा, दुलारे पुरवा, छंगूलाल पुरवा, देव किशुन पुरवा, राधेपुरवा, मोछारन पुरवा, पुहिल पुरवा, अयोध्या पुरवा, सांवल पुरवा के साथ चंदापुर किटौली व पसका के गांव बिचला, धुसवा, नऊवन पुरवा, कुम्हारन पुरवा, मुखियन पुरवा, खोड़रियन पुरवा, पासिनपुरवा, गोडियन पुरवा, बाढ़ से प्रभावित हैं। ग्राम घरकुइयां, बहुवन मदार मांझा की आबादी प्रभावित नहीं है मगर इन गांवों के किसानों की खेती पूरी तरह से जलमग्न है तथा कटान की जद में आकर घाघरा नदी में समाहित होती जा रही है।

उधर जिले की सीमा पर बसे बाराबंकी जिले के गांव लगातार बाढ़ की चपेट में आते जा रहे हैं। ग्राम परसावल, कमियार, नैपुरा, मांझा रायपुर, चिलवारी, लोधेमऊ, बेहटा के दो गांव चार गांव बेहटा डीहा, रेता पुरवा, चरपुरवा, गोड़ियनपुरवा, ग्राम पारा, बांसगांव दक्षिणी, ग्राम असवा दक्षिणी शामिल हैं।

उफान पर घाघरा। अमृत विचार

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

उपजिलाधिकारी जितेंद्र गौतम ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। उनका कहना है कि लगातार बाढ़ और बांध की निगरानी के साथ बाढ़ से प्रभावित गांवों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों को लंच पैकेट, त्रिपाल, राशन आदि मुहैया कराने के निर्देश दिए गए है। हालात काबू में हैं किसी प्रकार का खतरा नहीं है।

पैर फिसलने से अधेड़ की तालाब में डूबकर मौत

परसपुर, गोंडा : बसंतपुर गांव में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के डलई पुरवा निवासी 55 वर्षीय भल्लर यादव का शव गांव के नकली टेपरा स्थित तालाब में उतराता मिला।

मृतक के पुत्र जगदीश यादव के अनुसार उनके पिता भल्लर यादव रोज की तरह सुबह 6 बजे शौच के लिए गांव के पास स्थित तालाब की ओर गए थे। इस दौरान पैर फिसलने से वे गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। उनके पिता हमेशा सुबह जल्दी तालाब की तरफ जाते थे। उसी क्रम में बुधवार की सुबह भी वे निकले थे, लेकिन लंबे समय तक न लौटने पर परिजनों को आशंका हुई। खोजबीन में तालाब के पानी में उतराता शव देख सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई। भल्लर यादव के पीछे उनकी पत्नी, पांच बेटे और एक बेटी है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर हड़प लिए 10 लाख

- एडेड स्कूल के सेवानिवृत्त लिपिक समेत तीन पर धोखाधड़ी का केस

गोंडा, अमृत विचार : एडेड स्कूल में शिक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक सेवानिवृत्त लिपिक ने अपने ड्राइवर व एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर एक युवक से 10 लाख रुपये वसूल लिया लेकिन युवक को न तो नौकरी मिली न ही पैसे वापस किए गए।

परेड सरकार के तुल्ला मुरावनपुरवा गांव के रहने वाले रमेश कुमार मौर्या ने नगर कोतवाली में दर्ज करायी गई। रिपोर्ट में कहा कि बालक भगवान इंटर कालेज में लिपिक के पद पर कार्यरत रहे सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले स्वयं प्रकाश शुक्ला ने उसे शिक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये लिए थे। इसमें से 6 लाख रुपये उसने स्वयं प्रकाश के ड्राइवर उमाशंकर जायसवाल के साथ बालक भगवान इंटर कालेज जाकर नकद दिया था, जबकि 4 लाख रुपये का भुगतान ऑनलाइन किया था। स्वयं प्रकाश ने रुपये देने के दो महीने के भीतर नौकरी दिलाने का वादा किया था। रमेश का कहना है कि 2 महीने बीतने के बाद न तो उसे नौकरी मिली, न ही उसके रुपये लौटाए गए। जब वह उमाशंकर जायसवाल और अवधेश शुक्ला के मोबाइल पर फोन करता है तो दोनों से गुमराह करते हैं। रुपये वापसी को लेकर एक बार पंचायत हुई जिसमें उसे चार लाख रुपये वापस दिए गए जबकि 6 लाख रुपये भी नहीं मिले हैं। स्वयं प्रकाश शुक्ला अपना मोबाइल बंद कर जिले से फरार है। पीड़ित रमेश मौर्य की शिकायत पर नगर कोतवाली में सेवानिवृत्त लिपिक स्वयं प्रकाश शुक्ला, चालक उमाशंकर जायसवाल व सहयोगी अवधेश शुक्ला के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

3 करोड़ में सौदाकर हड़प ली धनराशि

- अदालत के आदेश पर भू माफियाओं पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार: करोड़ों की जमीन हड़पने का खेल चल रहा है। अदालत के आदेश पर भू-माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के अशोकपुर गांव के प्रधान प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह ने अदालत के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल गफूर, अब्दुल कादिर और अब्दुल कयूम पुत्रगण शाह मोहम्मद निवासी मोहल्ला मुठ्ठीगंज, नवाबगंज ने उनकी जमीन और मकान का फर्जी सौदा किया। इसमें गाटा संख्या 3044, 3045, 3046, 3050, 351, 3052, 2729, 2730, 2731 तथा मकान संख्या

448 और 450 शामिल हैं। सौदे की मध्यस्थता सरफराज वारिस पुत्र सैय्यद मैनुद्दीन निवासी सिविल लाइन गोंडा और उनके सहयोगी इरशाद अली व असलम ठेकेदार ने कराई थी। लगभग तीन करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। आरोप है कि करोड़ों रुपये हड़पने के बाद भी न तो बैनामा किया गया और न ही पंजीकरण। जब पीड़ित ने रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने जान से मारकर लाश गायब करने की धमकी दी।

पीड़ित ने कई बार थाने और अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कार्रवाई न होने पर अदालत का सहारा लिया। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा कि अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर दर्ज हो मुकदमा

- विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने की एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की निंदा

गोंडा, अमृत विचार: मंगलवार की देर शाम गोंडा पहुंचे विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने बाराबंकी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं व छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। गोपाल राय ने कहा कि छात्र कोई आंदोलन करते हैं तो आंदोलन करने का उनका अधिकार है। उन्हे इस तरीके से पीटना, जानलेवा हमला करना यह तो निश्चित रूप से गलत है। भाजपा यह नहीं कहती कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के हैं तो इनको मार के पैर तोड़ दो या जानलेवा हमला कर दो।

सदस्यता अभियान में शामिल होने पहुंचे विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने पत्रकारों से बात करते हुए संभल में हिंदुओं की घटती संख्या पर चिंता जताई और कहा कि संभल में अब एक एक लाख हिंदू मारे जा चुके हैं। यह जांच का विषय है। उन्होने दावा किया कि प्रतिमाह करीब 2.50 लाख लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसमें मौलाना व ईसाई

पत्रकारों से बात करते विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय।

मिशनरियां शामिल हैं। भारत को इस्लामी राष्ट्र बनाने के लिए बहुत सी ताकतें लगी हुई है। विदेश से भी फंडिंग हो रही है। धर्मांतरण में छांगुर बाबा और जाकिर नाइक जैसे लोग हैं जो धर्मांतरण का रैकेट चला रहे हैं। विश्व में तो कोई हिंदू राष्ट्र नहीं है। नेपाल पहले था लेकिन हम लोग चाहते हैं कि हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र बने। आजकल लव जिहाद व लैंड जिहाद की जो स्थिति चल रही है यह बहुत गंभीर है। इसको लेकर के कठोर कदम उठाने की जरूरत है।

बलरामपुर में अभी भी सक्रिय हैं छांगुर के गुर्गे

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि छांगुर के ऐसे कई लोग बलरामपुर में है जिनकी वजह से लोगों के अंदर भय है। उनके गुर्गे अभी भी जबरदस्ती दबाव बनाकर के जमीन कब्जा कर रहे हैं।

तरबगंज में बांटी राहत सामग्री

राहत सामग्री के साथ बचाव कर्मी। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार: डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर बुधवार को तहसील तरबगंज के बाढ़ प्रभावित ग्राम बहादुरपुर में बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। प्रशासन ने राहत कार्यों को प्राथमिकता दी है। ग्राम बहादुरपुर में विशेष शिविर लगाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, पीने का पानी, दवाइयां, मच्छरदानी, सैनिटरी किट, जलरोधी तिरपाल व आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गईं। जिलाधिकारी ने कहा कि हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। ग्रामीणों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए।

मूक बधिर किशोरी को बंधक बना कर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गौरा चौकी

अमृत विचार: खोंडारे थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली मूक बधिर किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडिता की मां की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीडिता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और पूरी घटना की जांच की जा रही है।

खोंडारे थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 14 वर्षीया बेटी मूक बधिर है। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती। मंगलवार को गांव का रहने वाला एक युवक उसकी नाबालिग बेटी को पकड़कर एक खाली पड़े मकान में ले गया और बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। गांव की ही एक छोटी बच्ची ने पीडिता की मां को घटना की सूचना दी और बताया कि आरोपी ने पीड़िता को मकान में बंद कर रखा है। पीड़िता की मां जब मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग निकला। उसने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। इसके बाद थाने पहुंचकर उसने पुलिस को आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि पीड़िता के मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

- पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

गोंडा, अमृत विचार: स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान सभा के सदस्य, लेखक व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित कमला पति त्रिपाठी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में मनाई गयी।

पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा कि 3 सितंबर 1905 को वाराणसी के प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में जन्मे स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन से सक्रिय हुए। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में 3 साल जेल की सजा हुई। अंग्रेजी हुकूमत से ही असेंबली के मेंबर रहे संविधान सभा के सदस्य रहे। देश के विभिन्न मंत्रालयों के साथ ही रेल मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने कहा स्वर्गीय त्रिपाठी आजादी आंदोलन से सक्रिय रहे। मीडिया प्रभारी शिव कुमार दूबे, उपाध्यक्ष इरशाद अहमद, केटी तिवारी, अवधेश दूबे, महासचिव अरविंद शुक्ला, राजेश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग के अर्जुन वर्मा ने भी स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता वाजिद अली, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, राजबहादुर सिंह, हरिराम वर्मा मौजूद रहे।

शिक्षक बच्चों के भाग्य का निर्माता: बीईओ

गोंडा, अमृत विचार: परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में बुधवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भाग्य का निर्माता होता है। शिक्षक हमारे भविष्य की नींव रखते हैं। वह हमें सिर्फ ज्ञान नहीं देते, बल्कि हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं।

प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक के द्वारा दिए गए ज्ञान को आत्मसात करना चाहिए। विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि गुरुजनों से अच्छी शिक्षा ग्रहण करके बच्चे अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। इसके पहले बच्चों ने बीईओ व स्कूल के शिक्षकों के साथ केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। साथ ही बैच बनाकर के अपनी कला का प्रदर्शन भी किया। सर्वश्रेष्ठ बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कृत भी किया।

विद्यालय की छात्रा को सम्मानित करते बीईओ सुशील कुमार सिंह। अमृत विचार

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक

गोंडा, अमृत विचार : महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित किये जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, परसपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं व महिलाओं को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, सखी निवास, पीएम मातृत्व वंदना योजना जैसे सरकारी संसाधनों की जानकारी देना था। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर महिला को यह समझाना है कि वो इनसे कैसे लाभ उठा सकती है। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं महिलाओं के लिए चलाई जा रही हैं। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने बेटियों को विषम परिस्थितयों में 1098 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने का सुझाव दिया।

कस्तूरबा गांधी स्कूल परसपुर में जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

- विषम परिस्थिति में टोल फ्री नंबर पर संपर्क करने का सुझाव

दिशा-निर्देश | उपायुक्त खाद्य देवीपाटन मंडल ने उचित दर विक्रेताओं के दुकानों का किया निरीक्षण

राशन कार्डधारकों को पूरी मात्रा में मिले खाद्यान्न

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : उचित दर विक्रेताओं की दुकान पर राशन कार्ड धारकों को कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए। खाद्यान्न सभी को निर्धारित मात्रा में दिया जाए लापरवाही करने पर सख्त कार्रवाई होगी। उक्त निर्देश उपायुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल विजय प्रभा ने बुधवार को कोटे की दुकान के निरीक्षण के दौरान दिए।

उन्होंने कहा कि दुकानों पर खाद्यान्न साफ सफाई के साथ रखा जाए। दुकान पर खाद्यान्न रिसीव, रिसीविंग ऐप पर ही किया जाए जिससे मशीन पर प्रदर्शित हो सके।

कोटे की दुकान का निरीक्षण करतीं उपायुक्त खाद्य। अमृत विचार

उन्होंने कहा जब उपभोक्ता खाद्यान्न लेने आये तो उनको खाद्यान्न पूरी मात्रा में दी जाए, यदि इसमें शिकायत मिलती है तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त खाद्य ने नगर क्षेत्र के कोऑपरेटिव होलसेल समिति सिविल लाइन तथा आवास विकास कॉलोनी स्थित रामदीन के दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पूर्ति निरीक्षक व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह लोग भी भ्रमणशील रहते हुए कोटे की दुकानों का नियमित निरीक्षण करें और राशन कार्ड धारकों को पूरा खाद्यान्न दिलाए। यदि कोई कार्ड धारक शिकायत करता है तो उसकी तत्काल जांच करते हुए समस्या का निराकरण कराये। निरीक्षण के दौरान पूर्ति निरीक्षक रवि रंजन, शिवाकांत वर्मा, अनिल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

रबीउल अव्वल जुलूस में नहीं बजेगा डीजे

करनैलगंज, अमृत विचार : दारुल उलूम यतीमखाना सफविया में एक बैठक का आयोजन मुख्य संरक्षक सैयद शुएबुल अलीम बकाई की अध्यक्षता में की गई। बैठक का आयोजन रबीउल अव्वल शरीफ में निकलने वाले जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर किया गया। बैठक में यह अपील की गई कि 5 सितम्बर सुबह 8 बजे से 2 बजे तक निकलने वाले जुलूस में डीजे पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। बैठक में अधिकांश अन्जुमने शामिल रही। सभी ने कहा की इस निर्णय को पूरी तरह अमल में लाया जाएगा। मुख्य संरक्षक ने कहा की जुलूस ए मोहम्मदी में हुजूर की बातों पर अमल करने की जरूरत है जिससे ये हुजूर के पैगाम मुल्क से मोहब्बत, अमन, भाईचारा बना रहे। पड़ोसी के हुकूक़ और इंसानियत के पैगाम को आम करने की अपील की। बैठक में मदरसे के मैनेजर सय्यद आबिद बकाई ने सभी का शुक्रिया अदा किया और बैठक का समापन किया।

बैठक करते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

बालपुर : बुधवार को बालपुर पुलिस चौकी पर आगामी त्यौहार को लेकर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज की अगुवाई में पीस कमेटी की बैठक की गयी। जिसमें सभी धर्मगुरुओं को शांति से त्यौहार को मनाये जाने के निर्देश दिए गए। आने वाले त्योहारों मे अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने के लिए भी आगाह किया गया है। क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभिषेक दवाच्या चौकी प्रभारी उत्कर्ष पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार
अयोध्या, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : एएसपी

बहराइच, अमृत विचार : कोतवाली नगर व ग्रामीण क्षेत्र तथा संबंधित थानों की शांति समिति बैठक अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा के नेतृत्व में की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी ।

साइबर अपराध से बचने के दिये टिप्स

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार : साइबर अपराध की रोकथाम व उससे बचने के लिए विद्यालयों में पुलिस ने अभियान चला कर शिक्षकों व बच्चों को जागरूक किया। आरपीएम पब्लिक स्कूल में पुलिस कर्मियों की टीम ने साइबर अपराध से बचने के टिप्स दिये। उपनिरीक्षक विशाल पाठक के नेतृत्व में आरक्षी अर्जुन चौरसिया, असद खान, महिला कांस्टेबल सुप्रिया पाल के आरसीएम स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया।

पुलिस ने बंजर भूमि से हटवाया कब्जा

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : ऐनी मे सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को पुलिस ने रुकवा दिया। बुधवार की सुबह ग्राम ऐनी हतिन्सी में बंजर भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जे का का प्रयास किया गया। कुछ लोगों ने इसकी सूचना एसडीएम को दी। एसडीएम ने तत्काल अतिक्रमण रोकने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने निर्माण कार्य रुकवा दिया है उन्होंने बताया कि इस भूमि से संबंधित वाद न्यायालय में विचाराधीन है उन्होंने बताया कि जो भी अतिक्रमण हो रहा था उसे रुकवा दिया गया है।

बहराइच को मिलेगी नयी पहचान, चमकेगा हर मोहल्ला

नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ की जोड़ी ने मिलकर लिखी प्रगति की इबारत, सीसीटीवी की नजर में होगा नगर क्षेत्र

होगा विकास

संवाददाता, बहराइच

शहर के विकास की रूपरेखा बतातीं पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल और ईओ प्रमिता सिंह व प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल।

अमृत विचार : बहराइच शहर की हालत बदलने जा रही है। शहर का जल्द ही नया स्वरूप दिखेगा। पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल व नगर पालिका की ईओ प्रमिता सिंह ने आपसी सूझ-बूझ व रिसर्च से शहर के विकास का जो खाका तैयार किया है वह बहराइच को एक अलग पहचान देने जा रहा है। जहां हर गली-मोहल्ले की चमाचम सड़कें व नालियां होंगी तो शहर का कोना-कोना दूधिया रोशनी से एक अलग आभा बिखेरेगा।

पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-2024 का बजट इस वर्ष प्राप्त हुआ है। उसके अंतर्गत अनटाईट योजना में 5 करोड़ 85 लाख की लागत से 74 सड़कों का निर्माण स्वीकृत हुआ है। इसके साथ ही स्टांप शुल्क से कायाकल्प योजना के अंतर्गत दो विद्यालय, यात्री शेड व महाराण प्रताप चौक से नगर पालिका व अग्रसेन चौराहे से रेलवे स्टेशन तक पोल व लाइटें लगवाई जाएंगी। इस पर 1 करोड़ 11 लाख 81,365 का व्यय होगा। इसके अतिरिक्त राज्य वित्त से लगभग 25 निर्माण कार्यों का टेंडर हुआ है। वित्तीय वर्ष 25 -26 में नगर क्षेत्र में अब तक 200 से अधिक निर्माण व मरम्मत कार्य कराया गया है। पालिका अध्यक्ष के प्रयास से 44 लाख 62 हजार की लागत से स्वर्गधाम स्थल के सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त तिकोनी बाग से स्वर्गधाम मार्ग के निर्माण के लिए 90 लाख रुपए का टेंडर हो चुका है जिसका कार्य शीघ्र शुरू होगा। ईओ प्रमिता सिंह आने वाले दिनों में मूर्ति विसर्जन हेतु मरी माता मंदिर के दूसरे तट पर एक करोड़ 68 लाख की लागत से घाट का निर्माण कराया जा रहा है। ड्रोन से सर्वे करके नदियों की सफाई का भी कार्य कराने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ पूरे शहर में हाई मास्क लाइट के खंभों पर तिरंगा लाइट लगाई गई है। इसके साथ जो बचे खंभे है उस पर भी तिरंगा लाइट लगाई जानी है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में अबतक 17 लाख के कैमरे लगाए जा चुके है। 40 लाख की लागत से पूरा नगर कैमरे की नजर में रहेगा। आगामी गणेश प्रतिमा विसर्जन तथा बारावफात जुलूस को लेकर पालिका द्वारा जुलूस मार्गों पर अस्थाई कैमरे लगाए गए है। विभिन्न स्थानों पर सौन्दर्यकरण कराने की योजना है। बहराइच नगर पालिका को स्मार्ट सिटी योजन में चयनित कर लिया गया है। जिससे घंटाघर पार्क, स्टील गंज पार्क सहित पूरे नगर का सर्वाधिक विकास होगा।

जल्द बनेगी डीएम चौराहे से गुरुद्वारा तक की सड़क

ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि डीएम चौराहे से लेकर गुरुद्वारा तक की सड़क निर्माण के लिए 80 लाख रुपए का टेंडर हो गया है। शीघ्र ही कार्य शुरू होगा। वहीं 24 लाख 31 हजार रुपए की लागत से पीपल चौराहे से गुदड़ी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि छोटी बाजार से पानी टंकी तक की रोड 40 लाख की लागत से तैयार की जा चुकी है। चौक बाजार के निकट केवानगंज की रोड का भी टेंडर हो गया है जिसका निर्माण भी शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जलभराव की समस्या को देखते हुए चांदमारी, रविदास, रायपुर राजा, किला में नाला निर्माण कार्य चल रहा है। इसी के साथ 2 करोड़ की लागत से सरस्वती नगर में नाला निर्माण कराया जा रहा है। इसी तरह 1 करोड़ की लागत से गल्ला मंडी से आउटर तक नाला निर्माण स्वीकृत है। पर्यटन क्षेत्र मे बेरिया मंदिर परिसर में स्थित तालाब व स्थल का 50 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कराया गया है। उन्होंने बताया कि गुलाबीर मंदिर में वंदन योजना के अंतर्गत 60 लाख से सौंदर्यीकरण चल रहा है। स्टेडियम सहित कई स्थानों पर शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। नगर क्षेत्र में वेंडिंग जोन बनाया गया हैं ।

दो पक्षों में मारपीट पांच लोग घायल

खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार : दलजीत पुरवा ग्राम पंचायत के पंडितपुरवा में बुधवार सुबह करीब 10 बजे जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस दौरान पांच लोग घाय हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अब्बास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने गांव निवासी नक़छेद आदि से जमीन खरीदी है। उसी को लेकर गांव निवासी जिमीदार आदि गाली दे रहे थे। विरोध किया तो सभी एक साथ लाठी-डंडा व धारदार हथियार लेकर हमलावर हो गए। बचाव में आए बेटे नजीर (40), ननकुन (30) तथा बब्बन (25) पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अब्बास दिव्यांग है, जिसे भी हमलावरों ने नहीं बख्शा। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर नलिन राजा ने बताया कि तीन लोगों को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष महंत शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हैं। जिन्हें सीएचसी शिवपुर भेजा गया है।

आटा चक्की के पट्टे में फंसकर महिला की मौत

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार : नानपारा के मेहरबान नगर स्थित आटा चक्की के पट्टे में फंसकर महिला की मौत हो गई।

बुधवार की शाम नानपारा के सलिकाबाद निवासी 70 वर्षीया जामुद्रा देवी मेहरबान नगर स्थित अनन्या आटा चक्की पर लगे तेल कारखाने पर तेल निकलवाने आई थी। तेल निकलवाकर लौटते समय महिला का पल्लू पट्टे में फंस गया। उसकी चीख सुनकर जब तक संचालक सांवली प्रसाद चक्की बन्द करते तब तक महिला पट्टे में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गयी थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सरयू नदी में समाया पक्का मकान

खैरीघाट,बहराइच, अमृत विचार : शिवपुर इलाके में मकान सहित पांच हेक्टेयर उपजाऊ भूमि सरयू नदी में समाहित हो गयी है। लगातार हुई बारिश के कारण सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के बौंडी गांव निवासी परशुराम का पक्का मकान तथा बौंडी के ही एक दर्जन एवं पसियन पुरवा के पांच किसानों का करीब पांच हेक्टेयर उपजाऊ भूमि सरयू नदी में समाहित हो गई है।

गैर इरादतन हत्या के दोषी को 7 वर्ष की कैद

अदालत से

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में दोषसिद्ध एक अभियुक्त को सात वर्ष का सश्रम कारावास व 16,500 रुपये के अर्थदण्ड तथा दो अभियुक्तों एक-एक वर्ष का साधारण कारावास व 1500-1500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

न्यायालय पीठासीन अधिकारी पवन कुमार शर्मा द्वितीय /प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बहराइच द्वारा दोषी अभियुक्तों को वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन एवं पुलिस व लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दोषियों को दंडित किया गया।

घटना जरवलरोड थाना से संबंधित है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी बेटी बीना बीड़ी लेने गयी थी। वापस आते समय खेलावन की लड़की बंटी ने उसे नदी में नहाने के लिए बुलाया। मना करने पर उसने उसकी बेटी को पानी में धक्का दे दिया। लड़की ने घर पर आकर जब यह बात बतायी तो वादिनी के पति खेलावन के दरवाजे इस बात की शिकायत करने गये परन्तु वह लोग खेत में काम करने गये थे। शाम करीब 7-8 बजे विपक्षीगण पृथ्वीराज बल्लम लेकर, खेलावन व दुलारी लाठी लेकर वादी के दरवाजे पर आये और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर वादिनी के पति को मारा-पीटा जिससे गम्भीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में खेलावन पुत्र सुकई यादव, दुलारी पत्नी खेलावन, पृथ्वीराज पुत्र खेलावन निवासीगण ग्राम बहरामपुर थाना जरवल रोड के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

तत्कालीन विवेचक उप निरीक्षक रामकिशुन द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तगण खेलावन, दुलारी, पृथ्वीराज के विरुद्ध आरोप-पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था।

जीवन में अनुशासन जरूरी : डॉ. प्रज्ञा

संवाददाता, रूपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार : लार्ड बुद्धा पीजी कॉलेज में 51 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके मुख्य संचालक श्री राम जानकी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता आनंद श्रीवास्तव रहे।

कार्यक्रम में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी-161 का समापन का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत मंगलवार को सायं पांच बजे इस विशेष कार्यक्रम आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र उर्फ बंटू भैया और प्रबंधक डॉक्टर यशपाल रहे। मुख्य अतिथि भाजपा जनता पार्टी की वरिष्ठ एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबन्धन द्वारा उन्हें फूलों का गुलदस्ता एवं भगवान श्री राम का चिह्न देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कैडेट्स के उत्साह और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन और निष्ठा बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम में श्री रामजानकी संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व प्रमुख डॉ. हरिश्चन्द्र ने एनसीसी कैडेट्स की लगन, मेहनत और अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कैडेट्स के समर्पण भाव को सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में कैडेट्स ने एनसीसी के महत्व एवं अपने अनुभव साझा किए। कैम्प कमांडेंट कर्नल एपीएस पटवाल ने मुख्य अतिथि एवं रुपईडीहा पत्रकार संघ के पत्रकारों को सम्मानित किया किया। लार्ड बुद्धा पीजी कॉलेज एवं लार्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन डॉ यशपाल के नेतृत्व एवं देखरेख में कैडेट्स की लगन और अथक परिश्रम से दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। वक्ताओं के भाषण कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इसमें एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ असीम शुक्ल, डॉ. मोहम्मद तारिक, प्रो. आरएस वर्मा, प्रॉक्टर चन्दन गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचने के बताये तरीके

संवाददाता, रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार : साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को सतर्क करने के उद्देश्य से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। बुधवार को पार्वती पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता अभियान आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक दीक्षा पटेल, उप निरीक्षक राहुल सरोज, आरक्षी आयुष कुमार एवं महिला आरक्षी कनक सरोज ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं मजबूत पासवर्ड की महत्ता के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान छात्रों से संवाद स्थापित कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सचेत रहने, संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र मिश्रा एवं उप प्रधानाचार्या मंदाकिनी मिश्रा के साथ शिक्षकों की पूरी टीम सहित पृथ्वीराज, राकेश कुमार, ईश्वर सिंह, स्मृति मिश्रा, आफरीन, जसप्रीत, आरती, अंजलि, सायमा आदि मौजूद थे।

श्रद्धालुओं ने दी गणपति को विदाई

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ जैसे उद्घोष से समूचा पयागपुर नगर गुंजायमान हो उठा। बुधवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा निकलने पर श्रद्धालुओं ने पुष्पों की वर्षा की।

कार्यक्रम स्थल से निकली गणेश प्रतिमा मालगोदाम के रास्ते पीपल चौराहा, बारी पुरवा होते हुए नट टोला, मसूदपुर, सोसायटी चौराहा के रास्ते रेलवे स्टेशन होते हुए ताल बघेल घाट पहुंची। प्रमुख प्रतिनधि समय प्रसाद मिश्र ,नगर पंचायत अध्यक्ष बालेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव विपिन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामजी यादव, प्रधान प्रतिनिधि कामेश प्रताप सिंह भगवान गणेश की प्रतिमा पर पुष्पों की वर्षा करते रहे। ताल बघेल घाट पहुंचने पर पुरोहित रामजी शास्त्री द्वारा विसर्जन सम्पन्न कराया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकी इंचार्ज दिनकर शुक्ला पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस अवसर पर आयोजक मनोज सोनी, राहुल सोनी, पंकज कसेरा, पंकज सोनी, हवलदार यादव, विक्की सोनी, आनंद शुक्ल, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

गणपति विसर्जन शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हमले के 3 आरोपितों को 7-7 साल की कैद

बलरामपुर अमृत विचार : ऑपरेशन कनविक्शन के तहत न्यायालय ने 33 साल पुराने मामले में तीन अभियुक्तों को सजा सुनाई है। सीजेएसडी/एसीजेएम की अदालत ने अभियुक्त द्वारिक प्रसाद, कृष्ण कुमार उर्फ बालकराम और रामभवन को सात वर्ष का कठोर कारावास और प्रत्येक को 18 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

मामला 18 अक्टूबर 1992 का है। मटियरिया, थाना गौरा चौराहा निवासी वादी पाटेश्वरी प्रसाद ने तहरीर दी थी कि विपक्षियों ने खतरनाक हथियार से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थीं और गाली-गलौज की थी। इस आधार पर थाना गौरा चौराहा पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

स्मैक तस्करी का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : कोतवाली देहात पुलिस व एसओजी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 22.5 ग्राम स्मैक पाउडर (अनुमानित कीमत लगभग एक लाख रुपये), एक डिजिटल तराजू, मोबाइल फोन व 7070 रुपये नकद बरामद किए गए।

एसपी विकास कुमार के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। एएसपी विशाल पांडेय और सीओ सिटी ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी के नेतृत्व में धुसाह गांव स्थित एक मकान पर दबिश दी गई। मौके से कुलदीप पांडेय, उसकी पत्नी संध्या और दद्दन उर्फ दद्दू को पकड़ा गया। कुलदीप व संध्या ने स्वीकार किया कि वे छोटे-छोटे पैकेट बनाकर स्मैक बेचते हैं। वहीं दद्दन ने खुद को सप्लायर बताते हुए बताया कि वह पुड़िया लाकर बेचता है। कुलदीप और दद्दन पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, जबकि संध्या का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।

खेत में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

बलरामपुर, अमृत विचार : बरहवा रेंज के बेला गांव में बुधवार दोपहर गन्ने के खेत में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गयी। देवता प्रसाद वर्मा खेत से लौट रहे थे तभी गन्ने के खेत से निकलकर तेंदुआ सड़क पार कर गया। तेंदुआ देखकर वह भयभीत होकर शोर मचाने लगे, लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तेंदुआ फिर खेतों में छिप गया।

ग्रामीण पतराज, लल्लू, राजेश यादव, विश्वास और रामनरेश आदि ने वन विभाग से तेंदुआ पकड़ने व पिंजड़ा लगाने की मांग की है। बरहवा रेंज के रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि गांव में वन विभाग की टीम भेजी जा रही है।

सिद्धान्त एकादश ने टीटू इलेवन को 17 रन से हराया

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : टीटू वर्ल्ड स्कूल के संस्थापक सलिल सिंह टीटू के जन्म दिवस सप्ताह समारोह के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में डेनाइट मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन विद्यालय के खेल मैदान पर किया गया।

मैच में अनुभवी खिलाड़ियों से सुसज्जित टीटू इलेवन और युवा जोश से भरी सिद्धान्त सिंह इलेवन के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीटू इलेवन ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट पर 71 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्धान्त इलेवन की टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए टीटू इलेवन को 8 ओवर में 5 विकेट पर 54 रन पर रोक दिया। इस प्रकार सिद्धान्त इलेवन ने मुकाबला 17 रनों से जीत लिया।

मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राजा खान को दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता आनंद सिंह अन्नु व निधान हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अरविंद प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं डॉ. शरीफ खान, रूप चन्द्र गुप्ता, नदीम वसी, शाहिद, शांतनु सिंह, राजू गुलाटी, प्रशांत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने वाली विजयी टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

दी विदाई

राप्ती नदी के सिसई घाट पर 50 से अधिक प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

धूमधाम से निकली गणपति विसर्जन शोभायात्रा

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : श्री गणपति महोत्सव केंद्रीय समन्वय समिति के तत्वावधान में बुधवार को गणपति विसर्जन की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में युवाओं व महिलाओं का खास उत्साह देखने को मिला। लोग हाथों में तिरंगा लहराते नज़र आए।

इससे पूर्व वीर विनय चौराहा पर केंद्रीय समिति द्वारा विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गेल्हापुर मंदिर के महंत बृजानंद महाराज और विशिष्ट अतिथि के तौर पर सदर विधायक पलटू राम व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरु' उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने आभार जताया, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. तुलसीश दुबे ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार विश्वदीपक तिवारी, सीओ सिटी ज्योति श्री, वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार श्रीवास्तव, भाजपा नेता डॉ. अजय सिंह पिंकू, सभासद संजय मिश्रा, नगर कोतवाल सुधीर सिंह व यातायात प्रभारी उमेश सिंह मौजूद रहे। समिति ने गणेश पूजा समितियों के अध्यक्षों व महामंत्रियों को अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद वीर विनय चौराहे से गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा रवाना हुई, जो मेन चौक, ठठेरी बाजार, देवीदयाल तिराहा, बड़ा पुल होते हुए मेजर चौराहा और कालीथान मार्ग से राप्ती नदी के सिसई घाट पहुंची। यहां 50 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे।

प्रतिमा विसर्जन जुलूस में शामिल गणेश प्रतिमा। ● अमृत विचार

बैठक में बच्चों को रोज स्कूल भेजने पर जोर

जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार : गैंसड़ी के प्राथमिक विद्यालय मोहकमपुर में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के नामांकन, उपस्थिति और ठहराव पर विशेष जोर दिया गया।

अभिभावकों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना के तहत पोशाक, बैग व अन्य सामग्री के लिए सीधे बैंक खाते में धनराशि भेजे जाने की जानकारी दी गई। बैठक में शारदा कार्यक्रम के जरिए पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित समर्थ कार्यक्रम के लाभ बताए गए। बैठक में प्रभारी प्रधानाध्यापक बिपिन कुमार पांडेय, सहायक अध्यापक मो. कमाल समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

बढ़नी-बांद्रा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

संवाददाता, बलरामपुर

- पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कार्यकारी निदेशक से की मुलाकात

अमृत विचार : बढ़नी से उज्जैन वाया सूरत होते हुए मुंबई तक जाने वाली नई ट्रेन का बलरामपुर में ठहराव न होने से लोगों में निराशा है। इस मुद्दे को लेकर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने बुधवार को दिल्ली में रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह के कार्यकारी निदेशक धनंजय सिंह से मुलाकात कर ट्रेन संख्या-09044 बढ़नी-बांद्रा का ठहराव बलरामपुर स्टेशन पर करने की मांग की।

पूर्व सांसद ने ज्ञापन में कहा कि ट्रेन का संचालन शुरू होने से बलरामपुर और श्रावस्ती के लोगों में खुशी थी, लेकिन बलरामपुर रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव न होने से श्रमिक व व्यापारी वर्ग परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि यह वही बलरामपुर है, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मस्थली माना जाता है। कार्यकारी निदेशक ने जल्द ही ट्रेन संख्या-09044 बढ़नी-बांद्रा एक्सप्रेस के बलरामपुर में ठहराव पर सकारात्मक निर्णय का आश्वासन दिया है।

बुर्कानशीं बदमाशों ने घर में की लूटपाट

पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार : बहुती गांव में बुधवार दोपहर दो बदमाश बुर्का पहनकर बिस्मिल्ला के घर भीख मांगने पहुंचे। घर पर मौजूद महिलाओं ने उन्हें पांच-पांच रुपये दिए तो उन्होंने चावल व राशन मांगा। जैसे ही महिला शहनाज राशन लेने भीतर गई, बदमाश भी पीछे-पीछे घुस गए। दोनों ने तमंचा व चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और अलमारी खुलवाकर उसमें रखे 40 हजार रुपये नगद, कान की बाली, अंगूठी व नाक की कील लेकर फरार हो गए। आरोप है कि महिला के मुंह पर दवा लगे रुमाल से दबाकर बेहोश कर दिया गया। होश आने पर उसने परिजनों व ग्रामीणों को पूरी घटना बताई।

न्यूज ब्रीफ

दो दिवसीय नवाचार मेले का हुआ समापन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी में आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय नवाचार मेला बुधवार को संपन्न हुआ। प्राचार्य उमेश कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चल रहे नवाचार मेला में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से पांच-पांच शिक्षकों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने शैक्षिक नवाचार प्रस्तुत किए। विज्ञान शिक्षण को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए कहानी आधारित शिक्षण पर विशेष नवाचार किया गया था। मेले में बेसिक शिक्षकों के अलावा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक व एआरपी ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के उपरांत नॉलेज शेयरिंग का कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी कुमार पांडेय ने शिक्षकों के द्वारा प्रस्तुत नवाचार बेस्ट प्रैक्टिसेज को मूल्यांकन समिति के साथ निरीक्षण गया। इस नवाचार मेले का निरीक्षण सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुमार शुक्ल व बीएसए शैलेश कुमार ने भी शिक्षकों के नवाचारों व टीएलएम का निरीक्षण किया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डायट प्रवक्ता मंजुला यादव, मोहम्मद यूनुस, धर्मेंद्र कुमार, सतीश कुमार धवन, अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा सिंह, अंजना, महेंद्र यादव, अनिल कुमार बिंद, फुरकान अहमद, पंकज कुमार, बद्रीनाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे।

नेपाल भेजी जा रही यूरिया को एसएसबी ने पकड़ा

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : शोहरतगढ़ में सीमा चौकी लोहटी के भारत-नेपाल बार्डर पर एसएसबी ने यूरिया तस्करी का प्रयास नाकाम कर दिया। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी लोहटी के जवानों ने मंगलवार को गश्त के दौरान उक्त कार्रवाई की। एसएसबी जवानों ने सीमा स्तम्भ संख्या 562/01 के पास दो मोटरसाइकिलों पर यूरिया ले जा रहे तस्करों को देखा। तस्कर एसएसबी जवानों को देखते ही मोटरसाइकिल और सामान छोड़कर नेपाल की तरफ भाग गये। मौके से 6 बोरी यूरिया और 2 मोटरसाइकिल बरामद की गईं। एसएसबी के जवानों ने जब्त सामान को आगे की कार्यवाही के लिए पुलिस चौकी कोटिया थाना शोहरतगढ़ को सौंप दिया। 43वीं वाहिनी एसएसबी भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए लगातार सक्रिय है। 43वीं वाहिनी एसएसबी नियमित रूप से अवैध सामान, मानव तस्करी, नशीली दवाओं, अवैध मुद्रा और वन्य जीव उत्पादों की तस्करी को रोक रही है। पकड़े जाने वाले तस्करों पर कानूनी कार्रवाई की जाती है।

भाषा गणित की समझ को आवश्यक है यह प्रशिक्षण : आशीष

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालय के बच्चों के भाषा गणित को सीखने और समझने के लिए यह प्रशिक्षण बहुत आवश्यक है। इस प्रशिक्षण की उपयोगिता तभी सिद्ध होगी, जब इस प्रशिक्षण में बताई गई विधा को विद्यालय में छात्र छात्राओं के मध्य सभी शिक्षकों द्वारा क्रियान्वित किया जायेगा। उक्त आशय का विचार जिला समन्वयक प्रशिक्षण आशीष कुमार मिश्र ने विकास क्षेत्र बर्डपुर और नौगढ़ में चल रहे पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के औचक निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने प्रशिक्षण में शत प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति की सराहना की और सभी प्रशिक्षक को समय से समय तक प्रशिक्षण चलाने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान आशीष कुमार सिंह, अब्दुल मोबीन, सरिता गौतम, पूजा तिवारी, शमशुल हक, मनोज कुमार यादव, वन्दना सिंह, कल्पना सिंह, डोली पुनिया, मीना प्रतिभा गुप्ता, प्रतीक्षा कुशवाहा, रूमीश, पूनम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अभियुक्त

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : गोल्हौरा थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास के तीन वांछित अभियुक्त तथा एक बाल औपचारिक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। इस संबंध में पुलिस लाइन के सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 27 अगस्त को थाना क्षेत्र गोल्हौरा के ग्राम अकोलिया निवासी वाल्मीकि पुत्र रामसेवक द्वारा स्थानीय थाने पर तहरीर दिया गया कि प्रतिवादी द्वारा मेरे पिता राम सेवक को माता रामवती को अनायास ही गाली गुप्ता तथा जान माल की धमकी देते हुए मारा पीटा गया। इसके संबंध में पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जिसमें मारपीट में रामसेवक पुत्र राम दत का इलाज के दौरान डॉक्टर राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ में 31 अगस्त की रात को मौत हो गई।

बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो : डीएम

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक, दिए सख्त निर्देश

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक करते डीएम और सीडीओ। अमृत विचार

अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल फेज वन एवं फेज टू में गैप्स के पैरामीटर की समीक्षा की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत 51465 बच्चों का नामांकन हुआ है। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि सम्बंधित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनाये जाने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि जूता मोजा ड्रेस की धनराशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान हो गया है अभिभावकों को से ड्रेस, जूता मोजा आदि खरीदने के लिए प्रेरित करें। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति ड्रेस, जूता मोजा में सुनिश्चित करायें। विद्यालयों में जो भी कम्पोजिट ग्राण्ट, स्पोर्टस ग्राण्ट, टीएलएम ग्राण्ट आदि प्राप्त/व्यय हुआ है एवं टीचिंग टाइम टेबल अंकित करायें। निपुण लक्ष्य के लिए जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करायें। विद्यालय में जो भी कमियां है उसे खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ठीक करा ले। जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूलों में एमडीएम सेड, टाइलिंग, छत मरम्मत, बाउंड्री वॉल आदि का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके अलावा मिड-डे मील टीन शेड, का कार्य पूर्ण कराये। जर्जर विद्यालय के ध्वस्तीकरण हेतु कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण करे। 10 दिन में जन्म प्रमाण पत्र सभी बच्चों का निर्गत कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति शत-प्रतिशत कराने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा एवं समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रधानों ने किया नये एसडीएम का स्वागत

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधियों ने बुधवार को शोहरतगढ़ के नवागत उपजिलाधिकारी विवेकानन्द मिश्रा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी पवीन प्रकाश के साथ बैठक की।

बैठक से पूर्व प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त एसडीएम को चित्र भेंटकर बुद्ध की धरा पर उनका स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से यूरिया खाद की उपलब्धता, ग्राम पंचायत में विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण के लिए भूमि चिन्हॉकन एवं चर्चित ड्रोन प्रकरण को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम को लेकर प्रधान संगठन की जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा ने कहा कि यूरिया खाद की उपलब्धता एवं वितरण प्रणाली में ग्राम प्रधानों की सहभागिता अनिवार्य की जायें। साथ ही साथ ग्राम पंचायत में विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि चिन्हॉकन कर ग्राम पंचायत अध्यक्षों को भूमि सौंपी जायें, ताकि विभिन्न परियोजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा सकें। साथ ही साथ वर्तमान समय में चर्चित ड्रोन प्रकरण को लेकर भी उनसे वार्ता की। इस दौरान ग्राम प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधियों में इबरार अली, अवनीन्द्र चौधरी, शिवशंकर चौधरी, नीरज सिंह, सद्दाम हुसैन, पप्पू गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार चौधरी, अजय कुमार मिश्रा, सुनील सिंह, राजेन्द्र कुमार, सुभाष यादव, पिन्टू पटेल, संजय कुमार, सिराज अहमद, ओसामा, सद्दाम हुसैन, अब्दुल हन्नान, गंगा मिश्रा, राजनेत चौरसिया, शिवलाल प्रजापति, अब्दुल रसीद, करम हुसैन, मो0 मुस्तफ़ा, अजय यादव, यशोदानन्द मिश्रा आदि मौजूद रहे।

चेयरमैन ने इन्टरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण करते चेयरमैन चन्द्र प्रकाश चौधरी। अमृत विचार

अमृत विचार : आदर्श नगर पंचायत भारतभारी में विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चेयरमैन चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कार्रवाई की। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय के सामने चल रहे इन्टरलॉकिंग कार्य का औचक निरीक्षण किया। चेयरमैन ने निर्माण कार्य की बारीकी से जांच कर उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिये कि कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। चेयरमैन श्री चौधरी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य दो उद्देश्यों से किये जा रहे हैं। पहला जनता को बेहतर सुविधाएं मिलें और दूसरा नगर की सुन्दरता बढ़ें। उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और ठेकेदार को दो महत्वपूर्ण निर्देश दिये। गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करें। कार्य को निर्धारित समय में पूरा करें। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। चेयरमैन के अचानक निरीक्षण से कर्मचारियों और ठेकेदारों में सतर्कता का माहौल दिखा।

कोई भी बच्चा व गर्भवती महिला जांच, टीकाकरण से वंचित न रहे

- डीएम ने विकासखंड उसका बाजार में आयोजित कार्यक्रम का किया निरीक्षण

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

आशा डायरी चेक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.। अमृत विचार

अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, उपकेन्द्र गंगाधरपुर, विकास खण्ड उसका बाजार पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच के लिए एएनएम के पास स्ट्रिप उपलब्ध था।

गर्भवती महिला का एमसीपी कार्ड बना था। ड्यू लिस्ट अपडेट नही था। कार्ड पर आरसीएच नम्बर नहीं पड़ा था। गर्भवती महिलाओं का फालोअप न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एमओआईसी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा एएनएम पीयूषलता और सीएचओ का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा एचआरपी महिला से फोन द्वारा वार्ता किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम-मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने एएनएम को निर्देश दिया कि एचआरपी महिलाओं का नियमित जांच एवं टीकाकरण कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस में गर्भवती महिलाओ की गोदभराई, अन्नप्रासन्न कराये तथा पोषाहार का वितरण कराये।

आशा डायरी पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनकी मानीटरिंग करने का निर्देश दिया।

नकबजनी करने वाले 5 गिरफ्तार जेवरात, नकदी व बाइक बरामद

पकड़े गये आरोपियों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : पुलिस ने नकबजनी करने वाले एक संगठित गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह पांचों आरोपी नेपाल भागने की तैयारी में है। एक निर्माणाधीन मकान में दबिश दी गई गिरोह के आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे दिन में गांव और कस्बों के किनारे बने मकानों की रेकी करते थे। बन्द घरों को चिह्नित कर रात में वहां चोरी करते थे। चोरी का माल नेपाल ले जाकर बेचते और रुपए आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने गिरोह के आरोपियों से सोने-चांदी के जेवर बरामद किये हैं। जिनमें अंगूठियां, मांग टीका, मक्खी, मंगलसूत्र, नाक की कील, कर्धनी, पाजेब, पायल और बिछिया शामिल हैं। इसके अलावा 20 हजार रुपये नगद, दो मोबाइल फोन और एक बिना नम्बर की अपाचे बाइक भी जब्त की गई है। इस संबंध में सदर ट्रेनिंग आईपीएस सदर क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान ने बताया कि जांच में सामने आया है कि जगदीशपुर राजा और रेहरा में हाल ही में हुई चोरियों को भी इसी गिरोह ने अंजाम दिया था। इन वारदातों से इलाके में दहशत फैली हुई थी। जिसमें गिरोह के पांचों आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया गया है।

वॉलीबॉल : देवरा चौधरी ने मधुबेनिया को हराया

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

बच्चों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित करतीं जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा द्विवेदी। अमृत विचार

अमृत विचार : ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में सम्पन्न हुआ, जिसका शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में मेजबान पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के अलावा पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय मधुबेनिया, कम्पोजिट विद्यालय काशीपुर और सूर्यकुडिया के बच्चों ने भाग लिया।

पहला मुकाबला मधुबेनिया और सूर्यकुडिया के मध्य खेला गया, जिसमें मधुबेनिया ने पहले चक्र में 14 अंक से जीत हासिल कर फाइनल में अपना स्थान बना लिया। वहीं दूसरा मुकाबला काशीपुर और देवरा चौधरी के मध्य हुआ, जिसमें देवरा चौधरी ने काशीपुर को हराकर फाइनल के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। फाइनल मैच का कड़ा मुकाबला देवरा चौधरी और मधुबेनिया के बीच हुआ, पहले चक्र में देवरा चौधरी ने मधुबेनिया को 18 अंक से पराजित किया वहीं दूसरे चक्र में माधुबेनिया ने देवरा चौधरी को 16 अंक से पराजित किया। बेहद कड़े और अन्तिम मुकाबले में देवरा चौधरी ने मधुबेनिया से 02 अंक की बढ़त हासिल कर जीत अपने नाम दर्ज कर लिया।कार्यक्रम में अन्त में जिला व्यायाम शिक्षिका श्रीमती सीमा द्विवेदी ने बच्चों को मेडल और ट्राफी देकर उनकी हौसला अफजाई की तथा बच्चों को खेल खेल के माध्यम में घर परिवार समाज का नाम रौशन करने की सलाह दी।कार्यक्रम का सफल आयोजन मेजबान पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के प्रधानाध्यापक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक साधू शरण चौहान ने किया। उक्त अवसर पर प्रधानाध्यापक सेराज अहमद, निर्मला, सरस्वती आदि मुख्य रूप से उपस्थित रही।

भाजपा महिला मोर्चा ने जताया विरोध

कुशीनगर, अमृत विचार : भाजपा महिला मोर्चा कुशीनगर द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री को गाली देने को लेकर बुधवार को विरोध जताया। पडरौना सुबाष चौक पर विरोध में नारेबाजी की। राहुल गांधी शर्म करो शर्म करो, देश की मां का अपमान नहीं सहेंगे नहीं सहेंगे माफी मांगो माफी मांगो आदि नारे लगाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा पांण्डेय, जिला उपाध्यक्ष लीलावती शुक्ला, वंदना ठाकुर, अंजलि मौर्य,जिला मंत्री मुनि तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् तहसीलदार महोदय, मिल्कीपुर अयोध्या

वाद संख्या–05776/2023

वादी बनाम तेजकुमार प्रतिवादी राजेश कुमार नंवइयत मुकदमा धारा 34 उ0प्र0 रा0सं0–2006 रमन तिवारी पुत्र राजेश कुमार **नि0–ग्रा0 अमावां सूफी परगना–खण्डासा तह0 मिल्कीपुर अयोध्या** हरगाह आपको इत्तिला दी जाती है कि रूबरू इस अदालत असलतन या बजरिये मुख्तार मजाज तारीख 8/09/2025 बवक्त 10. बजे दिन बमुकाम हाजिर होये।

आज्ञा से
न्यायालय तहसीलदार मिल्कीपुर अयोध्या

गोरखपुर एम्स से इलाज करा कर घर जा रहे मरीज की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार : गोरखपुर एम्स से इलाज करा कर बाइक से बुधवार को दोपहर बाद घर जा रहे कुशीनगर के राजेश कुशवाहा पुत्र केदार कुशवाहा उम्र 60 वर्ष निवासी पुरनहां बुजुर्ग थाना जटहा की हाटा कोतवाली के समीप बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई इस दुर्घटना में राजेश कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई वहीं साथी वाहन चालक अशोक कुमार कुशवाहा पुत्र सीताराम मामूली चोटे आई। घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतू भेज विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

मऊ-कोलकाता साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन 24 से 13 नवंबर तक

गोरखपुर, अमृत विचार: रेलवे प्रशासन ने दीपावली और छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए मऊ-कोलकाता साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन (05064/05063) का संचालन 24 सितंबर से 13 नवंबर, 2025 तक किया जाएगा। यह ट्रेन मऊ से हर बुधवार दोपहर 1:30 बजे प्रस्थान करेगी और कोलकाता सुबह 8:00 बजे पहुंच जाएगी। वहीं, वापसी में कोलकाता से यह ट्रेन हर गुरुवार दोपहर 1:20 बजे रवाना होगी और मऊ सुबह 7:45 बजे पहुंचेगी। ट्रेन 8 फेरों पर चलेगी और प्रमुख स्टेशनों में बेलथरा रोड, सलेमपुर, भटनी, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, जमुई, झाझा, आसनसोल, दुर्गापुर, वर्द्धमान, बण्डेल, नैहाटी शामिल हैं।इस विशेष ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे, जिनमें एसएलआरडी के 2, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 6, शयनयान श्रेणी के 8, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3 और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 1 कोच शामिल होंगे।

बुजुर्ग पर दुष्कर्म का आरोप, जेल

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार: जिले में एक बुजुर्ग ने पहले तो नाबालिग से जबरन शादी की और फिर उसका रेप किया। मामले में पीड़ित नाबालिग लड़की ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। बुजुर्ग पर नाबालिग किशोरी ने गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। लड़की का कहना है कि बुजुर्ग ने उसे मंदिर में ले जाकर पहले तो जबरन उसकी मांग में सिंदूर भरा और फिर उसे घर ले जाने के लिए निकल गया। इसी दौरान बुजुर्ग ने रास्ते में उसका रेप किया और फिर घर ले जाकर भी रेप किया। पुलिस के अनुसार जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र एक गांव के 60 वर्षीय बुजुर्ग पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। उसी गांव की नाबालिग किशोरी उम्र 15 वर्ष ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के दौरान किशोरी ने अपने दिए बयान में कहा कि बुजुर्ग ने बहला फुसलाकर मंदिर में उसकी मांग भरी। किशोरी ने बुजुर्ग पर मंदिर से घर लौटते वक्त झाड़ियों में रेप करने का आरोप लगाया है।

त्योहारों पर यात्रियों की मांग पर रेलवे का विशेष प्रबंध

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए न्यू जलपाईगुड़ी-गोमती नगर के बीच साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 28 सितम्बर से 2 नवम्बर तक हर रविवार न्यू जलपाईगुड़ी से तथा 29 सितम्बर से 3 नवम्बर तक हर सोमवार गोमती नगर से चलेगी। ट्रेन गोरखपुर, अयोध्या धाम, सीवान, छपरा, कटिहार, पूर्णिया समेत कई स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 20 सामान्य द्वितीय श्रेणी के होंगे। ट्रेन संख्या 05742 व 05741 के रूप में यह सेवा 6 फेरों तक जारी रहेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। यात्रियों को आरक्षण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

कटिहार-अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन 17 से : 05736/05735 कटिहार-अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन कटिहार से 17 सितम्बर से 5 नवम्बर तक (24 सितम्बर को छोड़कर) हर बुधवार तथा अमृतसर से 19 सितम्बर से 7 नवम्बर तक (26 सितम्बर को छोड़कर) हर शुक्रवार कुल 7 फेरों में चलाई जाएगी। यह गाड़ी गोरखपुर, बरेली, मुरादाबाद, अम्बाला कैंट, जलंधर होते हुए अमृतसर जाएगी। ट्रेन में कुल 15 कोच होंगे, जिसमें एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी की बोगियां शामिल रहेंगी। यह गाड़ी गोरखपुर से होकर जाएगी।

बढ़नी-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी का संचालन 24 से 27 नवंबर तक : गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन ने दशहरा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 05005/05006 बढ़नी-अमृतसर-बढ़नी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचालन 24 सितंबर से 27 नवंबर 2025 तक 10 फेरों के लिए किया है। गाड़ी बढ़नी से प्रत्येक बुधवार को 15:10 बजे चलेगी और अमृतसर गुरुवार 09:30 बजे पहुँचेगी। वापसी में अमृतसर से प्रत्येक बृहस्पतिवार को 12:45 बजे प्रस्थान करेगी और बढ़नी शुक्रवार 08:15 बजे पहुँचेगी। ट्रेन में शयनयान के 9, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 9 और 2 एसएलआर सहित कुल 20 कोच होंगे।

गोमती नगर-खातीपुरा साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन 23 से 4 नवंबर तक : 05023/05024 गोमती नगर-खातीपुरा साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन गोमती नगर से 23 सितंबर से 4 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार और खातीपुरा से 24 सितंबर से 5 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को संचालित होगी। इसमें कुल 20 कोच होंगे, जिनमें एसी, स्लीपर और सामान्य कोच शामिल हैं। ट्रेन गोमती नगर से रात 11:55 बजे चलकर अगले दिन शाम 5:30 बजे खातीपुरा पहुँचेगी, जबकि वापसी में खातीपुरा से 6:50 बजे चलकर अगले दिन 11:45 बजे गोमती नगर पहुँचेगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत शरीफपुर विकास खंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर

पत्रांक पंचम राज्य वित्त/15वित्त/मनरेगा/अल्पकालीन निविदा 2025–2026 दिनांक 04–09–2025

अल्पकालीन निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0पं0– शरीफपुर वि0खंड–जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर मे (1) संजय के घर से सत्तू (सद्धु) के घर तक नाली मरम्मत एवं पटिया निर्माण कार्य (2) ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर पटिया निर्माण कार्य (3) डीह बाबा के स्थान पर चबूतरा निर्माण कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी,एस0ओ0बी ईट,रबर मोल्ड ईट,ईट की गिट्टी,पत्थर गिट्टी,सीमेंट,मोरंग,बालू,सरिया व अन्य कार्य हेतु लोहे के उपकरण व अन्य निर्माण सामग्रियों के आपूर्ति धनराशि के सापेक्ष अल्पकालीन निविदा/टेंडर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/09/2025तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 12/09/2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष प्रात:10 बजे खोली जाएगी। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।

नोट:–प्रतिबन्ध, नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

सुधा वर्मा	कामिता यादव
ग्राम प्रधान	ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत शरीफपुर	ग्राम पंचायत शरीफपुर
विकासखंड जलालपुर	विकासखंड जलालपुर
जनपद अम्बेडकर नगर	जनपद अम्बेडकर नगर

अमृत विचार

गुरुवार, 4 सितंबर 2025

सोने और खाने का नाम जिंदगी नहीं है। आगे बढ़ते रहने की लगन का नाम जिंदगी है।

–मुंशी प्रेम चंद्र, साहित्यकार

भूकंप से संदेश और सीख

हालिया भीषण भूकंप ने अफगानिस्तान को गहरी खाई में धकेल दिया। इसने सैकड़ों जानें लीं, हजारों को बेघर और घायल किया, साथ ही कई बुनियादी ढांचे तबाह कर दिए। प्रभावित इलाकों में सड़कें, स्कूल, अस्पताल और जलापूर्ति तंत्र जैसी आवश्यक सेवाएं अचानक ठप हो गईं। अनुमान है कि अरबों डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है, जबकि अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही युद्ध, प्रतिबंधों और अस्थिर शासन के कारण कमजोर है। इस आपदा की घड़ी में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय आगे तो आया है, परंतु भारत को छोड़कर अधिकतर देशों में गर्मजोशी और दरियादिली बहुत कम दिखी। मानवीय आधार पर सहायता भेजने में भारत की तत्परता सराहनीय है। उसने तंबू, टनों खाद्य सामग्री वगैरह के साथ यह सांत्वना भी भेजी कि प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत देने को वह तैयार है। पाकिस्तान ने सीमावर्ती इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई है। उल्लेखनीय है कि प्रभावित होने वालों में अधिकांश वे शरणार्थी ही हैं, जिन्हें पाकिस्तान ने भगा दिया था। अमेरिका और कुछ अन्य देश तालिबान शासन की कट्टरपंथी नीतियों के चलते मदद से दूरी बनाए हुए हैं, जो उचित नहीं। ऐसी विषम परिस्थितियों में सहयोग न केवल मानवीय दृष्टि से अनिवार्य है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब कोई देश लगातार संकट से जूझता है, तो उसका असर सीमाओं से बाहर तक फैलता है।

दो दिनों में नौ भूकंप झेल चुके अफगानिस्तान के लिए संकट का एक विद्रूप पहलू यह है कि इन सबके बावजूद उसके पास न तो आपदा प्रबंधन की ठोस व्यवस्था है, न पर्याप्त प्रशिक्षण प्राप्त रेस्क्यू बल, न आधुनिक उपकरण और न ही आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली। भूकंप-प्रवण इलाकों में सुरक्षित निर्माण मानकों की अनुपस्थिति जन-धन की हानि बढ़ाती है। ऐसे में अफगानिस्तान के लिए आवश्यक है कि वह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और तकनीकी साझेदारों के सहयोग से एक सुदृढ़ आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित करे। राहत और पुनर्वास से आगे बढ़कर उसे दीर्घकालीन दृष्टिकोण अपनाना होगा, जैसे- सिस्मिक जोन में भवन निर्माण को सख्ती से नियंत्रित करना, स्कूलों और समुदाय स्तर पर भूकंप सुरक्षा का प्रशिक्षण देना तथा आपात स्थितियों में त्वरित संचार व्यवस्था स्थापित करना। यह केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, जहां राजनीतिक, आर्थिक और संस्थागत स्थिति कमजोर है, जिसके चलते वह प्राकृतिक आपदाओं के सामने अधिक असहाय साबित हुआ। भारत का हिमालयी क्षेत्र से लेकर उत्तर-पूर्व तक का बड़ा भूभाग उच्च सिस्मिक जोन में आता है। किसी भी समय बड़ा भूकंप यहां भारी तबाही ला सकता है, इसलिए भारत को फौरन इमारतों के भूकंपीय सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य करना होगा। साथ ही स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी इमारतों जैसी सार्वजनिक संरचनाओं की जांच और उनका सुदृढ़ीकरण भी आवश्यक है। एनडीआरएफ और राज्य आपदा बलों को अधिक संसाधन तथा आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना और आम नागरिकों में जागरूकता फैलाना भी उतना ही जरूरी है। अफगानिस्तान की त्रासदी हमें यह सिखाती है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं सीमाएं नहीं देखतीं। इनसे बचाव केवल सामूहिक तैयारी और सहयोग से ही संभव है।

प्रसंगवश

मुस्कुराहट में छिपा अवसाद

हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक दिल को छूने वाली घटना घटी। मानसिक अवसाद से ग्रस्त रानी देवी 17 साल बाद परिवार से मिलीं। वर्ष 2008 में वह घर से अचानक लापता हो गईं। परिवार ने हर जगह तलाश किया, लेकिन रानी देवी का कोई सुराग नहीं मिला। रानी देवी गंभीर मानसिक अवसाद से जूझ रही थीं। घरेलू दबाव, आर्थिक तंगी और पारिवारिक उपेक्षा ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया। इसी मानसिक स्थिति में उन्होंने घर छोड़ दिया और अजनबी शहरों में भटकती रहीं। एक पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों की नजर उन पर पड़ी और उन्हें घर पहुंचाया गया।

देश में महिलाओं का मानसिक अवसाद केवल स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी सामाजिक समस्या है। भारत जैसे देश में जहां पारंपरिक सोच और आधुनिक जीवन शैली

डॉ. नीलू तिवारी

लेखिका

आपस में टकराती हैं, वहां महिलाएं दोहरी चुनौतियों से गुजरती हैं। उनसे पारंपरिक भूमिकाएं निभाने की अपेक्षा की जाती है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक प्रतिस्पर्धी समाज में बराबरी साबित करने का दबाव उन पर होता है। यह द्वंद्व की स्थिति उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है। पारंपरिक समाज में अकसर महिलाओं की भावनाओं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसके कारण वे अवसाद, चिंता और तनाव का सामना करती हैं।

हाल के शोध बताते हैं कि भारत में अवसाद से पीड़ित कुल मरीजों में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि प्राथमिक देखभाल स्तर पर महिलाओं में अवसाद की व्यापकता औसत 41 प्रतिशत है, जो सामाजिक और आर्थिक दबाव, घरेलू हिंसा और शिक्षा की कमी जैसी वजहों से और बढ़ जाती है। शहरी अनौपचारिक बस्तियों में किए गए शोध में 15 प्रतिशत महिलाओं ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी हल्के, नौ प्रतिशत ने मध्यम और छह प्रतिशत ने गंभीर अवसाद या चिंता के लक्षण दर्ज किए। वृद्ध महिलाओं में स्थिति और गंभीर होती है। 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में अवसाद की दर 21.7 प्रतिशत पाई गई, जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु में यह दर 9.5 प्रतिशत थी, जो पुरुषों की तुलना में अधिक है।

मानसिक स्वास्थ्य की कमी और अवसाद का परिणाम आत्महत्या की घटनाओं में भी दिखाई देता है। एनसीआरबी के अनुसार, 2021 में भारत में 164,033 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें 48,172 महिलाएं शामिल थीं। 2025 के हालिया आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में अनुमानित रूप से लगभग 41.9 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में अवसाद का सामना कर रही हैं। प्रजनन आयु की महिलाओं में मानसिक संकट की दर और भी अधिक पाई गई है। दिल्ली के निम्न-से-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में 54.3 प्रतिशत महिलाओं ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का अनुभव किया, जिनमें 20 प्रतिशत ने गंभीर अवसाद के लक्षण महसूस किए। प्रसवोत्तर महिलाओं में भी 19-23 प्रतिशत की दर से अवसाद की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

शहरी महिलाएं नौकरी, परिवार और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में मानसिक दबाव झेलती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण महिलाएं अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से नहीं बता पाती हैं। मानसिक अवसाद से ग्रस्त महिलाओं की स्थिति और भी जटिल हो जाती है, क्योंकि उन्हें समय पर सही इलाज नहीं मिल पाता। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, अशिक्षा, गरीबी और समाज में मानसिक रोगों को लेकर व्याप्त अंधविश्वास इसके मुख्य कारण हैं।

वेनेजुएला पर अमेरिका की नजर टेढ़ी



नवीन गुप्ता

बरेली

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इजराइल की सेना गाजा को नेस्तनाबूत करने पर तुली हुई है। इजराइल तो कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। ईरान की ओर से इजराइल को लगातार युद्ध के लिए उकसाया जा रहा है। पाकिस्तान ने हाल ही में अफगानिस्तान की सीमा में ड्रोन भेज कर आतंकियों को मारने का दावा किया है। इसे अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज तालिबान ने अफगानिस्तान की संप्रभुता पर हमला करार दिया है और अब बदले की तैयारी में है। इन सबके बीच ही शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के लिए लगातार हर हथकंडे अपना रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध का एक और फ्रंट खोलते नजर आ रहे हैं। वेनेजुएला के समुद्र तट पर एक के बाद एक युद्धपोत भेजकर ट्रंप ने इस बात के संकेत भी दे दिए हैं।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दुश्मनी जग जाहिर है। मादुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता पर काबिज हैं। ट्रंप उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा मादक पदार्थ तस्कर मानते हैं। ट्रंप मादुरो को अमेरिका में फेंटेनाइल से लैस कोकीन की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार मानते हैं। वे बार-बार आरोप लगाते हैं कि राष्ट्रपति मादुरो के संबंध कोकीन माफिया कार्टेल से हैं। मादुरो पर मैनहट्टन संघीय अदालत में 2020 में नार्को आतंकवाद और कोकीन आयात की साजिश के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। तब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने थे। उस वक्त मादुरो पर 1.5 करोड़ डालर का इनाम घोषित किया गया था।

जो बाइडन राष्ट्रपति बने तो उन्होंने मादुरो पर 2.5 करोड़ डॉलर का इनाम कर दिया था। अब ट्रंप प्रशासन ने मादुरो पर इनाम की राशि बढ़ाकर पांच करोड़ डॉलर कर दी है। आरोप लगाया गया कि अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा बरामद की गई 70 लाख टन कोकीन राष्ट्रपति मादुरो से ही जुड़ी है। हालांकि, मादुरो बार-बार यह आरोप लगाते रहे हैं कि अमेरिका उन्हें सत्ता से बेदखल करने की साजिश रच रहा है और इसीलिए इनाम राशि बढ़ाई जा रही है।

जहां मादुरो ने अमेरिका से हर स्थिति में निपटने की घोषणा की है तो ट्रंप भी उनसे बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। उन्होंने तो बकायदा 45 लाख सैनिकों की तैनाती की बात भी कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला के समुद्र तट पर युद्धपोत, पनडुब्बियों को तैनात कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है और यह कयास लगाए जा रहे हैं कि अमेरिका, मादुरो को सत्ता से बेदखल करने के लिए कभी भी वेनेजुएला पर हमला कर सकता है।

यूक्रेन से युद्ध लड़ रहा रशिया भी युद्ध की स्थिति में वेनेजुएला के साथ खड़ा हो सकता है। वेनेजुएला के चीन से भी सैन्य रिश्ते अच्छे हैं। रशिया तो बाकायदा वेनेजुएला के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण नौसैनिक अड्डों का उपयोग भी करता है। कई बार दोनों देशों के सैनिक संयुक्त सैन्य अभ्यास कर चुके हैं, ऐसे में यदि अमेरिका की ओर से वेनेजुएला पर हमला किया जाता है तो युद्ध लंबा खिंच सकता है। वेनेजुएला कभी भी अमेरिकी दादागिरी के सामने नहीं झुका।

ईराक में सद्दाम हुसैन और लीबिया में कर्नल गद्दाफी के खात्मे के बाद अमेरिका की दादागिरी बढ़ी और यह माना जा रहा है कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के देश छोड़ने के पीछे भी ट्रंप का ही हाथ है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने और देश छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए जो हिंसक आंदोलन हुआ, उसमें भी अमेरिकी हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी प्रशासन के दबाव में हसीना कभी नहीं आईं। यही स्थिति मादुरो की है। ऐसे में बशर अल असद और हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाला अमेरिका अब हर हाल में मादुरो को हटाकर वेनेजुएला में कठपुतली सरकार बनाना चाहता है, ताकि वहां के संसाधनों का उपयोग वह आसानी से कर सके।

ट्रंप नहीं चाहते कि कोई भी शासक उन्हें चुनौती दे और जो चुनौती दे, उससे वे हर स्तर पर निपटने को तैयार हैं। चाहे मनमाना टैरिफ लगाकर या फिर वहां विद्रोह कराकर। अब बात करें ईरान की। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक के बाद एक मिसाइलों का टेस्ट किया और फिर से इजराइल को ललकारने में जुट गए हैं। यमन में हूती विद्रोहियों के प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और कई बड़े नेताओं को हलाक करने वाले इजराइल के हौसले बढ़े हुए हैं और वह ईरान से दो-दो हाथ करने को फिर से तैयार भी दिख रहा है। ऐसे में रक्षा विशेषज्ञों का यह मानना है कि युद्ध के और फ्रंट खुल सकते हैं, जो विनाश का कारण बनेंगे।

अमेरिका की दादागिरी का आलम तो यह है कि भारत पर दबाव बनाने के लिए ही पाकिस्तान को कुछ ज्यादा ही तरजीह दी जा रही है। ट्रंप ने इसीलिए पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को दो बार बुलाया और खातिरदारी की। हो सकता है कि अमेरिका भारत को चिढ़ाने के लिए पाकिस्तान से हथियारों की बड़ी डील भी कर ले। इससे वह पाकिस्तान को चीन से दूर करने में भी कामयाब होगा और भारत को भी यह संदेश देने में कामयाब होगा कि अब वह पूरी तरह से पाकिस्तान के सिर पर हाथ रखेगा और भारत को इग्नोर करेगा।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दुश्मनी जग जाहिर है। ट्रंप उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा मादक पदार्थ तस्कर मानते हैं।

आमने

आज कांग्रेस 'गांधीवादी' नहीं रही, यह 'गालीवादी' कांग्रेस बन गई है। ये 'गली-गली' कांग्रेस नहीं, बल्कि 'गाली-गाली' कांग्रेस बन गई है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पूरा कुनबा हताशा और निराशा में गालीबाजी कर रहा है। –**शहजाद पूनावाला,** भाजपा नेता

सामने

किसी की मां को गाली नहीं देना चाहिए, हम इसके पक्ष में नहीं हैं। विधानसभा के अंदर बीजेपी के विधायकों ने मुझे गाली दी थी। आरजेडी की प्रवक्ता को नंगा घुमाया गया। ऐसा करने वालों को इन्होंने पार्टी में लिया। यह बिहार बंद कर रहे हैं, इनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। –**तेजस्वी यादव** आरजेडी नेता

सहकारिता के लिए घातक अमेरिकी 'ब्लड मील'

हरीश शिवनानी

स्वतंत्र पत्रकार

किसी शक्तिशाली, साधन-संपन्न और प्रभुत्ववादी देश का राष्ट्राध्यक्ष यदि अपनी निजी खुन्नस में अतार्किक और अनर्थकारी निर्णय दूसरे देशों पर थोपने पर आमादा हो जाए तो स्थिति गंभीर और सतर्क, सजग रहने जैसी हो जाती है। अमेरिका ने भारत के लिए यही स्थिति उत्पन्न कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा उसे 'ऑपरेशन सिंदूर' सीजफायर का (झूठा) श्रेय न देने और नोबल पुरस्कार की संस्तुति न करने और अमेरिकी डेयरी उत्पादों के लिए बाजार न खोलने से खिन्न होकर भारत पर अत्यधिक टैरिफ थोप दिए हैं। यह भारत में बरसों से बनाए गए सहकारिता आंदोलन और किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण समय है।

भारत का डेयरी उद्योग ग्रामीण विकास और किसानों की आजीविका का प्रमुख स्रोत भी है। सहकारी आंदोलन के माध्यम से विकसित यह उद्योग, विशेष रूप से अमूल, मदर डेयरी और अन्य कई ब्रांडों के जरिए, दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है, लेकिन पिछले कुछ समय में अमेरिका द्वारा अपने डेयरी उत्पाद भारत पर आयात करने के लिए दबाव डाल रहा है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन में इसे 'ट्रेड बैरियर' बताते हुए सख्त विरोध किया है और इसके आयात की मंजूरी देने से स्पष्ट इनकार कर दिया है। एक मुख्य कारण यह है कि यदि अमेरिकी 'ब्लड मील' वाले डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिए तो सस्ते अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार पर कब्जा कर लेंगे, जो भारतीय सहकारी उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के ढांचे पर घातक प्रहार करेंगे।

अमेरिकी डेयरी उद्योग उत्पादकता बढ़ाने के लिए गायों को खिलाए जाने वाले चारे में 'ब्लड मील', 'बोन मील' और अन्य पशु उप-उत्पादों का इस्तेमाल करता है। 'ब्लड मील' पशु रक्त, मृत पशुओं की हड्डियों और मांस से बनाया जाता है, जो प्रोटीन का सस्ता स्रोत है और गायों के दूध उत्पादन को बढ़ाता है। इन उत्पादों में 'ब्लड मील' इस्तेमाल होने के कारण इन्हें मांसाहारी माना जाता है, जो भारतीय संस्कृति और शाकाहारी परंपराओं के विपरीत है। यदि ये आयात बढ़े, तो भारत के सहकारी डेयरी उद्योग पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है, जिससे करोड़ों किसान और दुग्धपालक प्रभावित होंगे और जिसका सीधा असर भारत के सहकारिता आंदोलन पर पड़ेगा।

भारत में सहकारी डेयरी आंदोलन की शुरुआत 1946 में गुजरात के आनंद जिले से हुई, जब किसानों ने मिलकर कायरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (अमूल) की स्थापना की। अमूल मॉडल ने किसानों को सीधे बाजार से जोड़ा, बिचौलियों को हटाया और उचित मूल्य सुनिश्चित किया। आगे चलकर 1970 में शुरू हुए ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति) ने इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाया। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तहत चलाए गए इस कार्यक्रम को तीन चरणों में व्यवस्थित रूप से नए सहकारी संघ जोड़े गए, जिससे कुल संख्या 73,000 हो गई। ऑपरेशन फ्लड ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बनाया, जहां आज करीब आठ करोड़ किसान और पशुपालक जुड़े हैं।

यह आंदोलन न केवल आर्थिक रूप से सफल रहा, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बना। सहकारी मॉडल ने जाति और लिंग भेदभाव को कम किया, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता दी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। आज भारत का डेयरी सेक्टर जीडीपी में लगभग चार प्रतिशत योगदान देता है, अब अमेरिका इस आंदोलन को चुनौती दे रहा है। भारत में 'नॉन-वेज मिल्क' भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अस्वीकार्य है। 'ब्लड मील' न केवल सांस्कृतिक रूप से विवादास्पद है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है। इसमें बैक्टीरिया या रोगाणु हो सकते हैं, जो दूध के माध्यम से मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। 'ब्लड मील' युक्त अमेरिकी डेयरी आयात के खतरे बहुआयामी हैं।

सबसे प्रमुख है आर्थिक खतरा। अमेरिकी उत्पाद सब्सिडी प्राप्त होते हैं, इसलिए वे सस्ते हैं। इनके आयात से भारत में दूध की कीमतें 15 फीसदी तक गिर सकती हैं, जिससे भारतीय किसानों और दुग्ध उत्पादकों को सालाना 1.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। अनेक सहकारी संघ, जो छोटे किसानों पर निर्भर हैं, प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। इससे लाखों सीमांत किसान विस्थापित हो सकते हैं। दूसरा है सांस्कृतिक खतरा। भारत में लगभग 80 फीसदी आबादी शाकाहारी है और यहां दूध को पवित्र माना जाता है। 'ब्लड मील' युक्त दूध का आयात धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा। यह 'सांस्कृतिक ब्लासफेमी' जैसा होगा। भारत का सहकारी मॉडल स्थानीय और टिकाऊ है, जो छोटे फार्म्स पर आधारित है। आयात से यह संतुलन बिगड़ जाएगा।

ऑपरेशन फ्लड ने जो किसानों को संगठित किया, आयात से वह सहकारी संघ कमजोर हो जाएंगे। निजी कंपनियां बढ़ेंगी, जो किसानों का शोषण कर सकती हैं। ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ेगी और महिलाओं की भागीदारी कम होगी। अमेरिका के दबाव से भारत सतर्क है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक रूप से घोषणा कर चुके हैं कि वे अमेरिकी दबाव के आगे भारत के किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे, क्योंकि सहकारी मॉडल की रक्षा करना जरूरी है, ताकि किसान और दुग्ध उत्पादक सशक्त रहें। यदि भारत सरकार दबाव में आकर अमेरिका से डेयरी उत्पादों के आयात को मंजूरी दे देती है तो श्वेत क्रांति का सपना अधूरा रह जाएगा और सहकारिता आंदोलन पर घातक आघात होगा।

टैरिफ वार के दबाव में अगर भारत अमेरिकी डेयरी उत्पादों के लिए अपना बाजार खोल देता है, तो समूचा सहकारिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का ढांचा ही चरमरा जाएगा।

सोशल फोरम

वापस आना, जीना नहीं होता



बाएं ओर समय थमा हुआ था- एक तस्वीर, जिसमें प्रेम था, वादा था और शक्ति थी। वह गर्व से अपनी वर्दी पहने खड़ा था, चौड़े कंधे, स्थिर निगाहें और उसकी मंगेतर उसके सहारे झुकी हुई, जैसे आने वाले कल पर भरोसा हो। सब कुछ निश्चित और साफ लगता था, लेकिन दाईं ओर समय टूट चुका था। 11 महीने की कैद ने उसे खोखला कर दिया। उसका शरीर हड्डियों और छायाओं में बदल गया, चेहरा एक पीड़ा का मानचित्र। वही स्त्री उसके पास थी, उसका प्रेम अब भी अडिग, लेकिन इस बार उसकी बांहें मजबूती को नहीं, टूटन को थामे थीं।



कलम रंगदार

फेसबुक

वह घर लौटा था, पर पूरी तरह नहीं।

"वहां आसमान नहीं था।" उसने फुसफुसाकर कहा। "केवल सड़ांध की गंध थी, बेस्वाद दलिया जो गले में अटक जाता था और भूत-सी आकृतियां जो चुपचाप गुजरती रहती थीं।" उसे याद था बेल्ट की मार, ठंडा पानी जो शरीर में आग की तरह जलता था और वे रातें जब वह नंगी जमीन पर कांपता पड़ा रहता था।

"हम लोग नहीं गिनते थे। हम तो बस परछाइयां गिनते थे।"

वह बच तो गया, लेकिन बचना और जीना- एक जैसी बातें नहीं होतीं। घर पर भी जंग उसका पीछा करती रही। अंधेरा उसे कंपा देता, डोरबेल की आवाज उसे गहरी चुप्पी में धकेल देती। कभी आईने में उसका चेहरा नहीं, बल्कि वही कैदी दिखता, जो अब भी सलाखों के पीछे था। वह उसे छूने की कोशिश करती रही। अपनी आवाज से, अपने स्पर्श से, अपने साथ से। पर जब भी उसने उसके भीतर के उस बंद दरवाजे पर दस्तक दी, जवाब हमेशा एक ही मिला- "अंदर मत आना। मैं अब भी वहीं हूं।"

और इस तरह जंग जारी रही। न गोलियों से, न बमों से, बल्कि उनके घर की खामोशी में, यादों की चुप लड़ी में। कुछ जख्म केवल शरीर को नहीं, आत्मा को भी काटते हैं। कुछ जंग बंदूकें थम जाने पर भी खत्म नहीं होतीं।

सामयिकी

कुछ 'कालनेमि' हमारे बीच भी घूम रहे हैं!

रामायण का एक बड़ा ही रोचक प्रसंग याद आता है। लक्ष्मण जी के मूर्छित होने पर सुषेण वैद्य द्वारा संजीवनी बूटी लाने की बात आई तो रावण ने कालनेमि को हनुमान का रास्ता रोकने का काम सौंपा। कालनेमि ने एक मायावी साधु का वेश धारण किया और हनुमान जी को रोक लिया, लेकिन हनुमान जी ने उसकी माया को पहचानकर उसका वध कर दिया। कालनेमि लंका नरेश रावण के मामा मारीच का पुत्र था। इसी पौराणिक कथा से प्रेरणा लेकर उत्तराखंड पुलिस ने अपने विशेष अभियान का नाम 'ऑपरेशन कालनेमि' रखा है, जिसका उद्देश्य फर्जी साधुओं और ढोंगी बाबाओं को पकड़ना है। जिस

डॉ. धीरज सिंह

स्तंभकार

प्रकार दानव कालनेमि ने छल करने के लिए भेष बदला था, उसी प्रकार आज हमारे समाज में भी कई ऐसे कालनेमि मौजूद हैं, जो अपराध करने के लिए धर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं।

उत्तराखंड में चलाया जा रहा कालनेमि ऑपरेशन लोगों की आस्था की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने का एक प्रयास है कि केवल सच्चे आध्यात्मिक मार्गदर्शक ही हमारे धार्मिक समुदायों का नेतृत्व करें और इसमें काफी हद तक प्रशासन को सफलता भी मिली है। लगभग 300 से अधिक छद्म साधु और मौलाना पकड़े गए हैं। इन साधु-संतों में अधिकांश तो मुस्लिम पक्ष के व्यक्ति हैं।

साधु हिंदू धार्मिक समाज का वह घटक होता है, जिस पर आसानी से भरोसा जम जाता है। उस पर अपने आप श्रद्धा बन जाती है। उसे बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। ऐसे में साधु का भेष धरा व्यक्ति आसानी से अंधविश्वास, छल-कपट और दैवीय शक्तियों के झूठे दावों के जरिए लोगों की आस्था का फायदा उठा सकता है। मासूम आस्तिक लोगों को बड़ी आसानी से बहला-फुसला और बरगला कर भटका सकता है। रावण का वध भगवान श्रीराम ने सिर्फ इसलिए नहीं किया था कि उसने माता सीता का छल से अपहरण किया था, बल्कि उसके वध के मूल में यह बात थी कि उसने अपहरण के लिए एक ऋषि/साधु का वेष धरा था, जो महापाप की श्रेणी में आता है। सनातन में यह अक्षम अपराध है।

फतेहपुर, कानपुर, इलाहाबाद, मुंबई में कई नकली मौलाना पकड़े गए हैं, जो मदरसे और मस्जिद के नाम पर चंदा वसूलते थे। जब गहराई से छानबीन की गई तो पता चला कि कहीं कोई मदरसा नहीं है। कोई मस्जिद नहीं है। ये लोगों को मदरसे और मस्जिद का नाम आगे बढ़ाकर पैसे जमा करते थे। ताज्जुब की बात तो यह है कि इनमें से कई नकली मौलाना तो गैर मुस्लिम भी निकले!

मुंबई के गोवंडी, भिवंडी, दो टांकी, शिवाजी नगर में ऐसे संदिग्ध लोग पकड़े गए हैं, जो साधु या मौलाना का रूप इख्तियार कर चोरी-डकैती करने के लिए इलाके की रेकी करते थे। ऐसे कुछ साधु अभी हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल के कोलकोता और चौबीस परगना जिले में भी धरे गए हैं। अगस्त के आखिर में दिल्ली में भी तीन छद्म साधु पकड़े गए हैं। यहां यह बात ध्यान देने की है कि कालनेमियों का कोई धर्म नहीं होता, क्योंकि कालनेमि एक राक्षस था और राक्षसों का भी कोई धर्म या मजहब नहीं होता। यह बात ध्यान देने योग्य है कि बहुत से लोग सिर्फ धार्मिक आस्था के आधार पर भगवा धारण करते हैं। उनके पास धर्म का इतना व्यापक ज्ञान भी नहीं होता। वह जीवन पद्धति के तौर पर इसे स्वीकार करते हैं। कुछ बुजुर्ग एक निश्चित उम्र के बाद साधु-संन्यासी के तौर पर रहना पसंद करते हैं। ऐसे में पुलिस-प्रशासन के सामने असली अनुयायी और छद्म वेशधारियों के बीच अंतर करने की चुनौती बनी रहती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***

05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः॥
(गुरु ही ब्रह्मा, विष्णु, शंकर और साक्षात परमब्रह्म हैं, ऐसे गुरु को मैं नमन करता हूं।)

बदल गई पढ़ाई, अब स्किल से ही कमाई

शिक्षक ज्ञान के द्वारपाल, तकनीक के हथियार से गढ़ने होंगे नए आकार

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु-शिष्य परंपरा हमारी पहचान है। गुरु यानि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला, नैतिकता और अनुशासन का मार्ग दिखाकर जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराते हैं। शिक्षकों की प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक दिवस हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, यह जीवन की महत्वपूर्ण यात्रा है, और शिक्षक इस यात्रा में इंजन हैं। ऐसे में यह दिन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता, सम्मान और आभार प्रकट करने तथा उनके योगदान की सराहना का तरीका है।

डिजिटल युग ने बदली शिक्षा की परिभाषा और बदल गई शिक्षकों की भूमिका

तेजी से बदलती दुनिया में शिक्षकों के लिए समाज में नैतिकता, संस्कृति और परंपरा के महत्व को समझाकर विद्यार्थियों को सही मार्ग पर ले जाने की चुनौती बढ़ गई है। डिजिटल युग ने शिक्षा की परिभाषा और शिक्षकों की भूमिका बदल दी है। ऐसे में शिक्षकों को डिजिटल कौशल और आधुनिक तकनीक का ज्ञान तथा बदलावों के साथ अपने दृष्टिकोण को अपडेट करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी की प्रचुरता के कारण ज्ञान के स्रोत वाली शिक्षकों की पारंपरिक भूमिका को चुनौती मिल रही है।

शिक्षक दिवस : कबीर की बताई बात नए जमाने में भी है प्रासंगिक

**गुरु कुम्हार और शिष्य कुंभ है,
गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहार
दै, बाहर बाहै चोट।।**

(शिक्षक कुम्हार है, और शिष्य घड़ा। वह भीतर से हाथ का सहारा और बाहर से चोट देकर शिष्य को ऐसे तराशता है, जिससे उसके मन में कोई बुराई न रह जाए।)

...क्योंकि हर स्टूडेंट कुछ अलग होता है

- पहले पढ़ाई सिर्फ किताबों और परीक्षाओं तक सीमित थी। अब स्कूल नई शिक्षण विधियों का उपयोग कर रहे हैं। इसमें शिक्षकों की भूमिका छात्रों की समस्याएं सुलझाने, नए कौशल सिखाने और भविष्य के पथ प्रदर्शक जैसी हो गई है। तकनीक छात्रों को नए तरीकों से सीखने में मदद कर रही है, ऐसे में जरूरी है कि शिक्षक भी नए कौशल सीखें। छात्रों को सही राह पर बनाए रखने के तरीके खोजें। स्कूल-कॉलेज भी व्यक्तिगत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि हर विद्यार्थी अलग होता है। कुछ जल्दी सीखते हैं, कुछ को थोड़ा समय लगता है। शिक्षकों समझना पड़ेगा कि किस बच्चे की क्या जरूरत है। कक्षाओं में स्मार्टबोर्ड, शैक्षिक ऐप्स और वीडियो का इस्तेमाल शिक्षक पढ़ाई को मजेदार बना सकते हैं।

'नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी' ज्ञान से जुड़ा कौशल सबसे ऊपर

- थोड़ा पढ़-लिख गए, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सब कुछ आता है। सीखने के लिए पूरी उम्र कम पड़ जाती है। पढ़ने और सीखने में फर्क है। सीखना ऐसी कला है, जिससे हम खुद को अपडेट और इंप्रूव कर सकते हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षण पद्धति में व्यावहारिक कौशल का महत्व समझना होगा। यह समय 'नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी' का है, जिसमें ज्ञान से जुड़ा कौशल सबसे ऊपर है। इसलिए छात्रों को चाहिए कि वे पारंपरिक विषयों से आगे बढ़कर अपनी रुचि के क्षेत्र में रिसर्च आधारित या व्यावसायिक कोर्सेज का चयन करें।

एआई के दौर में भावनात्मक बुद्धिमत्ता व रचनात्मकता विकसित करनी होगी

- शिक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इंटरनेट ने सूचना और ज्ञान तक हर किसी की पहुंच बना दी है। इस बदलाव से शिक्षक अब केवल तथ्यों के वितरक नहीं रह गए हैं। ज्ञान के संरक्षक होने के नाते उनके कंधों पर छात्रों को सूचना के सागर में रास्ता दिखाने की जिमेदारी आ गई है। एआई और नई तकनीक के परिदृश्य में शिक्षकों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता, अनुकूलनशीलता और रचनात्मकता जैसे इस तरह के कौशल विकसित करने होंगे जो अभी एआई की पहुंच में नहीं हैं।

बढ़िया मार्क्स या ग्रेड पर न इतराएं, वह क्षमता लाएं जो नियोक्ता को भाए

- आज अच्छे मार्क्स या ग्रेड ही काफी नहीं हैं। कॉरियर में सफल होने के लिए वह कौशल जरूरी है, जिसकी अपेक्षा नियोक्ता करता है। ऐसे में शिक्षकों पर ये कौशल विकसित करने की जिम्मेदारी है। इसके लिए शिक्षकों को व्याख्याता के रोल से बाहर आकर डिजिटल तकनीक के जरिए छात्रों से जुड़ने के तरीके खोजने होंगे। समय के साथ बदलने वाले शिक्षक ही शिक्षा को बेहतर बना सकते हैं।

लेखिका
डॉ. क्षमा त्रिपाठी
प्रोफेसर, डीजीपीजी कॉलेज, कानपुर

जॉब अलर्ट

रीजनल रूरल बैंकों में क्लर्क व पीओ के लिए आवेदन करें

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (IBPS) ने देश के रीजनल रूरल बैंकों (RRBs) में क्लर्क और प्रोबेशन ऑफिसर (PO) समेत कई पदों पर 13,000 से अधिक वैकेंसी निकाली हैं। आवेदन प्रक्रिया 1 सितंबर से शुरू हो चुकी है। 21 सितंबर तक ऑफिशियल वेबसाइट ibpsreg.ibps.in पर फॉर्म भर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा अलग-अलग पदों के अनुसार तय की गई है। प्रीलिम्स एग्जाम नवंबर में तथा मेन एग्जाम दिसंबर 2025 या फरवरी 2026 में हो सकता है।

बिहार की पॉलिटेक्निक में एसो. प्रोफेसर व प्रिंसिपल बन सकते हैं

बिहार लोक सेवा आयोग ने साइंस, टेक्निकल एंड टेक्नोलॉजी विभाग के अंतर्गत गर्वनमेंट इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट में एसोसिएट प्रोफेसर के 539 पद, पॉलिटेक्निक प्रिंसिपल के 26 पद तथा गर्वमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रिंसिपल के 25 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। ऑफिशियल वेबसाइट bpsc.bihar.gov.in पर जाकर आवेदन किए जा सकते हैं।

एम्स जोधपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर ने असिस्टेंट प्रोफेसर (ग्रुप-ए) के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट aiimsjodhpur.edu.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

इंडियन ऑयल ने निकाली अप्रेंटिस पद के लिए भर्ती

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने 537 पदों पर अप्रेंटिस की भर्ती निकाली है। इसमें ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्नीशियन, डेटा एंट्री ऑपरेटर और डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर अप्रेंटिस शामिल हैं। यह भर्ती आईटीआई, डिप्लोमा और संबंधित योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन शामिल होगा। उम्मीदवार IOCL की ऑफिशियल वेबसाइट iocl.com या अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर जाकर अपने फॉर्म भर सकते हैं।

फैशन डिजाइनिंग में क्रिएटिविटी से कॅरियर का सुनहरा सफर

आज के दौर में फैशन डिजाइनिंग सिर्फ कपड़े और एक्सेसरीज बनाने तक सीमित नहीं है, यह एक उभरता हुआ कॅरियर विकल्प है, जिसके लिए क्रिएटिविटी, टेक्निकल नॉलेज और आधुनिक ट्रेंड्स की गहरी समझ जरूरी है। कपड़ों और एक्सेसरीज को डिजाइन करने उन्हें आधुनिकता, सौंदर्यशास्त्र और व्यक्तित्व के अनुरूप प्रस्तुत करने की इस कला में कॉन्सेप्ट डेवलपमेंट, स्केचिंग, फैब्रिक सेलेक्शन, पैटर्न मेकिंग से लेकर फाइनल गारमेंट प्रोडक्शन तक की पूरी प्रक्रिया शामिल होती है। बदलती जीवनशैली और ग्लोबल कनेक्टिविटी ने फैशन डिजाइनिंग क्षेत्र को लोकप्रिय विस्तार दिया है। यदि आपके भीतर क्रिएटिविटी, नए ट्रेंड्स सीखने की चाहत और अपनी पहचान बनाने का सपना है, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे सही विकल्प हो सकता है।

इन क्षेत्रों में बना सकते हैं कॅरियर

- फैशन डिजाइनर
- टेक्सटाइल डिजाइनर
- ज्वेलरी डिजाइनर
- फैशन कंसल्टेंट
- फैशन इलस्ट्रेटर
- पैटर्न मेकर
- स्टाइलिंग प्रोड्यूस
- ग्राफिक डिजाइन
- बुटीक या स्टार्टअप
- मर्चेंडाइजिंग, रिटेल सेक्टर
- एक्सपोर्ट-इंपोर्ट हाउस

यहां उपलब्ध है पढ़ाई

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में फैशन डिजाइनिंग कोर्स प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के अंतर्गत सफलतापूर्वक संचालित है।

- पीजी डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग, वर्ष 1992 से संचालित, प्रवेश योग्यता ग्रेजुएशन।
- बीवॉक फैशन डिजाइनिंग एंड गारमेंट टेक्नोलॉजी, वर्ष 2018 से संचालित, प्रवेश योग्यता इंटरमीडिएट।

क्यों चुनें यह कोर्स

- यह एक प्रोफेशनल कोर्स है, जिसे करने के बाद तुरंत इंटर्नशिप और जॉब से जुड़ सकते हैं।
- छात्र-छात्राएं चाहें तो स्वयं का स्टार्टअप या बुटीक भी शुरू कर सकते हैं।
- इस कोर्स से आप क्रिएटिव इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों में कदम रख सकते हैं।

लेखक : कमर अब्बास, अयोध्या

फ्लाइट अटेंडेंट एक रोमांचक और शानदार करियर

हवाई सेवाओं में विस्तार के साथ फ्लाइट अटेंडेंट जॉब के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।यह एक रोमांचक व शानदार करियर है, जिसमें उड़ान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करना होता है।फ्लाइट अटेंडेंट बनने के लिए 12वीं के बाद सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री कोर्स कर सकते हैं, जिनकी अवधि 6 महीने से 3 साल तक होती है। इन कोर्सेज में ग्राहक सेवा, सुरक्षा प्रक्रियाएं, आपातकालीन हैंडलिंग, और शारीरिक तैयारी सिखाई जाती है।

सर्टिफिकेट कोर्स

अवधि : 6 महीने से 1 साल तक.
कवर किए जाने वाले विषय : बेसिक सेफ्टी, ग्रूमिंग, कम्युनिकेशन, और इन-फ्लाइट सर्विसेस.
योग्यता : 12वीं कक्षा पास

डिप्लोमा कोर्स

अवधि : 6 महीने से 1 साल तक.
कवर किए जाने वाले विषय : इमरजेंसी हैंडलिंग, फर्स्ट ऐड, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, और एविएशन ऑपरेशंस की जानकारी.
योग्यता : 12वीं कक्षा पास।

डिग्री कोर्स

अवधि : 3 साल
कवर किए जाने वाले विषय : एविएशन इंडस्ट्री की थ्योरी और प्रैक्टिकल जानकारी, हॉस्पिटैलिटी, और मैनेजमेंट.
योग्यता : 12वीं कक्षा पास।
ट्रेनिंग के दौरान हवाई यात्रा से जुड़ी जरूरी जानकारियां, यात्रियों की देखभाल के तरीके, सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रोफेशनल व्यवहार की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है ।
शारीरिक योग्यता : उम्र 17 से 25 साल के बीच होनी चाहिए, अच्छी फिटनेस और न्यूनतम लंबाई (लड़कियों के लिए लगभग 155 सेमी और लड़कों के लिए लगभग 160 सेमी) होनी चाहिए।

प्रोफेशनल अंदाज

- फ्लाइट अटेंडेंट का मुख्य काम यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना होता है। वे फ्लाइट के दौरान यात्रियों को दिशा-निर्देश देते हैं, खाने-पीने की सेवा करते हैं। व्यवहार प्रोफेशनल और सौम्य होना जरूरी है।

कितनी होती सैलरी?

नियुक्ति के समय सैलरी लगभग 25,000 से 40,000 तक हो सकती है। जैसे-जैसे अनुभव बढ़ता है और आप इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर काम करने लगते हैं, सैलरी 60,000 से 1 लाख या उससे ज्यादा भी हो सकती है।

प्रतिभाओं की फैक्ट्री है एकेटीयू

लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) जिसे पहले यूपीटीयू के नाम से जाना जाता था, देश के सबसे बड़े तकनीकी विश्वविद्यालय के रुतबे के अनुरूप उपलब्धियों की भी बड़ी लकीर खींच रहा है। यह प्रदेश में स्थित सभी सरकारी और निजी संस्थानों में इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, फार्मेसी, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी के साथ एमबीए और एमसीए कार्यक्रमों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करता है। प्लेसमेंट का बेहतर रिकार्ड एकेटीयू का प्लेसमेंट रिकार्ड औसतन 75 फीसदी से अधिक है। पिछले वर्ष उच्चतम पैकेज 49 लाख प्रतिवर्ष था, जबकि औसत पैकेज 4 से 6 लाख है। विश्वविद्यालय में 14 हजार से ज्यादा आफर्स के सापेक्ष 13,898 छात्रों को प्लेसमेंट मिला था।

बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं

एकेटीयू ने बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरु की हैं। सातवें सेमेस्टर में 50 फीसदी और आठवें सेमेस्टर में पूरी तरह ऑनलाइन कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसका फायदा 2 लाख स्टूडेंट्स को मिलेगा। इसमें मूक्स (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) के जरिये छात्र सुविधानुसार कक्षाएं कर सकेंगे। मूक्स पर ज्यादातर इंडस्ट्री ओरिएंटेड और रोजगारपरक कोर्स उपलब्ध हैं।

स्थापना- वर्ष 2000
संबद्ध कॉलेज – 756+
कोर्स – 58
डिग्री,4391 पाठ्यक्रम
प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन, गेट, सीमैट, सीयूईटी यूजी तथा पीजी, कैट, एनएटीए

प्रमुख कोर्स

बीटेक – 04 वर्ष
पात्रता - न्यूनतम 45% अंकों के साथ 10+2
प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन –यूपीएसएसईई

बीबीए/बीसीए/बीकॉम/बीएससी – 03 वर्ष
पात्रता – 10+2
प्रवेश परीक्षा – सीयूईटी यूजी

पीजी, एमबीए, पीजीडीएम पाठ्यक्रमों में पंजीकरण

- पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी पीजी 2026 पंजीकरण प्रक्रिया जनवरी 2026 में शुरू हो सकती है। एमबीए, पीजीडीएम पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 दिसंबर, 2025 है।

बीआर्क – 05 वर्ष
पात्रता – 10+2
प्रवेश परीक्षा – एनएटीए
एमबीए/ एमसीए - 02 वर्ष
पात्रता - 50% अंकों के साथ स्नातक
प्रवेश परीक्षा – कैट, मैट, सीमैट
एमटेक – 02 वर्ष
पात्रता – बीटेक या बीई 50% अंकों के साथ
प्रवेश परीक्षा - गेट
पीएचडी- तय समयावधि
पात्रता – संबंधित विषय में परास्नातक डिग्री
प्रवेश परीक्षा- यूनिवर्सिटी लिखित परीक्षा व साक्षात्कार

एकेटीयू छात्रों के लिए नवीनतम तकनीक अपना रहा है। हमारे छात्र समाज और राष्ट्र की जरूरत के अनुरुप तेजी से कार्य कर रहे हैं। चाहे वह इंजीनियरिंग, कृषि में नवाचार या नई खोज हो या चिकित्सा क्षेत्र को और सुगम बनाना हो। विश्वविद्यालय में छात्रों के स्टार्टअप्स को समर्थन देने की पुख्ता व्यवस्था है। देश-विदेश की कंपनियों में प्लेसमेंट का रिकार्ड भी लगातार बेहतर हो रहा है।

-प्रो. जेपी पाण्डेय, कुलपति, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	80,567 .71	24,715 .05
बढ़त	409 .83	135 .45
प्रतिशत में	0 .51	0 .55

सोना- 1,07,070 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,26,100 प्रति किलो

अमृत विचार

अयोध्या, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

अर्बन कंपनी का आईपीओ 10 को, दर 98-103 रुपये

नई दिल्ली। मोबाइल ऐप आधारित सौंदर्य एवं घरेलू सेवा मंच अर्बन कंपनी ने अपने आगामी 1,900 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 98 से 103 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर कंपनी का मूल्यांकन 14,790 करोड़ रुपये आंका गया है। कंपनी ने बताया कि आईपीओ 10 सितंबर को खुलेगा और 12 को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक नौ सितंबर को बोली लगा सकते हैं। गुरुग्राम स्थित कंपनी नए शेयर बेचकर 472 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। मौजूदा निवेशकों की 1,428 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेचने की योजना हैं। बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत एक्सेल इंडिया और एलिवेशन कैपिटल, बेसेमर इंडिया कैपिटल होल्डिंग्स II लिमिटेड, इंटरनेट फंड वी प्राइवेट लिमिटेड और वीवाईसी11 लिमिटेड अपने शेयर बेचेंगे।

जियो फाइनेंशियल में 3,956 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (जेएफएसएल) ने कहा कि प्रवर्तक समूह की इकाइयों ने कंपनी के विस्तार के लिए 3,956 करोड़ की पूंजी डाली है। जेएफएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रवर्तक समूह के सदस्यों... सिक्का पोर्ट्स एंड टर्मिनल्स लि. और जामनगर यूटिलिटीज एंड पावर प्राइवेट लि. को 316 .50 रुपये प्रति वारंट की दर से 50 करोड़ वारंट आवंटित किए हैं। इससे कुल मिलाकर कंपनी को 3,956 .25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। दोनों कंपनियों को 316 .50 रुपये प्रति यूनिट की दर से 25-25 करोड़ वारंट आवंटित किए गए हैं।

विनिर्माण इकाइयों की समीक्षा को बनी समिति

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर 50% सीमा शुल्क लगाने के बीच विनिर्माण इकाइयों के लिए कर एवं निर्यात मंजूरी से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करने और व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने के उपाय सुझाने के लिये एक समिति गठित की है। अधिकारी ने कहा कि इस समिति में वित्त मंत्रालय, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य विभाग, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि शामिल हैं।

जीएसटी के दो स्लैब पर परिषद का मंथन

56वीं बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर होगा विचार-विमर्श, तेदेपा ने किया समर्थन

- विपक्षी दलों ने 40% की दर पर लगाया कोई भी कर राज्यों से साझा करने की मांग को दोहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श बुधवार को शुरू हो गया। प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 व 28% के कर स्लैब को हटाकर केवल पांच और 18% की दो कर दरें रखना प्रमुख है। कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40% की विशेष दर से कर लिया जाएगा।

पश्चिम बंगाल जैसे विपक्षी राज्यों ने मांग की है कि 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया गया कोई भी कर राज्यों के साथ साझा किया जाना चाहिए, ताकि उनके राजस्व घाटे की भरपाई की जा सके। विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों में हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। वहीं आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने कहा कि उनका राज्य केंद्र के जीएसटी दर प्रस्तावों का समर्थन कर रहा है।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सहयोगी है। केशव ने परिषद की बैठक से पहले पत्रकारों से कहा कि गठबंधन सहयोगी के तौर पर हम जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के केंद्र के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।

नई दिल्ली में 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव।

यह हो सकते हैं प्रस्तावित स्लैब में शामिल

12% की श्रेणी में आने वाली 99% वस्तुएं जैसे मक्खन, फलों के रस और सूखे मेवे 5% कर दर में आ जाएंगी। घी, मेवे, पीने का पानी (20 लीटर), नमकीन, कुछ जूते और परिधान, दवाइयां और चिकित्सकीय उपकरण जैसी आम इस्तेमाल की वस्तुएं, पेंसिल, साइकिल, छाते से लेकर हेयर पिन जैसी वस्तुओं को भी 5% के स्लैब में लाया जा सकता है। कुछ श्रेणी के टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की कीमतों में कमी होने की भी संभावना है, क्योंकि इन पर मौजूदा 28 की तुलना में 18% की दर से कर लगाया जा सकता है। वाहनों पर इस समय 28% की उच्चतम दर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू है, लेकिन अब उन पर अलग-अलग दरें लागू हो सकती हैं। शुरुआती स्तर की कारों पर 18% की दर लागू होगी जबकि एसयूवी व लक्जरी कारों पर 40% की दर लागू होगी। वहीं, 40% की दर तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर भी लागू होगी।

परिषद से पहले विपक्ष शासित राज्यों की बैठक सुधार एजेंडे को मंजूरी के लिए मुआवजे की मांग

नई दिल्ली। विपक्षी दल शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने जीएसटी परिषद की बैठक से पहले मुलाकात की और जीएसटी दर में बदलाव के बाद सभी राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्रियों ने पिछले सप्ताह बैठक की थी जिसमें 12 और 28% की स्लैब हटाने के बाद उनके राजस्व की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श किया गया था। दरों को युक्तिसंगत बनाने और राजस्व तटस्थता को संतुलित करने के उनके प्रस्ताव में मौजूदा कर भार को बनाए रखने के लिए प्रस्तावित 40% दर के अलावा अहितकर एवं विलासिता की वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का सुझाव दिया गया है।

झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अगर केंद्र का जीएसटी सुधार प्रस्ताव (स्लैब की संख्या कम करने) लागू होता है तो उनके राज्य को 2,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा। विपक्ष शासित राज्यों की बैठक के बाद किशोर ने कहा कि अगर केंद्र हमें होने वाले नुकसान की भरपाई करने पर सहमत होता है तो हमें परिषद के समक्ष एजेंडा को मंजूरी देने में कोई समस्या नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह मुद्दा मतदान के लिए आएगा क्योंकि संघीय ढांचे में राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई करना केंद्र की जिम्मेदारी है। इन राज्यों का तर्क है कि दरों में बदलाव और स्लैब खत्म करने से राजस्व में कमी आएगी। इससे पहले कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने कहा था कि प्रत्येक राज्य को अपने मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में 15-20 प्रतिशत की कमी आने की आशंका है।

भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

स्विट्जरलैंड ने कहा कि भारत और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। इसमें व्यापार व सतत विकास पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान होंगे।

स्विट्जरलैंड ने कहा, पहली बार, भारत ने मुक्त व्यापार समझौते में व्यापार और सतत विकास पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान तय किए हैं। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे तथा पॉलिश किए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति है। समूह ने जो 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, उसमें से 50 अरब डॉलर का निवेश 10 साल में और शेष 50 अरब डॉलर का पांच वर्षों में होगा। इससे भारत में दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में अपनी तरह का पहला समझौता है।

स्विट्जरलैंड ने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय आर्थिक लेन-देन के लिए कानूनी निश्चितता और भरोसे को बढ़ाता है। यह स्विस वस्तुओं और सेवाओं के लिए भारतीय बाजार तक पहुंच को भी बेहतर बनाता है। इस समझौते के तहत अनुबंध करने वाले पक्ष अन्य अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत अपने अधिकारों और दायित्वों की पुष्टि भी करेंगे। इनमें व्यापार, पर्यावरण, सामाजिक मामलों और मानवाधिकारों के क्षेत्रों में समझौते शामिल हैं।

- स्विट्जरलैंड ने कहा- भारत ने व्यापार समझौते में कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान किए तय

भेदिया कारोबार नियमों के अनुपालन के लिए बैंकों का आंतरिक नियंत्रण जरूरी : पांडेय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि भेदिया कारोबार नियमों का पालन करना बैंकों के प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है और ऐसे उल्लंघनों का पता लगाने एवं रोकने के लिए आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना होगा।

सेबी प्रमुख ने बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं सीईओ को संबोधित करते हुए कहा, भेदिया कारोबार का खतरा वहीं पनपता है, जहां नियंत्रण कमजोर होते हैं, प्रक्रियाएं अस्पष्ट रहती हैं, जिम्मेदारियां तय नहीं होतीं और निगरानी असंगत रहती है। बैंकों के भीतर का कमजोर नियंत्रण होना कई धोखाधड़ियों की जड़ है। भेदिया कारोबार वह स्थिति है जब किसी कंपनी से जुड़ा व्यक्ति कंपनी की सार्वजनिक रूप से अप्रकाशित जानकारी का इस्तेमाल कर शेयरों की खरीद-फरोख्त करता है और अनुचित लाभ कमाता है।

सेबी प्रमुख की यह टिप्पणी जून में इंडसइंड बैंक के शीर्ष अधिकारियों द्वारा भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन में जारी सेबी के अंतरिम आदेश की पृष्ठभूमि में आई है। नियामक ने पाया था कि बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और डिप्टी सीईओ भी थे, अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) का इस्तेमाल कर बैंक के शेयरों में लेनदेन कर रहे थे।

- सेबी प्रमुख बोले- नियमों का पालन करना बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी

सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 15 साल के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- मांग की स्थिति में पर्याप्त सुधार के बीच नए ऑर्डर एवं उत्पादन से मिला समर्थन

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह मांग की स्थिति में पर्याप्त सुधार के बीच नए ऑर्डर एवं उत्पादन में तेज वृद्धि से प्रेरित रही।

बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से अगस्त में 62.9 पर आ गया। यह जून 2010 के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

सर्वेक्षण के अनुसार, अगस्त के दौरान मांग में उल्लेखनीय सुधार ने नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की वृद्धि को 15 वर्ष में अपने उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा गतिविधि की वृद्धि दर 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर में बढ़ोतरी के दम पर यह जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गई। कीमतों के मोर्चे पर मुद्रास्फीति की दर नौ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस बीच, मांग में उछाल ने जुलाई 2012 के बाद से उत्पादन शुल्क में सबसे तेज वृद्धि को संभव बनाया। एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक जुलाई के 61.1 के मुकाबले अगस्त में 63.2 रहा। यह 17 वर्ष में विस्तार की सबसे तीव्र गति को दर्शाता है। भंडारी ने कहा कि अगस्त में समग्र पीएमआई 63.2 के 17 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो विनिर्माण एवं सेवा दोनों क्षेत्रों में मजबूत व्यापक-आधारित उत्पादन वृद्धि का संकेत देता है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है।

राष्ट्रीय

देशभर में बाढ़-बारिश बनी आफत

पहाड़ों से लेकर मैदानों तक बारिश और भूस्खलन का कहर, बचाव कार्य जारी

नई दिल्ली,एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी सहित देश के अन्य हिस्सों में हो रही मूसलाधार बारिश और नदियों के आए उफान से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक ओर दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तो दूसरी ओर पहाड़ी क्षेत्रों में तेज बारिश से भूस्खलन से कई लोगों की जान चली गई है।

दिल्ली में पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर बुधवार अपराह्न एक बजे यमुना नदी का जलस्तर 207 मीटर तक बढ़ने से निचले बाढ़ग्रस्त इलाकों से 7,500 से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। लोगों को 25 स्थानों पर बने राहत शिविर में पहुंचाया गया। जलस्तर बढ़ने से, जिला प्रशासन निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहा है और ओआरबी को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने बताया, हथिनीकुंड बैराज से 1.62 लाख क्यूसेक और वजीराबाद बैराज से 1.38 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर बढ़ा है।

वहीं, दिल्ली के झारोदा कलां इलाके में मंगेशपुर नाले का 50 फुट किनारा टूटने के बाद जलमग्न हुए निचले इलाकों से कई लोगों को रातभर चले अभियान में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकित सिंह ने कहा, बचाव कार्य जारी है। रात भर चले इस अभियान की निगरानी उन्होंने और एसीपी नजफगढ़ ने की। 30 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने जमीनी स्तर पर लोगों को निकालने का काम किया। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दिल्ली सरकार के आपदा प्रबंधन दलों जैसी एजेंसियों के समन्वय से निकासी कार्य अब भी जारी है।

जम्मू में भारी बारिश के कारण उफान पर बह रही तवी नदी।

दिल्ली के निचले इलाके में भरा यमुना का पानी।

जम्मू में बारिश से दो की मौत, सड़कें बंद

जम्मू/श्रीनगर। समूचे जम्मू कश्मीर में बुधवार को भारी बारिश से वर्षा जनित घटना में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई, जबकि बाढ़ग्रस्त अखनूर के गांव में 40 लोग फंस गए। अनंतनाग जिले में पुलिस ने भारी बारिश से जलस्तर बढ़ने से एक पुल के नीचे फंसे 25 बंजारा परिवारों को बचाया। बारिश से नदियों, नालों और छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ा है जो पहले से ही खतरे के निशान से ऊपर हैं, जबकि उधमपुर और बनिहाल के बीच कई जगह भूस्खलन होने से श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रमुख सड़कें दूसरे दिन भी बंद रहीं। खराब मौसम से घाटी और जम्मू क्षेत्र में शिक्षण संस्थान बंद रहे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मुख्यमंत्री ने स्थिति का आकलन करने के लिए बैठक की अध्यक्षता की। अब्दुल्ला ने प्रशासन से बचाव कार्य तेज करने और संवेदनशील इलाकों से समय पर लोगों की निकासी के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ में बाढ़ से चार की मौत

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक छोटे बांध का हिस्सा टूटने से आई बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई और तीन लापता हो गए। क्षेत्र में भारी बारिश के बाद धनेशपुर गांव में स्थित लुटी बांध में मंगलवार देर रात दरार आ गई, जिसके परिणामस्वरूप अचानक बाढ़ आ गई। एक महिला और उसकी सास समेत चार लोगों की उस समय मौत हो गई जब वे घरों में सो रहे थे। तीन लोग अब भी लापता हैं।

हरियाणा में मकान की छत गिरने से दो की मौत

कुरुक्षेत्र। भारी बारिश से बुधवार तड़के कमरे की छत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। शाहाबाद थाने के प्रभारी सुनील कुमार दत्त के अनुसार, घटना के समय उत्तर प्रदेश स्थित प्रतापगढ़ जिले के कुंडा क्षेत्र के छह मजदूर कमरे में सो रहे थे। हादसे के बाद संदीप और कुलदीप नाम के दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूसलाधार बारिश से उफनती मारकंडा नदी के पानी से शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं, जिसके बाद उपायुक्त और एसपी ने राहत कार्यों का निरीक्षण करने के लिए शाहबाद का दौरा किया।

हिमाचल के अधिकारियों को तैयार रहने का निर्देश

शिमला। हिमाचलके पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने भारी बारिश के मद्देनजर पुलिस को बचाव, राहत और यातायात अभियान को मजबूत करने, अपने कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय एवं आपदा प्रतिक्रिया एजेंसियों के साथ समन्वय में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने पुलिस और होमगार्ड कर्मियों की सुरक्षा और तत्परता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। तिवारी ने सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों, उप महानिरीक्षकों, एसपी और कमांडिंग अधिकारियों को बचाव और यातायात प्रबंधन के लिए पुलिस बल की तैयारियों को मजबूत करने का निर्देश दिया है।

पंजाब में स्कूल, कॉलेज सात सितंबर तक बंद

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने बुधवार को राज्य में बाढ़ की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सात सितंबर तक बंद रखने की घोषणा की। इस संबंध में पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार, बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, पंजाब भर के सभी सरकारी/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा पॉलिटेक्निक सात सितंबर, 2025 तक बंद रहेंगे। बैंस ने कहा, सभी से स्थानीय प्रशासन के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने का अनुरोध है।

नक्सलियों के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता। छत्तीसगढ़ के करेंगुट्टा पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और 'कोबरा' बल के जवानों को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के दौरान जवानों द्वारा दिखाई बहादुरी और पराक्रम को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरे के बावजूद, सुरक्षा बलों ने अभियान चलाया और प्रमुख नक्सल बेस कैंप को नष्ट किया। गृह मंत्री ने कहा कि करेंगुट्टा पहाड़ी पर से नक्सलियों के सामग्री भंडार और आपूर्ति श्रृंखला को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने बहादुरी से नष्ट कर दिया। निपशुपतिनाथ से तिरुपति तक फैले पूरे क्षेत्र में 6.5 करोड़ लोगों के जीवन में एक नया सूर्योदय हुआ है। मोदी सरकार नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान घायल हुए सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है और उनका जीवन आसान बना रही है।

नई दिल्ली में ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के बाद सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा कर्मियों को सम्मानित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

20 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 11 पर कुल 33 लाख का इनाम था। पुलिस ने बताया कि 20 नक्सलियों में से नौ महिलाएं हैं, जिनमें पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन नंबर 1 की एक सदस्य भी है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि उन्होंने खोखली माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों और प्रतिबंधित संगठन में बढ़ते आंतरिक मतभेदों से निराशा का हवाला देते हुए वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले लोग राज्य सरकार की नियाद नेल्लनार (आपका गांव) योजना से भी प्रभावित थे।

दुष्कर्म का मामला: पीड़िता ने किया गलतफहमी का दावा अदालत ने आरोपी को छोड़ा

कोलकाता। कोलकाता की अदालत ने दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को शिकायतकर्ता के इस दावे के बाद बरी कर दिया कि उसने कुछ गलतफहमी के कारण शिकायत दी थी। महिला ने 24 नवंबर, 2020 को शिकायत दी थी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। अदालत द्वारा जमानत पर रिहा किए जाने तक उसे 51 दिन सलाखों के पीछे बिताने पड़े थे।

महिला ने शिकायत में कहा कि वह 2017 से उस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी। आरोपी ने शादी का वादा किया, जिसके भरोसे पर महिला उसके साथ साल्ट लेक के होटल में रुकी, जहां उनके बीच संबंध बने। अगली सुबह इस व्यक्ति ने उससे शादी करने से इन्कार कर दिया और भाग गया। प्राथमिकी के आधार पर इस व्यक्ति को 25 नवंबर, 2020 को गिरफ्तार किया गया और 14 जनवरी, 2021 को अदालत द्वारा जमानत देने तक वह जेल में रहा। आरोपी ने बेगुनाही का दावा करते हुए सभी आरोपों से इन्कार किया था। सुनवाई के दौरान महिला ने दावा किया कि पुरुष के साथ गलतफहमी से उसने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और उसे इसके अलावा कुछ भी याद नहीं है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो वोटर आईडी: भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) हैं और राहुल गांधी ऐसे आपराधिक कृत्यों से खुद को अलग नहीं कर सकते। इससे पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि खेड़ा के पास दो वोटर आईडी हैं और राहुल गांधी अपनी पार्टी की वोटों की चोरी को बचाने और छिपाने के लिए बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इन आरोप पर कांग्रेस, खेड़ा या उनकी पत्नी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर लिखा, तेलंगाना के खैरताबाद विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार और पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा के पास भी दो सक्रिय ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) हैं। एक खैरताबाद में पंजीकृत है और दूसरा नई दिल्ली में। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट है कि कांग्रेस नेताओं के पास कई ईपीआईसी नंबर हैं और वे एक से ज्यादा जगहों पर पंजीकृत हैं। यह कोई संयोग नहीं है। मालवीय ने आरोप लगाया कि वोट चोरी में लिप्त लोग ही जनता को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बदनाम कर रहे हैं और हमारी संस्थाओं को कमजोर कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी अपने ही खेमे के भीतर इन आपराधिक कृत्यों से खुद को मुक्त नहीं कर सकते, खासकर सार्वजनिक पद पाने के इच्छुक लोगों और उनके 'आंतरिक गुट' के सदस्यों से जुड़े मामलों से। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी से इस पर जवाब देने की मांग की।

- भाजपा आईटी सेल के प्रवक्ता ने कहा- राहुल गांधी ऐसे आपराधिक कृत्यों से खुद को अलग नहीं कर सकते

वर्ल्ड ब्रीफ

पाकिस्तान: विस्फोट में 13 की मौत, 31 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान सूबे में मंगलवार को हुए एक जोरदार धमाके में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 31 घायल हो गए। सूबे के स्वास्थ्य मंत्रालय प्रवक्ता वसीम बेग ने हताहतों की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। ये विस्फोट सूबे की राजधानी क्वेटा के शाहवानी स्टेडियम इलाके में एक राजनीतिक सम्मेलन के पास हुआ। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट एक आत्मघाती बम विस्फोट प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

सीरिया: हवाई अड्डे के पास जोरदार विस्फोट

दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक पूर्व सैन्य अड्डे पर शक्तिशाली विस्फोट हुआ। सरकारी अखबार अल-थावरा ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि बुधवार को यह विस्फोट हवाई अड्डे के पास युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के कारण हुआ, जबकि सीरियाई विपक्षी अखबार शाम टीवी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि यह विस्फोट एक इज़रायली ड्रोन द्वारा सैन्य अड्डे को निशाना बनाने के कारण हुआ। फिलहाल विस्फोट के कारण तत्काल किसी के हताहत होने के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।

दक्षिण कोरिया में छुरा घोंपकर तीन को मारा

सोल। दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में बुधवार को एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर चाकू से हमला किया। घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां तीनों लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी सोल के एक रेस्टोरेंट में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 :57 बजे एक व्यक्ति ने दो अन्य पुरुषों और एक महिला को छुरा घोंप दिया गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहाँ तीनों की मौत हो गई। हमलावर ने इसके बाद आत्महत्या के प्रयास किया। वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

अफगानिस्तान में 1400 से ज्यादा हुए मृतक

जलालाबाद। संयुक्त राष्ट्र ने पूर्वी अफगानिस्तान में आए भूकंप में हताहतों की संख्या में और वृद्धि की चेतावनी दी है। वहीं, तालिबान प्रशासन ने कहा कि भूकंप में मरने वालों की संख्या 1,400 से अधिक हो गई और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने जो आंकड़े दिए हैं, वे सिर्फ कुनार प्रांत के हैं। रविवार रात आए 6 .0 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने कई प्रांतों को हिलाकर रख दिया, जिससे भारी तबाही हुई।

ब्रिटेन में दो कारों की टक्कर से तेलंगाना के दो छात्रों की मौत

लंदन, एजेंसी

- गणेश विसर्जन यात्रा से लौट नौ छात्रों का दल, पांच घायल

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के एसेक्स में एक गोल चक्कर पर दो कारों की टक्कर में तेलंगाना के दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह घटना सोमवार तड़के रेले स्पर गोल चक्कर पर हुई। दुर्घटना में चैतन्य तार्रे (23) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 21 वर्षीय ऋषि तेजा रपोलू ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। एसेक्स पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय कार चला रहे पूर्वी लंदन के दो पुरुषों को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। एसेक्स पुलिस ने एक बयान में कहा, मामले में जांच जारी है। ब्रिटेन स्थित 'नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन' ने एक बयान जारी कर छात्रों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र अपने साथियों के साथ गणेश विसर्जन समारोह से लौट रहे थे। एनआईएसएयू ने एक बयान में कहा, हम ब्रिटेन के एसेक्स में हुई सड़क दुर्घटना से बहुत दुखी हैं जिसमें तेलुगु समुदाय के नौ छात्र शामिल थे। इस दुर्घटना में दो युवा छात्र, चैतन्य तार्रे और ऋषि तेजा रपोलू की मौत हो गई।

सिर पर मंडराने लगा बड़ा खतरा

हिमालयी झीलों का विस्तार

हाल ही में जारी हुई एक रिपोर्ट में देश में 432 हिमालयी हिमनद झीलों का विस्तार होने की चिंताजनक खबर दी गई है। इस वजह से इन झीलों को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा गया है, साथ ही उनकी बेहद सतर्क निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणालियां स्थापित करने पर जोर दिया गया है। इन झीलों का विस्तार कितना खतरनाक हो सकता है, इसका अंदाजा जून 2013 केदारनाथ के पास चोराबारी झील के टूटने की घटना से लगाया जा सकता है जिसमें मंदाकिनी घाटी बुरी तरह से बर्बाद हो गई थी और केदारनाथ से कुंड तक 10 वर्ग किमी तक इलाके का नक्शा बदल गया था। हिमनद झीलें पिघलते ग्लेशियरों के कारण बनने वाली ये प्राकृतिक झीलें हैं। हिमनद झील में विस्फोट हमेशा विनाशकारी होता है। इससे आई बाढ़ अचानक और भारी मात्रा में पानी छोड़ती है जो निचले इलाकों में भारी तबाही का कारण बनती है।

कहां- कितनी हिमनद झीलें

जून 2025 की रिपोर्ट के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में सर्वाधिक 197 हिमनद झीलें हैं। इसके बाद लद्दाख में 120, जम्मू कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल प्रदेश में छह और उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलें हैं।

कैसे होता है निर्माण

- हिमनद अपने प्रवाह के दौरान चट्टानों को घिसते हैं, जिससे दरारें और घाटियां बनती हैं। ग्लेशियर पीछे हटता है तो अपने साथ लाई गई सामग्री को जमा कर देता है, जिससे प्राकृतिक बांध बन जाता है।
- जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलता है, उसका पानी इन दरारों और घाटियों में इकट्ठा हो जाता है। जब तक कोई रिसाव या अस्थिरता न हो, पिघला हुआ पानी जमा होता रहता है और झील का निर्माण करता है।

झीलों के विस्तार के कारण

- जलवायु परिवर्तन के कारण हिमनदों का तेजी से पिघलना शुरू हो गया है, इससे नई झीलें बन रही हैं और मौजूदा झीलों का आकार बढ़ रहा है।
- हिमालय जैसे सक्रिय भूवैज्ञानिक क्षेत्रों में भूकंपीय गतिविधि से भूस्खलन और चट्टानों के गिरने से झीलें बन सकती हैं या मौजूदा झीलें बढ़ सकती हैं।

हिमनद झीलों का आकार

- कुछ झीलें छोटी होती हैं,उनका क्षेत्रफल एक हेक्टेयर से भी कम होता है, जैसे उत्तराखंड में वसुधारा झील जिसका आकार 0 .50 हेक्टेयर है।
- बड़ी झीलों में बहुत पानी होता है। जून 2013 में उत्तराखंड में चोराबारी झील फटी तो 10 मिनट में ही 262 मिलियन लीटर पानी छोड़ दिया था।

हिमनद झीलें खतरनाक क्यों

- झील विस्फोट सबसे बड़ा खतरा है जो तब होता है जब झील को रोकने वाला प्राकृतिक हिमोढ़ बांध या बर्फ की परत टूट जाती है।
- झीलों के तटबंध मिट्टी, चट्टान, बर्फ और मलबे से बने होते हैं जो कॉम्पैक्ट नहीं होते। हिमस्खलन, भूस्खलन या भूकंप से टूट जाते हैं।
- एक बार बांध टूटने पर झील का सारा पानी अचानक और तेजी से बह निकलता है। इसे हिमनद झील विस्फोट कहा जाता है।
- भारी मात्रा में मलबे-पानी के साथ ये बाढ़ घाटियों में निचले इलाकों, गांवों-शहरों में पहुंचकर विनाशकारी तबाही मचा सकती है।

स्थिति की गंभीरता

- भारत में हिमनद झीलों के क्षेत्रफल में 2011 से 2025 के बीच 30% से अधिक वृद्धि हुई है जिससे काफी खतरा बढ़ गया है।
- लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में कई उच्च जोखिम वाले क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं।
- कई उच्च जोखिम वाली झीलों में पर्याप्त निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणाली का अभाव है, इसे और ज्यादा खतरनाक माना जा रहा है।

भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश, खुद कर रहा जीरो टैरिफ की मांग

ट्रंप ने कहा- भारत से अच्छे संबंध मगर काफी समय से एकतरफा रहा है ये रिश्ता

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत की वजह से अमेरिका को व्यापार में नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत ने अब 'जीरो टैरिफ' की पेशकश की है।

ट्रंप ने मंगलवार को रेडियो शो 'द स्कॉट जेनिंग्स शो' पर बातचीत में कहा, भारत हमारे खिलाफ टैरिफ लगाता है। चीन हमारे खिलाफ बहुत टैरिफ लगाता है। ब्राजील भी ऐसा करता है। उन्होंने कहा, भारत सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाला देश रहा है लेकिन अब उन्होंने मुझे भारत में जीरो टैरिफ की पेशकश की है। ट्रंप ने पिछले महीने भारतीय उत्पादों के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इस तरह 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लग रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्हें टैरिफ लगाने की प्रक्रिया और उसके प्रभाव को लेकर दुनिया में सबसे अच्छी समझ है। उन्होंने कहा, मैं टैरिफ को दुनिया के किसी भी दूसरे व्यक्ति से कहीं बेहतर समझता हूं। मेरे टैरिफ लगाने के बाद वे अपने टैरिफ को घटा रहे हैं। भारत तो सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाला देश रहा है। और अब भारत में कोई भी टैरिफ न लगाने की पेशकश मेरे सामने की गई है। ट्रंप ने कहा, अगर मैंने टैरिफ नहीं लगाए होते तो वे कभी ऐसा प्रस्ताव नहीं रखते। आपको टैरिफ लगाने ही होते हैं। इस तरह हम आर्थिक रूप से सशक्त बनने जा रहे हैं।

उन्होंने बाद में व्हाइट हाउस में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि भारत के साथ अमेरिका के संबंध अच्छे हैं लेकिन यह रिश्ता लंबे समय तक 'एकतरफा' ही रहा क्योंकि अमेरिका पर भारत 'भारी टैरिफ ' लगाता रहा। भारत पर लगाए गए उच्च टैरिफ में कुछ कटौती की संभावना के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, भारत से हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं लेकिन वर्षों तक यह रिश्ता एकतरफा रहा। भारत हम पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता था और यही वजह रही कि हमारा व्यापार वहां नहीं हो रहा था।

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में अपने सहयोगियों के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

हार्ले डेविडसन पर 200% टैरिफ का दिया उदाहण

ट्रंप ने कहा कि भारत की ओर से लगाए गए टैरिफ की वजह से अमेरिकी कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा। हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल पर 200 प्रतिशत टैरिफ के कारण अमेरिकी कंपनी को भारत में संयंत्र लगाना पड़ा था। अमेरिका ने पहले कोई टैरिफ नहीं लगाया था लेकिन भारत अपने उत्पाद अमेरिकी बाजार में भेजता रहा, जिससे घरेलू उत्पादन प्रभावित हुआ। भारत ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगाए गए उच्च टैरिफ को 'अनुचित और असंगत' बताते हुए कहा है कि किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह वह भी अपने राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच वस्तु व्यापार 131.8 अरब डॉलर रहा था जिसमें भारत ने 86 .5 अरब डॉलर का निर्यात किया था जबकि अमेरिका से उसका आयात 45 .3 अरब डॉलर रहा था।

अमेरिकी सांसद ने कहा- भारत कम करेगा रूस से तेल आयात

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। दक्षिण एशिया में दो सप्ताह के खुफिया मिशन पर गए एक प्रभावशाली अमेरिकी सांसद ने दावा किया कि उनकी भारत यात्रा से इस बात के शुरुआती संकेत मिले कि भारत रूसी तेल का आयात कम कर सकता है। यह यूक्रेन में रूस के आक्रमण की क्षमता को कमजोर करने की दिशा में सार्थक कदम होगा। कांग्रेस सदस्य ब्रायन फिट्जपैट्रिक के साथ सदन की खुफिया समिति की सदस्य क्रिसी हौलाहन भी हाल ही में भारत, नेपाल और पाकिस्तान को कवर करने वाले मिशन पर थीं। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के सभी वैश्विक परिचालनों की देखरेख करने वाले फिट्जपैट्रिक ने कहा, भारत में बातचीत में संकेत मिले हैं कि सरकार रूसी तेल का आयात कम करेगी। यह रूस के आक्रमण क्षमता को कमजोर करने और हमारे साझेदारों को स्वतंत्रता के मुद्दे के साथ जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम होगा।

थाईलैंड में निचले सदन को भंग करने की सिफारिश

बैंकॉक। थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचायी ने बुधवार को कहा कि उनकी कार्यवाहक सरकार ने संसद के निचले सदन को भंग करने की सिफारिश की है जिसकी वजह से समय से पहले आम चुनाव हो सकते हैं।

फुमथाम ने पत्रकारों से बात करते हुये इस बात की पुष्टि है कि प्रतिनिधि सभा को भंग करने का आदेश मंगलवार को राजा महा वजीरालोंगकोर्न को प्रेषित कर दिया है और अब शाही मंजूरी का इंतजार है। मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए श्री फुमथाम ने कहा कि देश में आर्थिक क्षेत्र में भविष्य में गिरावट को रोकने के लिए राजनीतिक स्थिरता बहाल करना आवश्यक है।

इजराइल ने अपने परमाणु कार्यक्रम स्थल पर तेज किया निर्माण कार्य

दुबई, एजेंसी

- विशेषज्ञों ने परमाणु हथियारों नया संयंत्र बनाने का जताया शक

इजराइल के संदिग्ध परमाणु हथियार कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र पर एक प्रमुख नई संरचना का निर्माण कार्य तेज हो गया है। उपग्रह चित्रों के विश्लेषण के आधार पर विशेषज्ञों ने यह जानकारी सार्वजनिक की है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक नया परमाणु ऊर्जा संयंत्र अथवा परमाणु हथियार बनाने की सुविधा हो सकती है लेकिन इस कार्यक्रम में गोपनीयता के कारण निश्चित रूप से कुछ भी जानना मुश्किल है। डिमोना शहर के निकट शिमोन पेरेज नेगेव परमाणु अनुसंधान केंद्र में किए गए कार्य से पश्चिम एशिया के एकमात्र परमाणु-हथियार संपन्न देश के रूप में व्यापक रूप से इजराइल की मान्यता प्राप्त स्थिति पर सवाल खड़े होंगे।

इसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना भी हो सकती है, खासकर इसलिए क्योंकि जून में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाकर बमबारी की थी। दोनों देशों को डर था कि ईरान अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने के लिए कर सकता है। जिन स्थलों पर हमला किया गया उनमें अराक स्थित ईरान का एक 'हेवी वॉटर रिएक्टर' भी शामिल था। चित्रों का विश्लेषण करने वाले सात विशेषज्ञों ने कहा कि उनका मानना है कि यह निर्माण कार्य इजराइल के लंबे समय से संदिग्ध परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबंधित है।

रूस ने यूक्रेन पर 500 से ज्यादा ड्रोन-मिसाइलें दागीं

कीव, एजेंसी

रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 500 से अधिक ड्रोन और दो दर्जन मिसाइलें दागीं। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेता यूक्रेनी सुरक्षा को मजबूत करने और अब तक अमेरिकी नेतृत्व वाले असफल शांति प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखे हुए हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के हमले के मुख्य लक्ष्य नागरिक बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से ऊर्जा सुविधाएं थीं। उन्होंने कहा कि रूस ऊर्जा सुविधाओं को सर्दी से पहले निशाना बनाकर अपने पड़ोसी को परेशान करने की आक्रामक नीति पर काम कर रहा है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमलों में मुख्य रूप से पश्चिमी और मध्य यूक्रेन को निशाना बनाया गया और कम से कम पांच लोग घायल हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लड़ाई रोकने के प्रयासों के बावजूद, हाल के महीनों में नागरिक क्षेत्रों पर रूसी हवाई हमले तथा 1,000 किमी अग्रिम पंक्ति में यूक्रेनी सुरक्षा को ध्वस्त करने के रूसी सेना के प्रयासों में कमी नहीं आई है।

- जेलेंस्की ने की विश्व के नेताओं से समर्थन की मांग

चीन के विजय दिवस पर आयोजित परेड मेंमहिला और पुरुष सैन्य कर्मियों ने सम्मिलित रूप से हिस्सा लिया।

विजय दिवस परेड में चीन ने दुनिया को दिखाई ताकत

बीजिंग। विजय दिवस समारोह के मौके पर आयोजित सैन्य परेड में बुधवार को हाइपरसोनिक, लेजर और लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों सहित अत्याधुनिक साजो सामान का पहली बार प्रदर्शन कर चीन ने दुनिया और खासकर अमेरिका को अपनी ताकत दिखाई। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि उनके देश का कायाकल्प निर्बाध जारी रहेगा।

द्वितीय विश्वयुद्ध में जापानी के विरुद्ध चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित भव्य परेड में शी ने कहा, चीन कभी किसी भी धौंस से नहीं डरता और आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों के संदर्भ में यह बात कही। शी ने सेना से राष्ट्रीय पुनरुद्धार के लिए रणनीतिक सहयोग तथा विश्व शांति में अधिक योगदान का आह्वान किया। अमेरिका के बाद चीन का सबसे बड़ा रक्षा बजट है। इस साल इसका वार्षिक रक्षा बजट 250 अरब अमेरिकी डॉलर का है।

परेड में प्रदर्शित इन हथियारों पर टिकीं दुनिया की निगाहें

- परेड में प्रदर्शित एक बहुचर्चित नया हथियार था एलवाई-1 लेज़र हथियार। आठ पहियों वाले एचजेड-155 बख्तरबंद ट्रक पर लगा यह लेजर हथियार दुश्मन के हथियारों और उपकरणों के ऑप्टिकल सेंसर को प्रभावी ढंग से नष्ट कर सकता है। चीनी रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि यह हथियार समुद्र में चीन की ताकत में और इजाफा करेगा।
- चीन ने पहली बार एक नए प्रकार की डीएफ-5सी तरल-ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय सामरिक परमाणु मिसाइल का प्रदर्शन किया। इस मिसाइल की अनुमानित मारक क्षमता 20,000 किमी से अधिक है और यह लक्ष्य को भेदने और सटीकता के मामले में भी श्रेष्ठ है। यह मिसाइल पूरी दुनिया में कहीं भी निशाना साध सकती है।
- पहली हवाई-प्रक्षेपित परमाणु मिसाइल जेएल-1 का अनावरण। यह मॉडल प्रदर्शन पर मौजूद पनडुब्बी से प्रक्षेपित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जेएल-3 से काफ़ी छोटा है। दावा है कि ये दोनों मिसाइलें डीएफ-61 और डीएफ-31 के साथ थल, जल और वायु त्रिकोणीय रणनीतिक परमाणु शक्ति का पहला केंद्रित प्रदर्शन है।

कूटनीतिक शक्ति का भी प्रदर्शन

परेड में चीन ने कूटनीतिक शक्ति भी दिखाई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग समेत 26 विदेशी नेताओं ने इसमें भाग लिया। भारत के पड़ोसी देशों से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के केपी शर्मा ओली, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने परेड में मौजूद थे। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

ट्रंप ने कसा तंज, लगाया अमेरिका के खिलाफ साजिश का आरोप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के विजय दिवस समारोह पर आयोजित परेड के मौके पर चीन को बधाई दी लेकिन इसके साथ ही तंज कसते हुए अमेरिका के ख़िलाफ़ 'साज़िश' रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने एक पोस्ट किया, जिसमे कहा- बड़ा सवाल यह है कि क्या चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उस भारी समर्थन और 'रक्त' का ज़िक्र करेंगे जो अमेरिका ने चीन को विदेशी आक्रमणकारी से आज़ादी हासिल करने में मदद करने के लिए दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन और किम की अमेरिका के खिलाफ़ कथित तौर पर साज़श रचने के लिए भी आलोचना की। उन्होंने कहा, "व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, क्योंकि आप दोनों अमेरिका के खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 सितंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 5 सितंबर 04 .08 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- शरद। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 23 .44 तक श्रवण तत्पश्चात।

मेष — आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ मिलेगा। युवा जातक अपने करियर को लेकर अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे।

वृष — आज नई उपलब्धियां मिलने से आप उत्साहित रहेंगे। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए अत्यंत शुभ रहेगी। जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

मिथुन — आज नया काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। आपके काम समय पर पूरे न होने से नुकसान होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में परेशानी होगी। गरिष्ठ भोजन करने से आपको बचना चाहिए।

कर्क — आज दांपत्य संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। रिश्तेदारों के माध्यमों से आपको धन-लाभ हो सकता है। विदेश में रहने वाले लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलने की संभावना है।

सिंह — आज आपकी प्रतिभा की कार्यक्षेत्र में प्रशंसा होगी। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। काम की अधिकता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। घर की मरम्मत की योजना बना सकते हैं।

कन्या — आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी। पैतृक धन-संपदा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने की संभावना है। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे। संतान की उन्नति से आपका मन प्रसन्न होगा।

तुला — आज आपको बुद्धि-विवेक से काम करना चाहिए। आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए। अपना व्यवहार किसी के प्रति खराब न करें। अपनी कार्यक्षमता पर ध्यान रखें। हृदय रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है।

वृश्चिक — आज आप अपने काम को लेकर समर्पित रहेंगे। आप अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। आपकी कोई महत्वाकांक्षा पूर्ण हो सकती है। आप अत्यधिक परिश्रम करेंगे। धार्मिक कार्यों और गूढ़ विषयों में आप रुचि लेंगे।

धनु — आज मित्रों के साथ छोटी सी बात पर झगड़ा हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। रिश्तेदारों के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। खर्चीली वृत्ति के कारण आपकी बचत पर बुरा असर पड़ेगा।

मकर — आज रुकी हुई पेमेंट आपको वापस मिल सकती है। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों को यात्रा करनी पड़ेगी। मनोरंजन में आप काफी समय बिताएंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद कम होंगे।

कुंभ — आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। सरकारी जॉब करने वाले लोगों को परेशानी होगी। बेरोजगारों के ऊपर परिवार का दबाव बढ़ेगा। अति-आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का आकलन करने में चूक कर सकते हैं।

मीन — आज आप ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

सुडोकू-89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5				7		8	
		2		9				5
	8			2		4		
4	3							8
							9	
6				3				1
	4	9				3		
5				4		2		
	7		6				5	

सुडोकू - 88 का हल

1	7	6	9	8	4	2	5	3
9	8	2	3	6	5	4	1	7
3	4	5	2	1	7	6	8	9
7	5	8	6	3	2	1	9	4
6	2	9	5	4	1	7	3	8
4	3	1	7	9	8	5	2	6
2	1	3	4	7	9	8	6	5
8	9	4	1	5	6	3	7	2
5	6	7	8	2	3	9	4	1

वह प्रतिष्ठित एशेज शृंखला में खेलने के लिए जो कुछ भी जरूरी हो वो करेंगे। मैं तब तक टेस्ट मैच में नहीं उतरूंगा जब तक कि मुझे यह नहीं लगे कि मैं टेस्ट मैच को खत्म कर सकता हूं।
-पैट कमिंस, ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान

स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

गुवाहाटी में भोगेश्वर बरुआ राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के दौरान फोटो सेशन कराती हुईं डबल ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर व एथलीट हिमा दास।

द. अफ्रीका ने मेसो को टीम में शामिल किया

जोहान्सबर्ग : सत्रह वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो को इस महीने के अंत में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। इस साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने वाली मेसो ने अब तक दो एकदिवसीय और पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। मेसो 2023 और 2025 में दो अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने के बाद अपने पहले सीनियर विश्व कप में हिस्सा लेंगी। टीम में पूर्व कप्तान डेन वैन नीकर्क शामिल नहीं हैं जिन्होंने संन्यास के अपने फैसले को पलटकर वापसी का फैसला किया था।

सुम्मी कालीरमन पर दो साल का प्रतिबंध

नई दिल्ली : भारत की 2021 विश्व अंडर 20 चैंपियनशिप में चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले कांस्य विजेता टीम की सदस्य सुम्मी कालीरमन को 2024 में किए गए उनके डोपिंग अपराध के लिए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने 22 वर्षीय सुम्मी को पिछले वर्ष तब अस्थायी तौर पर निलंबित किया था जब उनका प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमीफीन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया था। नाडा के नवीनतम अपडेट के अनुसार उन पर प्रतिबंध की अवधि पिछले वर्ष 14 अक्टूबर से शुरू हो गई है।

कमिंस की नजरें एशेज में वापसी पर

सिडनी : ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वह प्रतिष्ठित एशेज शृंखला में खेलने के लिए जो कुछ भी जरूरी हो वह करेंगे। कमिंस कमर की चोट से जूझ रहे हैं जो उन्हें संभवत: जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान काम के अधिक बोझ के कारण लगी थी। कमिंस न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज और एशेज से पहले शेफील्ड शील्ड मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे। इस 32 साल के तेज गेंदबाज को हालांकि उम्मीद है कि वह 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। कमिंस ने बुधवार को क्रिकेट .कॉम .एयू' से कहा मैं तब तक टेस्ट मैच में नहीं उतरूंगा जब तक कि मुझे यह नहीं लगे कि मैं टेस्ट मैच को खत्म कर सकता हूं।

किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति हो

लंदन, एजेंसी

● इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने दिया सुझाव

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने सुझाव दिया है कि टेस्ट क्रिकेट में टीमों को 160 ओवर के भीतर किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, जबकि मौजूदा नियम के अनुसार 80 ओवर के बाद ही नई गेंद लेनी होती है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से 2018 में संन्यास लेने वाले कुक ने कहा कि इस बदलाव से खेल के सबसे बड़ा प्रारूप अधिक रोमांचक और रणनीतिक हो जाएगा।

उन्होंने स्टिक टू क्रिकेट पॉडकास्ट के दौरान कहा मैं टेस्ट क्रिकेट में एक नया नियम जोड़ना चाहूंगा। आप 160 ओवरों में जब चाहें नई गेंद ले सकते हैं। आपको उन 160 ओवरों के लिए दो नई गेंदें मिली हैं और आप जब चाहें दूसरी गेंद ले सकते हैं। आप चाहें तो 30 ओवर के बाद नई गेंद ले सकते हैं। इंग्लैंड के एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इसी पॉडकास्ट पर कहा कि क्रिकेट में भी अन्य खेलों की तरह किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी उतारने का प्रावधान होना चाहिए।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई भारत-इंग्लैंड सीरीज का उदाहरण दिया, जिसमें ऋषभ पंत ने पांव में फ्रैक्चर होने के बावजूद बल्लेबाजी की, जबकि उनकी जगह फील्डिंग करने के लिए उतरे ध्रुव जुरेल ने केवल विकेटकीपिंग की। वॉन ने कहा मान लीजिए कि मैच की पहली पारी में ऋषभ पंत के हाथ में चोट लग जाती है। वह बल्लेबाजी तो कर सकते हैं, लेकिन विकेटकीपिंग नहीं कर सकते। मौजूदा नियमों के अनुसार भारत ध्रुव जुरेल जैसे किसी अन्य विकेटकीपर को तब तक नहीं उतार सकता, जब तक वह कन्कशन (सिर में चोट लगने पर बेहोशी की स्थिति) का मामला न हो।

सबसे खुशी का पल दर्दनाक बन गया : कोहली

बेंगलुरु, एजेंसी : भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में चार जून को हुई भगदड़ के बारे में कहा है कि यह उनकी टीम का सबसे खुशी का दिन हो सकता था जो 11 लोगों की मौत के बाद दर्दनाक बन गया। आरसीबी के 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जश्न के लिये ढाई लाख प्रशंसकों के जमा होने के बाद भगदड़ मच गई थी। कोहली ने आरसीबी के एक्स हैंडिल पर कहा आप कभी भी इस तरह दिल तोड़ने वाली घटना का सामना नहीं करना चाहते। जो हमारी टीम के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया उन्होंने कहा मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों और चोटिल हुए अपने प्रशंसकों के बारे में सोचता हूं और प्रार्थना करता हूं। आपकी क्षति अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम मिलकर सावधानी, सम्मान और जिम्मेदारी से आगे बढ़ेंगे। घटना की आधिकारिक जांच में बताया गया कि इस अराजकता का कारण उचित मंजूरी का अभाव और अत्यधिक भीड़ थी, जो फ्रेंचाइजी द्वारा सोशल मीडिया पर भेजे गए निमंत्रणों के कारण उमड़ी थी। पुलिस ने स्वीकार किया कि दर्शकों को नियंत्रित करने के लिए उनके पास संख्या बल बहुत कम था और जांच में आरसीबी को प्रशंसकों को बड़ी संख्या में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

हॉकी एशिया कप में भारत और द. कोरिया के बीच मुकाबला ड्रा

सुपर-4 के महत्वपूर्ण मैच में दोनों टीमों ने किए 2-2 गोल

राजगीर (बिहार), एजेंसी

हॉकी एशिया कप के सुपर-4 में भारत और साउथ कोरिया के बीच मैच ड्रॉ हो गया। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को स्कोर 2-2 से बराबर रहा। तीसरे क्वार्टर तक 2-1 से पिछड़ने के बाद भारत को मनदीप सिंह ने 52वें मिनट में गोल कर बराबरी दिलाई।

हार्दिक सिंह ने 8वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल किया था। कोरिया के लिए 12वें मिनट में यांग जिहुन और 14वें मिनट में किम ह्योन्होंग ने गोल दागे। भारत का अगला मैच मलेशिया से गुरुवार को होगा। वहीं साउथ कोरिया का मुकाबला चीन से होगा। मलेशिया ने सुपर-4 में चीन को हराकर अपना पहला मैच जीत लिया है। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज में अपने तीनों मैच जीते। टीम ने चीन को 4-3 और जापान को 3-2 से हराया। भारत ने आखिरी ग्रुप मैच में एकतरफा अंदाज में कजाकिस्तान पर 15-0 की जीत भी हासिल की।

भारतीय टीम : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), कृष्ण बहादुर पाठक (गोलकीपर), संजय, अमित रोहिदास, सुमित, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, रजिंदर सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह।

भारत के हार्दिक सिंह गोल करने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते हुए। एजेंसी



एशिया कप में चीनी ताइपे के गोलकीपर को छकाते हुए गोल करने का प्रयास करते जापान के हॉकी खिलाड़ी। एजेंसी

जापान ने चीनी ताइपे को हराया

■ जापान की हॉकी टीम ने बुधवार को हीरो एशिया कप 2025 में पांचवे से आठवें स्थान के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को हरा दिया। आज यहां बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम में खेले गए हीरो एशिया कप 2025 के मुकाबले में जापान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 2-0 से शिकस्त दी। मैच की शुरुआत से ही जापान ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले क्वार्टर में योंसूके शिनोहारा के किये गये दो गोलों की बदौलत से बढ़त बनाई और इसके बाद जापान की रक्षापंक्ति और गोलकीपर कुरोदा किशो ने अगले तीनों क्वार्टर में चीनी ताइपे को कोई गोल नहीं करने दिया। जापान की टीम अब पांचवें और छठे स्थान के लिए सात सितंबर को होने वाले मुकाबले में चार सितंबर के मैच बंगलादेश बनाम कजाकिस्तान की विजेता टीम से खेलेगी। चीन ताइपे अब सातवें और आठवें स्थान के लिए चार सितंबर के मैच की हारी हुई टीम से खेलेगा। सातवें और आठवें स्थान के लिए मुकाबला छह सितंबर को खेला जाएगा।

मेंडिस की तूफानी पारी से श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को दी शिकस्त

हरारे (जिम्बाब्वे) : कामिंडु मेंडिस की नाबाद 41 रन की तूफानी पारी से श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को पहले टी-20 मुकाबले में बुधवार को पांच गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दे दी। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (81) और कप्तान सिकंदर रजा (28) के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन श्रीलंका ने 191 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाकर जीत अपने नाम की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका को पथुम निसंका और कुसल मेंडिस ने 96 रन की शानदार शुरुआत दी। निसंका ने 55 और मेंडिस ने 38 रन बनाये। लेकिन इसके बाद श्रीलंका ने विकेट गंवाए और 17 ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 142 रन हो गया। कामिंडु मेंडिस ने मात्र 16 गेंदों में चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 41 रन ठोके और श्रीलंका को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। दुशान हेमंता ने नौ गेंदों में नाबाद 14 रन बनाकर कामिंडु मेंडिस का अच्छा साथ दिया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर कर श्रीलंका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में तड़िवनाशे मारुमानी (सात) का विकेट गंवा दिया। छठे ओवर में महीश तीक्षणा ने शॉन विलियम्स (14) को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई।

बीसीसीआई अध्यक्ष पद का चुनाव होगा सबसे दिलचस्प

नई दिल्ली, एजेंसी

● सितंबर के अंत में होने वाली वार्षिक आम बैठक में कुछ शीर्ष पद दांव पर लगे होंगे

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सितंबर के अंत में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कुछ शीर्ष पद दांव पर लगे होंगे। इसमें बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल चेयरमैन का पद शामिल है। आईपीएल के मौजूदा अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल पूरे होने के बाद तीन साल के अनिवार्य (कूलिंग ऑफ) ब्रेक पर जाने की पूरी संभावना है। उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में कई नामों पर चर्चा हो रही है। फिलहाल देवजीत सैकिया अपने पद पर बने रहेंगे जिन्होंने संयुक्त सचिव (दो साल और तीन महीने) और सचिव (नौ महीने) के तौर पर कुल मिलाकर तीन साल पूरे कर लिए हैं। संयुक्त सचिव रोहन गौंस देसाई और प्रभतेज भाटिया भी अपने पद पर बने रहेंगे जिनका पदाधिकारी के रूप में यह पहला साल है।

आईपीएल अध्यक्ष पद के लिए मुंबई क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव संजय नाइक और वर्तमान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के नाम चर्चा में हैं, हालांकि अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अगर कांग्रेस नेता शुक्ला एक बार फिर आईपीएल अध्यक्ष बनते हैं, तो बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और राज्य के भाजपा नेता राकेश तिवारी बीसीसीआई उपाध्यक्ष पद के दावेदार बन सकते हैं। एजीएम सितंबर के आखिरी हफ्ते में होने की उम्मीद है। सिर्फ कुछ पद ही दाव पर होंगे और इस साल के चुनाव बीसीसीआई के अपने नियमों के अनुसार होंगे। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम लागू होने में अभी कुछ समय लग सकता है जिससे बीसीसीआई इतना लंबा इंतजार नहीं करेगा। जुलाई में अपना 70वां जन्मदिन पूरा कर चुके रोजर बिन्नी दोबारा नहीं चुने जा सकते।

किसी बड़े भारतीय खिलाड़ी को चाहते हैं हितधारक

■ बीसीसीआई अध्यक्ष के चुनाव पर सबकी नजर है। हितधारक बिन्नी की जगह किसी बड़े भारतीय खिलाड़ी को चाहते हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया महत्वपूर्ण हितधारकों के बीच यह धारणा है कि एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर को हमेशा अध्यक्ष चुना जाना चाहिए। सौरव गांगुली एक सम्मानित भारतीय कप्तान थे और रोजर बिन्नी भारत के पहले विश्व कप विजेता नायक थे। हालांकि कितने प्रतिष्ठित क्रिकेटर इस शीर्ष पद काबिज होने में दिलचस्पी लेंगे, यह एक बड़ा सवाल है।

भारतीय मुक्केबाजों को करना होगा कड़ी चुनौती का सामना

लिवरपूल (इंग्लैंड), एजेंसी

भारतीय मुक्केबाज गुरुवार से यहां शुरू हो रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पिछली बार के प्रदर्शन में सुधार या उसकी बराबरी करने के उद्देश्य से रिंग पर उतरेंगे, लेकिन उनकी राह आसान नहीं होगी। क्योंकि उन्हें दुनिया के शीर्ष स्तर के मुक्केबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व मुक्केबाजी की नई शासी संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के तत्वावधान में किया जाएगा और इसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग के मुकाबले एक साथ होंगे।

भारत ने 2023 में नई दिल्ली में आयोजित की गई महिला चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष टीम ने इसी साल ताशकंद में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक हासिल किए थे। इसके बाद हालांकि

● लिवरपूल में आज से शुरू हो रही है विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

बड़ी प्रतियोगिताओं में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय मुक्केबाज इस वर्ष के शुरू में विश्व मुक्केबाजी कप से अच्छा प्रदर्शन करके लौटे हैं, लेकिन विश्व चैंपियनशिप का स्तर काफी ऊंचा होता है जिसमें 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

इनमें पेरिस ओलंपिक के 17 पदक विजेता भी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता से दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन और तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन एक साल के अंतराल के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगी।

टीम

■ **महिला :** मीनाक्षी हुडा, निकहत ज़रीन, साक्षी, जैस्मीन लेम्बोरिया, संजू खत्री, नीरज फोगट, सनामाचा चानू, लवलीना बोरगोहेन, पूजा रानी, नुपुर श्योराण। **पुरुष :** जदुमणि सिंह मंडेंगबाम, पवन बर्तवाल, सचिन सिवाच, अभिनाश जामवाल, हितेश गुलिया, सुमित कुंडू, लक्ष्य चाहर, जुगनू अहलावत, हर्ष चौधरी, नरेंद्र बेरवाल।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी को टूर्नामेंट से पहले असम जातीय विद्यालय में प्रदर्शित किया गया। एजेंसी

अल्काराज और जोकोविच के बीच होगी सेमीफाइनल में टक्कर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने जिरि लेहेका को 6- 4, 6-2, 6-4 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। यहां उनका सामना 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच से होगा।

दो साल पहले यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से अल्काराज हार्डकोर्ट पर पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच ने उन्हें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था। अगर अल्काराज अमेरिकी ओपन खिताब जीतते हैं तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनेर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जाएंगे। जोकोविच

कार्लोस अल्काराज व नोवाक जोकोविच।

ने टूर्नामेंट में आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में हराया और जीतने के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी। जोकोविच ने 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। पिछले साल के उपविजेता फ्रिट्ज के खिलाफ जोकोविच का जीत का रिकॉर्ड 11-0 का है। जोकोविच रिकॉर्ड 53वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जिसमें से फ्लशिंग मीडोज पर 14वीं बार उन्होंने अंतिम चार में जगह बनाई।

महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपने कैरियर के दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह पिछले साल यहां फाइनल में एरिना सबालेंका से हार गई थी। इस बार सबालेंका से उनका सामना सेमीफाइनल में होगा क्योंकि मार्केटा वोंड्रूसोवा ने चोट के कारण सबालेंका को वॉकओवर दे दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में, फ्रेंच ओपन के तीसरे और विंबलडन के पहले दौर से बाहर होने वाली पेगुला बिना कोई सेट गंवाये अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सेरेना विलियम्स के बाद पहली महिला खिलाड़ी हैं।

भांबरी पहली बार ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क : युकी भांबरी अपने कैरियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जिन्होंने माइकल वीनस के साथ अमेरिकी ओपन पुरुष युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई।

भारत के भांबरी और न्यूजीलैंड के वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्रावीत्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी को एक घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना क्रोएशिया के निकोला मेकटिच और अमेरिका के राजीव राम से होगा। 33 वर्ष के युकी कभी पहले दौर से आगे नहीं जा सके थे। युगल में वह इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन के तीसरे दौर तक पहुंचे। इस बीच प्रतिभाशाली माया राजेश्वरन जूनियर वर्ग के दूसरे दौर में ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से से हारकर बाहर हो गई।

एशिया कप की तैयारी | कैप्टन कूल की छवि से प्रेरित हैं फातिमा सना

धोनी जैसा बनना चाहती हैं पाकिस्तानी कप्तान

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने जा रही फातिमा सना भारत के विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हैं और उन्हीं की तरह 'कैप्टन कूल' बनने की ख्वाहिश भी रखती हैं। अप्रैल में हुए क्वालीफायर्स में अपराजेय रहने वाली पाकिस्तानी टीम भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज दो अक्टूबर को कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ करेगी।

तेईस वर्ष की फातिमा ने लाहौर से भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने पर शुरू में थोड़ा नर्वस होना लाजमी है लेकिन मैं बतौर कप्तान

फातिमा सना। एजेंसी

महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हूं। उन्होंने कहा मैंने उनके भारत के कप्तान के तौर पर और आईपीएल मैच देखे हैं। वह जिस तरह मैदान पर फैसले लेते हैं, शांत रहते हैं और अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। जब मुझे कप्तानी मिली थी तभी मैंने सोचा था कि धोनी की तरह बनना है। उनके इंटरव्यू भी देखे तो काफी कुछ सीखने को मिला। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली जबकि फातिमा ने छह मई 2019 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

महिला वनडे विश्व कप में पाकिस्तान पांच बार (1997, 2009, 2013, 2017 और 2022 में) खेला है लेकिन 1997, 2013 और 2017 में एक भी मैच नहीं जीत सकी। पिछली बार 2022 में एकमात्र जीत हैमिल्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली लेकिन बाकी सारे मैच हारकर टीम आखिरी स्थान पर रही थी। पाकिस्तान के लिए 34 वनडे में 397 रन बनाने और 45 विकेट लेने वाली हरफनमौला फातिमा को यकीन है कि इस बार यह मिथक टूटेगा।

सेमीफाइनल तक पहुंचने का लक्ष्य

■ फातिमा सना ने कहा इस बार यकीनन यह मिथक टूटेगा क्योंकि युवा खिलाड़ियों को पता है कि पाकिस्तान महिला क्रिकेट के लिए यह टूर्नामेंट कितना अहम है। हम अतीत के बारे में नहीं सोचेंगे। मेरा लक्ष्य टीम को सेमीफाइनल तक ले जाना है। उन्होंने कहा पाकिस्तान में लड़कियां अब स्कूलों में क्रिकेट खेलने लगी है और अंतर्राष्ट्रीय मैच लाइव दिखाये जा रहे हैं। आईसीसी ने भी महिला विश्व कप के लिये पुरस्कार राशि बढाकर बहुत अच्छी पहल की है जिससे पाकिस्तान जैसे देश में महिला क्रिकेट को फायदा मिलेगा। लेकिन अभी भी एक बैरियर है जो हमें तोड़ना है।